हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

# चयनित पेट्रोल पंपों पर भी मिलेगा केरोसिन, दिल्ली,हरियाणा पंजाब सहित 21 राज्यों में होगी सप्लाई

राज्यों में जरूरत के हिसाब से मिट्टी के तेल की सप्लाई की जा सकेगी

यह फैसला ईरान युद्ध के कारण प्रभावित ऊर्जा सप्लाई को देखते हुए लिया गया

## ऊर्जा संकट के बीच सरकार का बड़ा फैसला, केरोसिन नियमों में दी ढील, सप्लाई बढ़ाने का रास्ता खोला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

होर्मुज संकट और पश्चिम एशिया में तनाव के कारण एलपीजी सप्लाई पर दबाव बढ़ने के बीच सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने केरोसिन यानी मिट्टी के तेल की सप्लाई तेज करने के लिए पेट्रोलियम नियमों में ढील दी है। इसका मकसद है कि लोगों को खाना बनाने और रोशनी के लिए परेशानी न हो और तुरंत वैकल्पिक ईंधन उपलब्ध कराया जा सके। सरकार ने कहा कि पेट्रोलियम सुरक्षा और लाइसेंस से जुड़े नियम आसान किए गए हैं, ताकि केरोसिन की तेजी से सप्लाई हो सके। 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इसे लागू किया गया है। इसके तहत




पेट्रोल पंपों को भी केरोसिन स्टोर और बेचने की अनुमति दी गई है। यह फैसला अस्थायी तौर पर 60 दिनों के लिए लागू रहेगा। सरकार ने इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के पंपों को केरोसिन बेचने की अनुमति दी है। हर चयनित पेट्रोल पंप पर 5,000 लीटर तक केरोसिन रखा जा सकेगा। हर जिले में दो पंपों को इसके लिए चुना जा सकता है, ताकि सप्लाई तेजी से लोगों तक पहुंचे। यह व्यवस्था दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और गुजरात समेत 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू की गई है। खासतौर पर उन इलाकों पर ध्यान दिया गया है, जिन्हें पहले केरोसिन-मुक्त घोषित किया गया था। अब जरूरत के हिसाब से वहां फिर से केरोसिन सप्लाई शुरू की जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली,चंडीगढ़,हरियाणा,पंजाब,दादरा और नागर हवेली-दमन और दीव,पुदुचेरी,आंध्र प्रदेश,अंडमान और निकोबार द्वीप समूह,राजस्थान,उत्तर प्रदेश,गोवा, गुजरात,उत्तराखंड,लक्षद्वीप,जम्मू और कश्मीर,लद्दाख,तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश,नागालैंड,मध्य प्रदेश एवं सिक्किम।

### *48,000 किलोलीटर अतिरिक्त केरोसिन दिया*

*सरकार ने राज्यों को नियमित सप्लाई के अलावा 48,000 किलोलीटर अतिरिक्त केरोसिन दिया है। इससे तुरंत जरूरत पूरी की जा सकेगी। साथ ही राशन की दुकानों के जरिए भी केरोसिन बांटा जाएगा और ग्रामीण इलाकों को प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार ने एलपीजी पर दबाव कम करने के लिए कोयला और केरोसिन जैसे विकल्प भी बढ़ाए हैं। कोयला मंत्रालय ने भी राज्यों को ज्यादा कोयला देने का आदेश दिया है। साथ ही पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है, ताकि लोगों को स्थायी समाधान मिल सके। सरकार ने कहा है कि नियमों में ढील के बावजूद सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाएगा। निगरानी कड़ी रखी जाएगी, ताकि केरोसिन का गलत इस्तेमाल न हो। सरकार का कहना है कि यह कदम सिर्फ मौजूदा संकट से निपटने के लिए है और हालात सामान्य होने पर समीक्षा की जाएगी।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
आरआर सीएसके
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### नक्सलमुक्त भारत पर लोकसभा में आज चर्चा!



**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को देश को वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से मुक्त करने के प्रयासों पर चर्चा होगी। नक्सलवाद को खत्म करने के लिए सरकार द्वारा दी गई 31 मार्च की समय सीमा समाप्त होने से एक दिन पहले यह चर्चा होगी। लोकसभा सचिवालय ने 'देश को वामपंथी

### ममता ने कहा- मेरी जान को खतरा, साजिश की बू




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में चुनावी माहौल के बीच ममता बेनर्जी ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाए कि उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है, यहां तक कि उनकी जान को भी खतरा हो सकता है।

### फर्जी बम धमकी, आरोपी मैसूरु से गिरफ्तार



**मैसुरु।** दिल्ली पुलिस ने सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों और अदालतों को फर्जी बम धमाकों की धमकी भरे संदेश भेजकर दहशत फैलाने के आरोप में रविवार को मैसूरु से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान श्रीनिवास के रूप में हुई है। वह शहर के वृंदावन लेआउट



न्यूयार्क में ट्रंप के खिलाफ जुटे लाखों लोग

ट्रंप का भारी विरोध, 'नो किंग्स' रैलियों में शामिल हुए लाखों लोग

## ईरान के साथ युद्ध को लेकर अमेरिका से यूरोप तक फैला ट्रंप का भारी विरोध

# 90 लाख लोगों ने कहा- ट्रंप को रोकिए... वे 'किंग' नहीं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

*मिनेसोटा के अलावा न्यूयॉर्क, वाशिंगटन, लॉस एंजिल्स, शिकागो और सैन फ्रांसिस्को जैसे बड़े शहरों में हजारों प्रदर्शनकारियों ने हिस्सा लिया*

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर हमले को लेकर बुरी तरह फंस गए हैं। यूएस समेत पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और मानवता को वे तबाह करने पर आमादा हैं। इस बात से चिंतित अमेरिका ही नहीं यूरोप भी सड़कों पर आने लगा है। ये लोग कह रहे हैं कि ट्रंप कोई राजा नहीं हैं, जो मनमाना बर्ताव कर रहे हैं। इनको रोकना होगा। इनकी सनक को रोकना होगा। अन्यथा, दुनिया की बर्बादी तय हो जाएगी। शनिवार को अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 'नो किंग्स' यानी 'कोई राजा नहीं' के बैनर तले हजारों रैलियां हुईं। यूरोप, लैटिन अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में भी लोग सड़कों पर

▶▶ शेष पेज 5 पर

सभी 50 राज्यों में 3,100 से अधिक कार्यक्रम रजिस्टर्ड किए गए



यूरोप, लैटिन अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में भी लोग सड़कों पर उतरे

ट्रंप व उनके समर्थक देशों के प्रमुखों के पुतले

### उल्टा झंडा यानी ऐतिहासिक संकट का संकेत

सेंट पॉल में मिनेसोटा कैपिटल के लॉन और आस-पास की सड़कों पर हजारों लोग कंधे से कंधा मिलाकर खड़े थे। कुछ लोगों के हाथों में अमेरिका के उलटे झंडे थे, जो ऐतिहासिक रूप से संकट का संकेत माना जाता है। अमेरिकी आयोजकों का अनुमान है कि 90 लाख लोग इन विरोध प्रदर्शनों में शामिल हुए। आयोजकों

▶▶ शेष पेज 5 पर

शेयर बाजार का बुरा हाल

### 7 बड़ी कंपनियों के 1.75 लाख करोड़ डूबे

**नई दिल्ली।** युद्ध के बीच बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार के निवेशकों के लिए किसी झटके से कम नहीं रहा। देश की सबसे मूल्यवान टॉप-10 कंपनियों में से सात को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। चंद दिनों के भीतर ही इन दिग्गज कंपनियों की कुल मार्केट वैल्यू (बाजार पूंजीकरण) में से 1.75 लाख करोड़ रुपए साफ हो गए। पूरे हफ्ते के कारोबार पर नजर डालें तो बीएसई का प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 949.74 अंक यानी 1.27 प्रतिशत लुढ़क गया।

### दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी भीषण नाराजगी

**1 ग्रीस**

राजधानी एथेंस में अमेरिकी दूतावास के बाहर युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। यह अमेरिका में चल रहे 'नो किंग्स' आंदोलन के समर्थन में था।




**2 इटली**

राजधानी रोम में लोगों ने कई बड़े नेताओं के पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू,

▶▶ शेष पेज 5 पर



**3 फ्रांस**

राजधानी पेरिस में एक महिला स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी के रूप में तैयार होकर प्रदर्शन में शामिल हुई। पेरिस, लंदन और लिस्बन जैसे

▶▶ शेष पेज 5 पर




सरकार के पास पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक

## 94000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर भारत आ रहे दो और बड़े-बड़े जहाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच जंग के बीच होर्मुज संकट के मध्य भारत के लिए राहत भरी खबर है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने रविवार को बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय का हवाला देते हुए बताया कि लगभग 94,000 मीट्रिक टन एलपीजी कार्गो ले जाने वाले दो एलपीजी वाहक- बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम सुरक्षित रूप से होर्मुज कर चुके हैं



एआई इमेज

और भारत के तटों की ओर बढ़ रहे हैं। एक आधिकारिक बयान में विवरण साझा करते हुए, इसने आगे कहा कि बीडब्ल्यू टीवाईआर 31 मार्च को पहुंचने की अपेक्षित समय के साथ मुंबई की ओर बढ़ रहा है,और

▶▶ शेष पेज 5 पर

पीएम मोदी को फोन किया और मिल गया तेल

## 38 हजार मीट्रिक टन तेल भारत ने श्रीलंका भेजा, राष्ट्रपति ने कहा-शुक्रिया

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

ईरान युद्ध के बाद पैदा हुए उर्जा संकट के बीच तेल भेजने के लिए श्रीलंका ने भारत का धन्यवाद किया है। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने कहा है कि भारत ने 38,000 मीट्रिक टन पेट्रोलियम सप्लाई भेजकर हमें मुश्किल से निकाला, जिसके लिए हम आभारी हैं। श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने रविवार को बताया कि उनकी इस मुद्दे पर भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी से बात हुई थी। इसके कुछ ही दिन में भारत से



फाइल फोटो

मदद आ गई है। अनुरा कुमारा दिसानायके ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा कि कुछ दिन पहले मैंने पीएम नरेंद्र मोदी से बात की थी। मेरी उनसे श्रीलंका को मध्य-पूर्व के संघर्ष के कारण ईंधन आपूर्ति में आ रही रुकावटों पर चर्चा हुई थी। इसके बाद कल कोलंबो में 38,000 एमटी ईंधन पहुंच

▶▶ शेष पेज 5 पर

## केरलम में पीएम मोदी का अलग अंदाज



### धोती पहन मशहूर ड्रम 'चेंडा' पर आजमाया हाथ

एजेंसी ▶▶ पल्लकड़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को केरल दौरे पर रहे। उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में पलक्कड़ में जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करने से पहले उन्होंने केरल के मशहूर ड्रम 'चेंडा' पर हाथ आजमाया। पीएम मोदी ने

▶▶ शेष पेज 5 पर

हवा में ही था इंडिगो का विमान

## इमरजेंसी गेट खोलने लगा शख्स पकड़ा तो बोला- 'भूत ने करवाया'

शनिवार रात को बेंगलुरु से वाराणसी जा रही फ्लाइट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शनिवार रात को बेंगलुरु से वाराणसी जा रही इंडिगो फ्लाइट 6ई-185 में एक यात्री ने दो बार इमरजेंसी एग्जिट डोर खोलने की कोशिश की। यात्री मोहम्मद अदनान ने पहली बार उड़ान भरने के 15 मिनट बाद और दूसरी बार लैंडिंग से ठीक पहले, जब विमान 500 फीट की



अदनान (आरोपी)

ऊंचाई पर था, दरवाजा खोलने का प्रयास किया। दूसरी कोशिश के बाद पायलट ने लैंडिंग रद्द कर दी और विमान 10:35 बजे सुरक्षित उतरा, जिसके बाद अदनान को सुरक्षाकर्मियों के हवाले कर दिया गया। पूछताछ में अदनान ने पहले



फाइल फोटो

भूत चढ़ने का बहाना बनाया, फिर कहा कि उसे नहीं पता था कि वह हैंडल इमरजेंसी एग्जिट का है। इस घटना से विमान में मौजूद सभी यात्री डर गए और हड़कंप मच गया। प्रोटोकॉल के तहत अदनान को तुरंत एयरलाइन सिक्योरिटी और सीआईएसएफ के हवाले कर दिया गया। पुलिस को सूचना देकर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। अदनान ने कहा कि वह गोवा से छुट्टियां मनाकर लौट रहा था और उसे नहीं पता था कि वह हैंडल इमरजेंसी एग्जिट का है।

नई सरकार का शासन में सुधार के लिए 100 सूत्रीय एजेंडा

# बालेन का ऐलान, नेपाल में छात्र राजनीति पर बैन

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के नए प्रधानमंत्री बालेंद्र (बालेन) शाह ने शपथग्रहण के बाद शासन में सुधारों का 100 सूत्रीय एजेंडा पेश किया है। इसके तहत उन्होंने अपनी पहली कैबिनेट की बैठक में नेपाल की शिक्षा व्यवस्था में कई बड़े बदलावों की घोषणा की है। शाह की सरकार ने नेपाल के स्कूलों और विश्वविद्यालयों में राजनीतिक दलों से जुड़े छात्र संगठनों पर रोक लगा दी है। प्रधानमंत्री के निर्देश पर नेपाली अधिकारियों ने ऐसे समूहों को निर्देश दिया है कि वे एक तय समय-सीमा के भीतर कैंपस से अपनी मौजूदगी हटा लें। छात्रों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए, सरकार 90 दिनों के भीतर

▶▶ शेष पेज 5 पर

### नेपाल सरकार ने जारी किया आदेश

नेपाल सरकार के दस्तावेज में कहा गया है, प्रशासन को राजनीति-मुक्त करना। सभी सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए राजनीतिक दलों से जुड़ाव पर रोक लगाई जाएगी और पक्षपातपूर्ण ट्रेड यूनियनों को खत्म किया जाएगा। इसमें आगे यह भी कहा गया है, कैंपस से राजनीतिक छात्र संघों को हटाया जाएगा और 90 दिनों के भीतर उनकी जगह गैर-राजनीतिक 'छात्र परिषदें' बनाई जाएंगी। सरकार का दावा है कि यह घोषणा इस लक्ष्य के साथ की गई है कि राजनीतिक दखल को खत्म करके छात्रों की असली आवाज सुनी जा सके।



### *पांच दिन की हिरासत में ओली, देशभर में प्रदर्शन*

*नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को रविवार को काठमांडू जिला न्यायालय ने पांच दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।*

### 5वीं क्लास तक कोई परीक्षा नहीं

नेपाल के स्कूलों-कॉलेजों में शैक्षणिक अव्यवस्था को दूर करने के लिए अब विश्वविद्यालयों को शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार ही परीक्षा के नतीजे प्रकाशित करने होंगे। इसके अलावा नेपाली विश्वविद्यालयों में एडमिशन के लिए नागरिकता प्रमाणपत्र की जरूरत

▶▶ शेष पेज 5 पर

### एम्स से पढ़ीं निशा नेपाल की स्वास्थ्य मंत्री



दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान से संबद्ध नर्सिंग महाविद्यालय की पूर्व छात्रा निशा मेहता को नेपाल का स्वास्थ्य मंत्री नियुक्त किया गया है। एम्स दिल्ली ने एक बयान में कहा, यह उल्लेखनीय उपलब्धि संस्थान और संपूर्ण नर्सिंग समुदाय के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। मेहता का रोगी की देखभाल करने से लेकर नीति-निर्माण में महत्वपूर्ण

▶▶ शेष पेज 5 पर

# चार करोड़ से ज्यादा की अवैध ड्रग्स जब्त, नाबालिग समेत पांच दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की एएनटीएफ टीम ने संगठित ड्रग नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में 4.5 करोड़ से ज्यादा की अवैध ड्रग्स जब्त की गई हैं। नाबालिग समेत पांच आरोपी पकड़े गये हैं। इनसे 3.539 किलो अल्प्राजोलम टैबलेट और 1.709 किलो ट्रामाडोल टैबलेट और कैप्सूल बरामद हुये हैं।



डीसीपी राहुल अलवाल के अनुसार राजधानी में नशीले पदार्थों के खतरे को रोकने के उद्देश्य से क्राइम ब्रांच की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स लगातार सक्रिय कार्रवाई कर रही है। सबसे पहले 17 मार्च को उत्तर-पूर्वी जिले में ड्रग्स की एक खेप की आवाजाही के संबंध में विश्वसनीय खुफिया जानकारी प्राप्त हुई थी। शिव विहार तिराहा, जौहरीपुर रोड पर जाल बिछाकर एक नाबालिग समेत दो लोगों को पकड़ा। बालिग आरोपी का नाम नितिन पाठक (20) पता चला। उसके पास से 11,900 (1.912 किलो) अल्प्राजोलम टैबलेट व 825 (0.491 किलो) ट्रामाडोल टैबलेट बरामद हुई। आगे की कार्रवाई में भोपुरा में एक मेडिकल स्टोर पर छापा मारा गया और प्रेम सिंह यादव की गिरफ्तारी हुई। मेडिकल स्टोर से 2,250 (1.218 किलो) ट्रामाडोल कैप्सूल और बरामद किए गए। प्रेम सिंह यादव (30) को 19 मार्च को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद 21 मार्च को शालू कुमार की गिरफ्तारी हुई। शालू के रिमांड के दौरान उसके घर पर छापा मारा गया। गहन तलाशी के दौरान 11,955 अल्प्राजोलम टैबलेट (1.627 किलो) बरामद की गई। 23 मार्च को शालू कुमार के खुलासे के बाद संजय सिंह की गिरफ्तारी हुई। चार लोगों की गिरफ्तारी और बड़ी खेप में बरामदगी इस कार्टेल के संगठित और बड़े पैमाने पर काम करने के तरीके को दिखाता है।

## खबर संक्षेप

### अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह से जुड़ा आरोपी ओडिशा से पकड़ा

**नई दिल्ली।** पूर्वी जिला पुलिस ने एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में ओडिशा से एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता को गिरफ्तार किया गया है। ओडिशा के कंधमाल जिले के निवासी 28 वर्षीय आरोपी आकाश कुमार दिगल को राज्य के वन क्षेत्रों और कई स्थानों पर उसकी गतिविधियों पर नजर रखने के बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस इसे 28 मार्च को दिल्ली लेकर आई। कल्याणपुरी थाने में दर्ज एक मामले के सिलसिले में इसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आकाश के बारे में जानकारी एक पुराने मामले की जांच के दौरान मिली थी। दरअसल पुलिस ने 12 मार्च को गाजियाबाद से मादक पदार्थ के दो कथित आपूर्तिकर्ताओं अकबर और फिरोज खान को 21 किलो से अधिक गांजे और 46 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान खान ने खुलासा किया था कि प्रतिबंधित सामान दिगल से प्राप्त किया गया था।

### चोरी के 83 मोबाइल बांग्लादेश पहुंचने से पहले ही जब्त

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंज-1 ने अंतरराज्यीय चोरी के मोबाइल फोन रैकेट में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यमुना विहार में छापा मारकर इनसे 83 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किये गये। गिरफ्तारी के समय आरोपी इन मोबाइल फोन को पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश भेजने की तैयारी में जुटे थे। पुलिस के अनुसार 27 मार्च को इंस्पेक्टर आशीष शर्मा द्वारा यमुना विहार से संचालित हो रहे एक अंतरराज्यीय गिरोह की गतिविधियों के संबंध में जुटाई गई विशिष्ट और विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम तुरंत हरकत में आई। संवेदनशील स्थान और भीड़ जमा होने के जोखिम के बावजूद अधिकारियों ने पूरी तरह से पेशेवर रवैया बनाए रखा। उन्होंने किराए के परिसर की तीसरी मंजिल पर सावधानीपूर्वक छापा मारा। तलाशी लेने पर उन्होंने विभिन्न प्रीमियम ब्रांडों के 83 चोरी के मोबाइल फोन से भरा एक सीलबंद गत्ते का डिब्बा बरामद किया। घटनास्थल पर मौजूद दो आरोपियों सावेज और फरदीन को रंगे हाथों दबोच गया।

# रोहित गोदारा व गोल्डी बराड़ गिरोह का शूटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने रोहित गोदारा-गोल्डी बराड़-वीरेंद्र चारण गैंग के एक शूटर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और पांच कारतूस बरामद हुये। शूटर दीपक उर्फ दिलावर (26) ने अपने सरगनाओं के निर्देश पर हाल के दिनों में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब में कई लोगों को रंगदारी के लिये फोन किये थे। डीसीपी प्रवीण कुमार त्रिपाठी के अनुसार दिसंबर 2025 में ऐसे ही एक मामले में, वीरेंद्र चारण ने दिल्ली के एक जौहरी से 10 करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग की थी। इस संबंध में अमर कॉलोनी थाने में केस दर्ज किया गया था। बाद में इस मामले की जांच स्पेशल सेल की नई दिल्ली रेंज को सौंप दी गई। जांच के दौरान सेल ने मामले में रोहित, राहुल, लक्ष्मण, मोहित उर्फ चेरी और पंकज राजपूत नामक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पंकज राजपूत एक कुख्यात गैंगस्टर है और पंजाब के 20 से अधिक मामलों में वांछित था। राजपूत से पूछताछ में एक अहम सुराग मिला। पता चला कि 2025 में वीरेंद्र चारण ने पंजाब के नकोदर शहर में स्थित बख्शी ट्रैवल कंपनी के मालिक मनीष बख्शी से 5 करोड़ रुपये की मांग की थी। इस संबंध में नकोदर शहर थाने में मामला दर्ज किया गया था। पीड़ित पर दबाव बनाने के लिए चारण ने अपने तीन स्थानीय साथियों को 13 जनवरी को बख्शी ट्रैवल के दफ्तर पर गोलीबारी करने का आदेश दिया था। जांच के दौरान तीन हमलावरों में से एक की पहचान दीपक कुमार उर्फ दिलावर पुत्र लक्ष्मण प्रसाद, निवासी जिला उन्नाव, यूपी के रूप में हुई थी। गोलीबारी की घटना के बाद दीपक अंडर ग्राउंड हो गया था। इसकी तलाश में टीमें पंजाब और यूपी में छापेमारी कर रही थी। आखिर में इसे सैनिक विहार इलाके से गिरफ्तार किया गया। सैनिक विहार में इसके ठिकाने से पांच कारतूसों वाली एक भरी हुई पिस्तौल बरामद की गई।

## कमर्शियल वाहनों के लिए जाली 'नो-एंट्री परमिशन' रैकेट का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी रेंज की ट्रैफिक पुलिस ने कमर्शियल वाहनों के लिए जाली 'नो-एंट्री परमिशन' जारी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस संबंध में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही एक लाइट गुड्स व्हीकल भी जब्त हुआ है। डीसीपी के रमेश के अनुसार ट्रैफिक पुलिस के नंद नगरी सर्कल के स्टाफ ने सुंदर नगरी निवासी मोहम्मद सलीम नाम के ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। आरोपी लाइट गुड्स व्हीकल को एक जाली 'नो-एंट्री परमिशन' का इस्तेमाल करके चला रहा था। दरअसल 27 मार्च को नंद नगरी सर्कल के ट्रैफिक स्टाफ को निर्धारित ड्यूटी पॉइंट्स पर तैनात किया गया था, और उन्हें विशेष निर्देश दिए गए थे कि वे जाली 'नो-एंट्री परमिशन' का इस्तेमाल करने वाले कमर्शियल वाहनों पर कड़ी नजर रखें। शाम लगभग छह बजे एएसआई आदेश त्यागी और हेड कांस्टेबल अनुज वजीराबाद रोड पर लोनी गोलचक्कर के पास ड्यूटी पर थे। इसी बीच एक छोटा कमर्शियल वाहन लोनी गोलचक्कर से खजूरी खास की ओर जा रहा था। इस रास्ते पर कमर्शियल वाहनों की आवाजाही शाम पांच बजे से रात 11 बजे के बीच प्रतिबंधित है। जब तक कि सक्षम प्राधिकारी से वैध अनुमति प्राप्त न हो। ड्राइवर ने सामने की विंडस्क्रीन पर एक 'नो-एंट्री परमिशन' लगा रखी थी। चालान सिस्टम के माध्यम से सत्यापन करने पर पता चला कि उक्त वाहन के लिए ऐसी कोई वैध अनुमति जारी नहीं की गई थी। ड्राइवर को वाहन सहित गोकुलपुरी थाने की पुलिस के हवाले कर दिया गया। इसके खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 336(3), और 340(2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि सुंदर नगरी के रहने वाले नाजिम के एक परिचित ने उसे बुराड़ी ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी के पास एक अनजान व्यक्ति से मिलवाया था, जिसने जाली परमिशन का इंतजाम किया था। इसके सह आरोपियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने की कोशिश में पुलिस जुटी है।

## नकली प्रोटीन सप्लीमेंट रैकेट में एक और अरेस्ट

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने नकली प्रोटीन सप्लीमेंट रैकेट में एक और गिरफ्तारी की है। आरोपी से बड़ी मात्रा में कच्चा माल, पैकेजिंग सामग्री और मशीनरी बरामद हुई। पिछली कार्रवाई में मोहित तिवारी और मोहित दीक्षित नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। उनसे 150 किलोग्राम नकली न्यूट्रिशन सप्लीमेंट तथा कई ब्रांडों के जाली स्टिकर बरामद किए गए थे। इस बार टीम ने नवीन कुमार उर्फ बंजारा निवासी हरियाणा को गिरफ्तार किया है। डीसीपी पंकज कुमार के अनुसार ग्लैनबिया प्रफोर्मेंश न्यूट्रिशन प्राइवेट लिमिटेड की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई थी। नवीन कुमार उर्फ बंजारा की निशानदेही पर रानी खेड़ा गांव में छापा मारा गया। आरोपी बाकायदा एक फैक्ट्री चला रहा था जो नकली प्रोटीन सप्लीमेंट बनाने और उनकी पैकेजिंग करने में लिप्त थी। प्रारंभिक जांच से पता चला कि नवीन विभिन्न कच्चे पाउडर और फ्लेवरिंग एजेंटों को मिलाकर 'ऑप्टिमम न्यूट्रिशन' और 'सिंथा-6' जैसे प्रतिष्ठित ब्रांडों के नकली प्रोटीन सप्लीमेंट बना रहा था और उन्हें जाली स्टिकर, होलोग्राम तथा सील का उपयोग करके डिब्बों में पैक कर रहा था। इन नकली उत्पादों को बाद में बाजार में आपूर्ति किया जाता था, जिससे उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी होती थी और ब्रांड मालिकों को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचता था। एफएसएसएआई के अधिकारियों ने भी मौके से आवश्यक नमूने एकत्र किए है। पूरी सप्लाई चेन, कच्चे माल की खरीद के स्रोत और इस रैकेट में शामिल अन्य सहयोगियों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है। 32 वर्षीय नवीन चरखी दादरी, हरियाणा का रहने वाला है।

## बागपत के चार फर्जी रिकवरी एजेंट गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ बकाया ईएमआई वाले वाहन मालिकों से करते थे वसूली

पूर्वी जिले की शकरपुर पुलिस ने नकली रिकवरी एजेंटों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में बागपत और लोनी के रहने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह ईजी रिकवरी एप की मदद से उन लोगों का पता लगाते थे जिनके वाहन की ईएमआई बकाया होती थी। इसके बाद बीच रास्ते रोककर उनसे वसूली करते थे। इनके पास से पांच मोबाइल फोन और एक सफेद रंग की ब्रेजा कार बरामद हुई है।

डीसीपी राजीव कुमार के अनुसार 26 मार्च को केशव कुमार नामक शख्स ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि आईटीओ के पास विकास मार्ग पर उन्हें एक सफेद ब्रेजा कार में सवार लोगों ने गलत तरीके से रोका। आरोपियों ने उन्हें जबरदस्ती अपने साथ लिया और मारपीट की। उन्हें धमकाकर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए 18 हजार की वसूली की गई थी। केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी जुटाई गई। एक मुखबिर ने बागपत के कुछ लोगों की संलिप्तता के बारे में अहम जानकारी दी। ये लोग एक मोबाइल एप्लिकेशन का इस्तेमाल करके उन गाड़ियों की पहचान करते थे जिनकी ईएमआई बकाया होती थी। लगातार प्रयासों और छापेमारी के बाद प्रिंस, शिवम, टीटू और आकाश को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कई घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

## घर की पार्किंग में लगी आग, महिलाएं पहली मंजिल से कूदी, चार घायल

**नई दिल्ली।** गोकलपुरी इलाके में शनिवार देर रात एक घर की पार्किंग में आग लग गई। आग से बचने के लिए घर की महिलाएं और बच्चे पहली मंजिल से कूद गये। दो साल के बच्चे सहित कुल चार लोग घायल हुये हैं। चारों घायलों निखत (22), रशीदा (50), सोनी (25) और आशिफ (2) को घायल होने पर जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने बताया कि भूतल पर खड़े दो स्कूटर और एक मोटरसाइकिल में आग लगने के बाद छह मंजिला इमारत में धुआं भर गया और इमारत से आठ लोगों को बचाया गया। यह घटना भजनपुरा के पास चांद बाग इलाके के एफ ब्लॉक स्थित एक मकान में रात करीब ढाई बजे सामने आई। दमकलकर्मियों के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले तीन महिलाएं और एक बच्चा इमारत की पहली मंजिल से कूद गए थे। दमकल अधिकारी ने बताया कि दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल पर फंसे बच्चों समेत आठ अन्य लोगों को रेस्क्यू करवाया गया। इमारत की संरचना के कारण उसमें तेजी से धुआं भर गया, जिससे निवासियों के लिए बाहर निकालना मुश्किल हो गया था। दमकल की कई गाड़ियों ने आग पर रविवार तड़के तीन बजकर 50 मिनट पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस जांच जारी है।



## खबर संक्षेप

### चहल ने मोती बाग के चरक पालिका अस्पताल का किया दौरा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत, जनभागीदारी को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने रविवार को नई दिल्ली क्षेत्र स्थित चरक पालिका अस्पताल आवासीय कॉलोनी, मोती बाग में एक पेड़ माँ के नाम ऑन संडे अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इसके बाद उपाध्यक्ष चहल ने चरक पालिका अस्पताल, मोती बाग का दौरा कर वहाँ उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों, मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा चिकित्सा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उपाध्यक्ष चहल ने अस्पताल प्रशासन से बातचीत कर सेवाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली।

### गुरुद्वारा कमेटी का लाल किले पर दिल्ली फतेह दिवस समारोह शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने लाल किला पर 243वें दिल्ली फतेह दिवस समारोह की शुरुआत शनिवार रात से शुरू की। पहले दिन गुरमत समागम के तहत दीवान सजाए गए, जिसमें उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू सहित कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया। इस बारे में कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने बताया कि इस अवसर पर एलजी संधू ने दिल्ली फतेह दिवस को लेकर अपने विचार संगत के सामने रखे। कालका ने कहा कि दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह ने 1699 में बैसाखी के अवसर पर श्री आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की। गुरु साहिब की कृपा से आज खालसा पंथ के प्रतिनिधि पूरी दुनिया में नाम कमा रहे हैं। कमेटी द्वारा बैसाखी के अवसर पर 13 और 14 अप्रैल को गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब परिसर स्थित भाई लख्खी शाह वंजारा हॉल में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़े स्तर पर अमृत संचार होगा।

### डीडीए कर रहा सिक्स ए साइड टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

**नई दिल्ली**। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए लेकर आया है सिक्स ए साइड टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को एक लाख रुपए का नकद इनाम देने की घोषणा की गई है। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार इस प्रतियोगिता का आयोजन आने वाली को दिल्ली के सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार विक्टोरियस एंडेवर द्वारा प्रायोजित सिक्स ए साइड टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी तैयार हो जाएं। इस मुकाबले में जीत हासिल करें और एक लाख रुपए की इनामी राशि घर ले जाएं। डीडीए ने बताया कि यह आयोजन आने वाली 4 और 5 अप्रैल 2026 को सुबह 8 बजे से शुरू होगी।

## मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

# 'मैं' के अहंकार से दूर 'हम' के भाव से सेवा करते हैं भाजपा कार्यकर्ता: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता संगठन का मात्र हिस्सा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की विचारधारा का प्रतिबद्ध प्रहरी होता है। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने गृह मंडल शालीमार बाग के पीतमपुरा मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत मंडल कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण सेवा, समर्पण और राष्ट्र प्रथम के संस्कारों को व्यवहार में ढालने का सशक्त माध्यम है।

संगठित, प्रशिक्षित और संकल्पित कार्यकर्ता ही अंत्योदय के लक्ष्य को सिद्ध करते हुए विकास को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाते हैं। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष नीतीश जैन, निगम पार्षद अमित नागपाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली भाजपा द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत शनिवार रविवार सप्ताहंत में 68 मंडलों में महा प्रशिक्षण अभियान प्रवास शिविरों का आयोजन किया जिनके माध्यम से लगभग 7200 मंडल स्तरीय कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। अब तक पार्टी दिल्ली के 256 में से 171 मंडलों में कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्य पूर्ण हो गया है। वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने विनोद नगर मंडल के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रविवार को कहा कि भाजपा के प्रशिक्षित कार्यकर्ता दूसरे दलों के दलों के कार्यकर्ताओं से भिन्न हैं क्योंकि वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं एकात्म मानववाद के सिद्धांतों से पोषित कार्यकर्ता हैं, जो देश सेवा से लेकर संगठन सेवा तक हर कार्य को हम के भाव से करते हैं और मैं के अहंकार से दूर रहते हैं।

सचदेवा ने कहा कि इस प्रशिक्षण महाभियान के माध्यम से हम 1 लाख से अधिक प्रशिक्षित कार्यकर्ता तैयार करने जा रहे हैं जिन्हे वैचारिक अधिष्ठान, पार्टी का इतिहास एवं विकास, पार्टी कार्य पद्धति, कार्य विस्तार योजना, बूथ प्रबंधन, हमारी केन्द्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियां, सोशल मीडिया एवं ए.आई. के उपयोग को लेकर प्रशिक्षित किया जा रहा है।

# विधानसभा का बजट सत्र 'जीरो वेस्ट' नीति पर रहा आधारित



विनोद मणि गौतम ⏭ नई दिल्ली

- सरकार ने बजट में कुछ ऐसे प्रावधान किए जो दिल्ली के शासन मॉडल को बदल देंगे
- पहली बार है जब किसी सरकार ने अपना समर्पित क्लाउड सर्वर बनाने का लिया निर्णय

दिल्ली विधानसभा का इस बार बजट सत्र कई मायनों में पिछले बजट सत्रों से अलग रहा। इस बजट सत्र में कुछ ऐसे प्रावधान किए गए जो दिल्ली के शासन मॉडल को बदल देंगे। विधानसभा का बजट सत्र पूरा 'जीरो वेस्ट' नीति पर आधारित रहा। सत्र के दौरान कागज का उपयोग 90 प्रतिशत तक कम किया गया। सभी विधायकों को बजट की प्रति डिजिटल टैबलेट पर दी गई। विधानसभा परिसर के भीतर सिंगल-यूज़ प्लास्टिक को पूरी तरह प्रतिबंधित कर 'ग्रीन प्रोटोकॉल' लागू किया गया। वहीं 2026-27 के दिल्ली बजट सत्र की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि सरकार ने पारंपरिक राजनीति से हटकर आधुनिक बुनियादी ढांचे, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्मार्ट कनेक्टिविटी पर दांव लगाया। दिल्ली का यह बजट सत्र केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं था, बल्कि एक 'डिजिटल और ग्रीन रिवोल्यूशन' का आगाज था।

इस बार विधानसभा में दिल्ली क्लाउड' की घोषणा की गई। यह पहली बार है जब किसी राज्य सरकार ने अपना समर्पित क्लाउड सर्वर बनाने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, और स्वास्थ्य रिकॉर्ड जैसे सभी नागरिक डेटा को एक सुरक्षित सर्वर पर लाना। इससे लोगों को सरकारी दफ्तरों में फाइलें नहीं ले जानी होंगी बल्कि एक क्लिक पर पूरा डेटा 'पेपरलेस' एक्सेस होगा। वहीं रोबोटिक्स और कोडिंग अनिवार्य शिक्षा बजट में इस बार एक क्रांतिकारी बदलाव हुआ है। सरकार ने दिल्ली के 100 विशेष स्कूलों में एआई और मशीन लर्निंग को कक्षा 6 से अनिवार्य विषय बनाने का प्रावधान किया है। बता दें कि अब तक कोडिंग केवल एक वैकल्पिक कौशल था, लेकिन अब यह गणित और विज्ञान की तरह मुख्य पाठ्यक्रम का हिस्सा होगा। इसके लिए विशेष 'टेक-लैब्स' का निर्माण होगा।

### दिल्ली को स्मार्ट सिटी बनाने पर जोर

बजट सत्र की नई घोषणाएं दर्शाती हैं कि दिल्ली अब केवल बिजली-पानी की सब्सिडी तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि लंदन और सिंगापुर जैसे शहरों की तरह 'स्मार्ट सिटी' बनने की दौड़ में है। हालांकि, इन हाई-टेक योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन ही इनकी सफलता की असली कसौटी होगी।

### सोलर रुफटॉप अनिवार्य नीति

दिल्ली सरकार ने इस बजट में एक कड़ा लेकिन दूरदर्शी फैसला लिया है। अब दिल्ली की सभी सरकारी इमारतों और 500 वर्ग मीटर से बड़े निजी कमर्शियल परिसरों के लिए सोलर पैनल लगाना कानूनी रूप से अनिवार्य कर दिया गया है। इसका लक्ष्य दिल्ली की ऊर्जा खपत का 25 प्रतिशत हिस्सा सौर ऊर्जा से पूरा करना है।

# 'नशे के कारोबार और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के कारण कानून व्यवस्था चिंताजनक'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- एलजी को कानून व्यवस्था नियंत्रण के लिए निभानी चाहिए अपनी सक्रिय भूमिका : यादव

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने अपील की है कि नए उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू को राजधानी दिल्ली में बिगड़तर कानून व्यवस्था को नियंत्रण में लाने के लिए अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। क्योंकि बीजेपी की ट्रिपल इंजन सरकार दिल्ली में क़ानून व्यवस्था और नशे पर लगाम लगाने में पूरी तरह फेल साबित हो चुकी है। यादव ने कहा कि हर दिन हत्या, लूटमारी, किडनेपिंग, गैंगस्टर का बढ़ती घटनाओं, नशे के कारोबार और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के कारण कानून व्यवस्था बेहद चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार हो या वर्तमान में भाजपा की सरकार हो। उन्होंने मांग की कि दिल्ली में बढ़ते अपराधों को देखते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को तुरंत गृहमंत्री अमित शाह के साथ बैठक कर हालात को सुधारने के लिए कोई ठोस कदम उठाने चाहिए।

पुलिस आयुक्त भी स्वीकारते है जिसके कारण उन्होंने पुलिस कर्मियों की छुट्टियां तक रद्द करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 2026 में जनवरी, फरवरी और मार्च के 15 दिनों मं दिल्ली से लगभग 800 लोग गायब हुए है, जिसमें से दो तिहाई महिलाएं और लड़किया है।

## सोनू निगम ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

नई दिल्ली। मशहूर गायक सोनू निगम ने रविवार को मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच दिल्ली की कलात्मक और सांस्कृतिक उन्नति को लेकर सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने सोनू निगम को गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर मुलाकात की तस्वीर शेयर की दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में प्रख्यात गायक सोनू निगम से शिष्टाचार भेंट हुई। संगीत, कला और संस्कृति के क्षेत्र में उनका योगदान अत्यंत सराहनीय और उत्कृष्ट है। अपने संगीत के माध्यम से उन्होंने विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ाया है।

# एलजी ने बाजार का दौरा कर लोगों से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पद संभालने के बाद नए उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू लगातार दौरे कर रहे है लोगों से मिल रहे है। इसी कड़ी में वीकेंड यानी रविवार को एलजी संधू दिल्ली के दिल कहे जाने वाले कनॉट प्लेस (सीपी) मार्केट पहुंचे और खुलकर आम लोगों, दुकानदारों, रेहड़ी पटरी वालों, मजदूरों व पर्यटकों आदि से मिले। इस अवसर पर एलजी ने सीपी मार्केट के मशहूर खाने पीने की दुकानों पर मिल्क शेक, कड़ी चावल आदि का जायका भी लिया और सराहना भी की। इस दौरान एलजी ने दुकानदारों से उनकी स्थानीय समस्याओं के बारे में चर्चा की और कुछ सुझाव भी मांगे। इस दौरान उन्होंने लोगों से पूछा कि विकसित दिल्ली में खासकर सीपी में आप क्या नया चाहते है। वहीं राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों से मिलते समय एलजी ने दिल्ली के विकास को लेकर कई मुद्दों व मेट्रो सेवाओं में सुधार को लेकर भी चर्चा की। लोगों से चर्चा में एलजी का विशेष जोर सार्वजनिक स्थलों को लेकर रहा कि उन्हें कैसे अधिक से अधिक प्रकार से सभी के लिए अधिक समावेशी, सुलभ और जीवंत बनाया जाए। एलजी ने लोगों से मिले सुझाव, उनकी समस्याओं व नए आइडिया को लेकर भरोसा दिया कि यथा संभव इन पर चर्चा होगी।

# उत्तम नगर में खुलेआम हो रहा नशे का कारोबार, कैमरे में कैद : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उत्तम नगर में खुलेआम हो रहे नशे के कारोबार की वीडियो सोशल मीडिया मंच एक्स पर शेयर कर आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने रविवार को कहा कि नशे का खुलेआम कारोबार हो रहा है और सरकार मौन है। रविवार को एक्स पर नशा बेच रही एक महिला का वीडियो क्लीप साझा कर सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह एक बड़ा खुलासा है। दिल्ली के उत्तम नगर में गांजा, ड्रग्स और अवैध शराब खुलेआम बिक रही है। उपराज्यपाल कार्यालय को टैग करने के बावजूद वहां से कोई जवाब नहीं आया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार इंस्टाग्राम रील बनाने में व्यस्त है, जबकि जमीन पर कोई काम नहीं कर रही है। उधर, दिल्ली के नए उपराज्यपाल अपना प्रचार करने में व्यस्त नजर आ रहे हैं। वे अपनी वीडियो और तस्वीरें पोस्ट कर रहे हैं। जैसे कि कनॉट प्लेस में लोग उनका अभिवादन कर रहे हों। आम लोग अचानक से यह कैसे पहचान लेते हैं कि वे ही नवनियुक्त उपराज्यपाल हैं। क्या एक उपराज्यपाल का यही काम होता है। सौरभ ने कहा कि पिछले दिनों वजीरपुर में एक व्यक्ति की नशेड़ियों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी थी।

## योग्य उम्मीदवारों के उपलब्ध होने के बावजूद नहीं की गई नियुक्ति : फोरम

**नई दिल्ली**। फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस (शिक्षक संगठन) के अध्यक्ष प्रोफेसर हंसराज सुमन ने दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर व प्रोफेसर पदों पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नॉट फाउंड सूटेबल (एनएफएस) किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह से इसकी शिकायत भी की है साथ ही यह मांग की है कि आरक्षित पदों पर नॉट फाउंड सूटेबल किए जाने पर एक उच्च स्तरीय कमेटी बना कर इसकी जाँच करवाई जाए। कमेटी यह भी जाँच करें कि आरक्षित सीटों पर ही सर्वाधिक नॉट फाउंड सूटेबल क्यों किए गए। उन्होंने बताया कि हाल ही में राजनीति विज्ञान विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर व प्रोफेसर के 21 पदों में से 14 पदों पर नॉट फाउंड सूटेबल किया गया।

# प्रेरणादायी कार्यक्रमों में से एक है 'मन की बात' कार्यक्रम : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

### भाजपा सांसदों, नेताओं कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने सुना कार्यक्रम



'मन की बात' कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया एक अद्वितीय जनसंवाद मंच है, जो विश्व के किसी भी राष्ट्र अध्यक्ष द्वारा संचालित सबसे लंबे समय तक चलने वाले प्रेरणादायी कार्यक्रमों में से एक है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को पीएम मोदी के 'मन की बात कार्यक्रम के 132वें संस्करण' को सुनने के बाद मीडिया को यह जानकारी दी। प्रदेश कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने मंडावली गांव में मयूर विहार जिला अध्यक्ष विजेंद्र धामा एवं प्रदेश प्रवक्ता यासिर जिलानी और भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ सुना। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम समाज के विभिन्न वर्गों, विशेष रूप से दूरस्थ और कठिन परिस्थितियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और सम्मान प्रदान करता है। सचदेवा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में देश की समृद्ध संस्कृति और विरासत से जुड़े ज्ञान भारतम सर्वे का उल्लेख किया गया, जिसका उद्देश्य देशभर में उपलब्ध पांडुलिपियों का संकलन करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह मासिक संवाद सदैव प्रेरणा और नई दिशा प्रदान करता है। इस कार्यक्रम के व्यवस्था प्रमुख राजन तिवारी के अनुसार रविवार को 6573 स्थानों पर लगभग 8250 बूथों के कार्यकर्ताओं ने सांसदों, स्थानीय विधायकों, पार्षदों, प्रदेश, जिला एवं मंडल कार्यकर्ताओं के साथ और प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने प्रदेश कार्यालय में कर्मियों के साथ 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना।

# एमसीडी में उल्लंघनों पर अब नहीं चलेगा आपराधिक मुकदमा : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) अधिनियम, 1957 में व्यापक संशोधन प्रस्तावित किए गए हैं, जिनका उद्देश्य छोटे-छोटे उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर कर नागरिक-अनुकूल व्यवस्था को मजबूत करना है। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली नगर निगम ने नागरिकों को राहत देने और प्रशासन को अधिक पारदर्शी व व्यावहारिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। प्रस्तावित संशोधनों के तहत अब छोटे और तकनीकी उल्लंघनों पर आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया जाएगा। इससे न केवल नागरिकों को अनावश्यक कानूनी उलझनों से राहत मिलेगी, बल्कि सामाजिक कलंक और प्रशासनिक बोझ में भी कमी आएगी। निगम का मानना है कि यह बदलाव दंडात्मक व्यवस्था से हटकर सहयोगात्मक और अनुपालन-आधारित प्रणाली की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। महापौर सिंह ने बताया कि हालांकि, निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि बार-बार या गंभीर उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़े आर्थिक दंड का प्रावधान रहेगा, ताकि कानून का सम्मान और सार्वजनिक व्यवस्था बनी रहे। इस संतुलित दृष्टिकोण के जरिए नागरिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

## चालकों को मिली राहत

# एनएच-44 : छह महीने बाद भरा सिंघोला फ्लाईओवर का गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के एनएच-44 स्थित सिंघोला फ्लाईओवर पर बीते वर्ष सितंबर माह के पहले सप्ताह में बारिश के दौरान बना गहरा गड्ढा आखिरकार छह महीने से अधिक समय बाद भर दिया गया है। सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य हाल ही में पूरा होने के बाद शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग को फिर वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया गया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि, इस लंबे इंतजार ने चालकों और स्थानीय निवासियों के लिए कई गंभीर सवाल भी खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह कार्य अधिकतम दो महीने में पूरा किया जा सकता था, लेकिन केंद्र सरकार के अधीन एनएचएआई और दिल्ली सरकार के संबंधित विभागों के बीच तालमेल की कमी के कारण इसमें अनावश्यक देरी हुई।मरम्मत कार्य के दौरान यातायात को डायवर्ट किया गया था, जिसके चलते आसपास के इलाकों में लगातार जाम की स्थिति बनी रही।

इतना ही नहीं, डायवर्जन वाले मार्गों पर कई सड़क दुर्घटनाएं भी सामने आईं, जिनमें कुछ हादसे बेहद गंभीर और खतरनाक थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, खराब ट्रैफिक प्रबंधन और अस्थायी मार्गों की बदहाल स्थिति ने जोखिम को और बढ़ा दिया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समन्वय के साथ कार्य किया जाता, तो न केवल यह परियोजना जल्दी पूरी हो सकती थी, बल्कि आम लोगों को महीनों तक झेलनी पड़ी परेशानी और हादसों से भी बचाया जा सकता था। अब जबकि मार्ग को खोल दिया गया है, लोग उम्मीद कर रहे हैं कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही न हो और बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्यों में जिम्मेदारी और समन्वय को प्राथमिकता दी जाए, ताकि जनहित को नुकसान न पहुंचे।

## 'आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की स्वास्थ्य और मानसिक जांच पर दिया जाएगा ध्यान'

**नई दिल्ली**। मोबाइल आधारित कार्य बढ़ने के कारण आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं पर अतिरिक्त दबाव पड़ ने की जानकारी मिली है। इसे ध्यान में रखते हुए अब उनके स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति की नियमित जांच कराने पर ध्यान दिया जाएगा, ताकि वे बेहतर तरीके से अपनी जिम्मेदारियां निभा सकें। दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग में सचिव डॉ. रश्मि सिंह ने राजधानी में आयोजित एक सामुदायिक आधारित कार्यक्रम के दौरान मोबाइल आधारित कार्य प्रणाली का जिक्र करते हुए यह बात कही। आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि इन केंद्रों को मजबूत करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और जागरूकता से जुड़े कार्यों की रीढ़ हैं, इसलिए उनके कार्य-परिस्थितियों में सुधार बेहद जरूरी है। सचिव डॉ. रश्मि सिंह ने यह भी बताया कि दिल्ली के बॉर्डर क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की समस्याओं संबंधी जानकारी भी उनके संज्ञान में आई हैं, जिससे आंगनबाड़ी से जुड़े डिजिटल कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए विभाग अधिकारियों व आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेगा और उसके आधार पर नेटवर्क व तकनीकी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।



## खबर संक्षेप

### सामाजिक संस्थाओं की बैठक आयोजित



**फरीदाबाद।** समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय संस्थाओं क्रमशः हरियाणा वीमेंस नेचर ग्रुप फरीदाबाद, ह्यूमन राइट्स टीम, फरीदाबाद एवं तारणी सोसाइटी की एक महत्वपूर्ण बैठक बत्रा अस्पताल के मीटिंग हॉल में आयोजित की गई। झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाली जरूरतमंद महिलाओं को वस्त्र वितरण, उनके देखभाल तथा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु किए जा रहे प्रयास शामिल हैं।

### वाहन चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** थाना ओल्ड फरीदाबाद में दर्ज एक वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने मनीष निवासी बसेलवा कॉलोनी फरीदाबाद को गांव सदपुरा फरीदाबाद से चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार रामवीर निवासी अपनी शिकायत में बताया उसकी मोटरसाइकिल 26 मार्च को बसेलवा कालोनी में खड़ी की थी।

### एक सप्ताह में 32 साइबर अपराधी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा ठगों पर लगातार कार्रवाही की जा रही है। 21 से 27 मार्च के बीच फरीदाबाद पुलिस के तीनों साइबर थानों की टीम ने एक सप्ताह में 32 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर 7,99,894 रुपए बरामद किये हैं। फरीदाबाद पुलिस की साइबर टीम ने 9 मुकदमों में कार्रवाई करते हुए 32 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

**मारुति सुजुकी के शॉपफ्लोर पर 190 महिलाएं कार्यरत**

# आईटीआई में स्किलिंग पर काम शुरू कर रही है मारुति सुजुकीः राहुल भारती

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) में कॉरपोरेट अफेयर्स के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक राहुल भारती ने कहा कि मारुति सुजुकी इस साल से आईटीआई में स्किलिंग पर काम शुरू कर रही है। उन्होंने कहा कि मारुति कंपनी को जिस ट्रेड के युवाओं की जरूरत है, वे नहीं मिल रहे। विशेषकर महिलाएं भी मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल जैसे पाठ्यक्रमों का कम ही चयन कर रही हैं। कंपनी में महिलाओं की संख्या बढ़ाने पर भी जोर है। राहुल भारती मारुति सुजुकी प्लांट मानेसर में पत्रकारों से बातचीत में कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कंपनी इसी साल से स्किलिंग पर आईटीआई में काम शुरू कर रही है। हम चाहते हैं कि कंपनी को आईटीआई से ऐसे युवा मिलें, जो पूरी तरह से प्रशिक्षित हों। उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में सरकार के हिसाब से बनाए हुए पाठ्यक्रम पढ़ाए जा रहे हैं। हम उनमें ज्यादा हस्तक्षेप नहीं कर सकते। फिर भी प्रयास है कि भविष्य में कंपनी की



मांग के अनुसार पाठ्यक्रम में कुछ शामिल किये जाएं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मारुति सुजुकी के शॉपफ्लोर पर 190 महिलाएं कार्यरत हैं। इनकी संख्या बढ़ाने पर कंपनी तैयार है, बशर्ते उस हिसाब से प्रशिक्षित महिलाएं उपलब्ध हों।

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के चीफ ह्यूमन रिसोर्सेज ऑफिसर सलिल लाल ने कहा कि हरियाणा समेत अन्य प्रदेशों में कोशिश कर रहे हैं कि प्रशिक्षित कर्मचारी कंपनी को मिलें। महिलाओं और पुरुषों को तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को इन पाठ्यक्रमों का चयन करने की आवश्यकता है, ताकि उद्योग में महिला उम्मीदवारों का एक बेहतर पूल उपलब्ध हो।

**मारूती सुजुकी का लक्ष्य सभी कार्यक्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना**

मारुति सुजुकी शॉपफ्लोर सहित सभी कार्यक्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सोच-समझकर कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी का लक्ष्य सिर्फ संख्या बढ़ाना नहीं है, बल्कि सभी के लिए एक समावेशी वातावरण बनाना है। मारुति सुजुकी के शॉपफ्लोर पर कार्यरत महिलाएं मारुति सुजुकी के गुरुग्राम और मानेसर फैसिलिटीज में उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण, इंस्ट्रूमेंट पैनल सब-असेंबली, रियर डोर सब-असेंबली, ट्रांसमिशन असेंबली और के एंड जेड सीरीज इंजन असेंबली जैसे क्षेत्रों में काम कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यस्थल पर वे अपने पुरुष सहकर्मियों के समान स्तर का ही प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रमों में हिस्सा लेती हैं, जिससे कंपनी में उन्हें उन्नति के लिए एक बराबर अवसर मिलते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि शॉपफ्लोर पर काम करने वाले ज्यादातर पुरुष रहे हैं, इसलिए महिला कर्मचारियों की आवश्यकताओं को समझने के लिए एक विस्तृत अध्ययन किया गया था। महिला कर्मचारियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शॉपफ्लोर पर बुनियादी ढांचे में विशिष्ट बदलाव किए गए हैं।

---

**कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई**

# नए श्रम कानूनों के प्रावधानों मैं उद्योगपतियों व कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ानाः हेमंत शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सेक्टर-12 होटल सेंट्रल व्यू में लेबर कोड और नेशनल पेंशन सिस्टम को लेकर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गयाए जिसमें आईएमटी के प्रमुख उद्योगपति और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सेमिनार का उद्देश्य नए श्रम कानूनों और पेंशन योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उनके प्रभावों को समझाना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता फिमटिया के अध्यक्ष हेमन्त शर्मा ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में भगत प्रताप उप श्रम आयुक्त फरीदाबाद और रंगराजन पीए सीजीएम पीएफआरडीए उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सभी गणमान्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर हुई। अध्यक्ष हेमन्त शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव रखते हुए कहा कि इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए श्रम कानूनों के प्रावधानों को समझाना तथा कर्मचारियों और नियोक्ताओं के बीच जागरूकता बढ़ाना है। सीधे संबंधित अधिकारियों से समस्याओं को लेकर संवाद कायम रखते हुए समस्याओं का हल ढूंढने




का एक प्लेटफॉर्म है। जहां आज काफी संख्या में उद्योगों के प्रतिनिधि और मालिक पहुंचे है। हमारी एसोसिएशन सदैव उद्योगों की हितों को लेकर अग्रसर है।

लेबर कमिश्नर भगत प्रताप ने न्यू लेबर कोड की विशेषताओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सरकार द्वारा लागू किए जा रहे ये नए कानून श्रमिकों के हितों की रक्षा के साथ-साथ उद्योगों के लिए प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। उन्होंने बताया कि इन कानूनों के अंतर्गत वेतन, सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक संबंध और कार्यस्थल की सुरक्षा जैसे चार प्रमुख क्षेत्रों को कवर किया गया है, जिससे श्रमिकों को एक व्यापक सुरक्षा ढांचा प्राप्त होगा। उन्होंने आगे कहा कि न्यू लेबर कोड लागू होने से श्रमिकों को समय पर वेतन, बेहतर कार्य परिस्थितियां और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी तरीके से मिल सकेगा। साथ ही उद्योगों को भी एक समान नियमावली के तहत काम करने में सुविधा होगी, जिससे विवादों में कमी आएगी और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। इस मौके पर नेशनल पेंशन सिस्टम पर प्रकाश डालते हुए रंगराजन पीए सीजीएमए पीएफआरडीए ने कहा कि यह योजना कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि एनपीएस के माध्यम से कर्मचारी अपने कार्यकाल के दौरान नियमित निवेश कर सकते हैं, जिससे रिटायरमेंट के बाद उन्हें एक स्थिर आय का स्त्रोत प्राप्त होता है। उन्होंने नियोक्ताओं से भी अपील की कि वे अपने कर्मचारियों को इस योजना से जोडऩे के लिए प्रेरित करें। सेमिनार के दौरान विभिन्न उद्योगपतियों ने उद्योगों की समस्याओं को लेकर सवाल किए जिस पर लेबर लॉ एडवोकेट पी एल शर्मा ने अपने विचार और सुझाव सांझा किए और मौके पर ही सवालों का समाधान किया। कार्यक्रम में बैंक लोन और रिटायरमेंट प्लान को लेकर आई सी आई सी प्रेडेंशियल व आदित्य बिरला फाइनेंस द्वारा इंटरएक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने अपनी जिज्ञासाओं को खुलकर रखा। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और मोमेंटो और प्लांटर देकर स्वागत एवं सम्मानित किया। इस मौके पर फिमटिया के चेयरमैन एमएल शर्मा, पास्ट प्रेसिडेंट वीरभान शर्मा, एम के महतानी, जी सी नारंग, महासचिव रमेश अरोड़ा, ट्रेजरार मनोज नागर, ज्वाइंट सैक्रेटरी राजेश शर्मा, सुभाष चंद्रा, आशु लाल, राजीव गुप्ता, सन्नी सहरावत, रणबीर सिंह, योगेंद्र पाल सहित अनेक गणमान्य उद्योगपतियों ने सहभागिता की।

---

**गैस एजेंसियों की होगी नियमित**

# एलपीजी की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई, 9 पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

उपायुक्त आयुष सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन द्वारा एलपीजी की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अवैध डायवर्जन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा पुलिस विभाग के सहयोग से विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन अभियान चलाया गया।

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कविता सिंह परिहार ने बताया कि जिला में अलग-अलग स्थानों पर कुल 9 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है, जिनमें आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई की गई है। इन मामलों में कुल 10 आरोपियों को नामजद किया गया, जिनमें से सभी को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह कार्रवाई ओल्ड फरीदाबाद, भूपानी, पल्ला, सेक्टर-31, बीपीटीपी, सारन तथा सदर बल्लभगढ़ थाना क्षेत्रों में की गई। उन्होंने आगे बताया कि इन अभियानों के दौरान कुल 56 एलपीजी सिलेंडर पुलिस के सहयोग से बरामद किए गएए जबकि 12 सिलेंडर अलग से जब्त किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन किसी भी प्रकार की कालाबाजारी एवं जमाखोरी को बर्दाश्त नहीं करेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। डीएफएससी कविता सिंह परिहार ने बताया कि एलपीजी गैस की शिकायतों के निवारण के लिए क्षेत्रवार नोडल अधिकारी नियुक्त

---

**महिला को झांसे में लेकर उतरवाये थे कुंडल**

# क्राईम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने दो आरोपियों को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बीते 26 मार्च को गांव डबुआ में महिला को बातो में उलझा कर उसके कुंडल उतरवाकर ले जाने के मामले में क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनकी पहचान ओमिन व रियासत निवासी गांव तिलपत फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार डबुआ निवासी एक महिला ने थाना डबुआ में दी अपनी शिकायत में बताया कि 26 मार्च को सुबह करीब 6.30 बजे वह



डॉक्टर की दुकान से अपने घर जा रही थी। तभी रास्ते में एक अंजान लडके ने उसका रास्ता रोक लिया और उससे मंदिर का रास्ता पूछने लगा,उस लड़के के दो साथी और आ जाते है।

---

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने के बाद मंत्री नागर ने दी प्रतिक्रिया**

# पीएम मोदी ने भी अफवाह फैलाने वालों को किया आगाह : राजेश नागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा के मंत्री राजेश नागर ने युद्ध काल में भी शरारती तत्वों द्वारा अफवाह फैलाने वालों को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने मन की बात कार्यक्रम के 132वें एपिसोड में ऐसे लोगों को आगाह कर बड़ा संदेश दिया है। नागर ने कहा कि अफवाह बाजों के खिलाफ हरियाणा में सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है और देशहित में यह जारी रहेगी।

पीएम नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि मैं मन की बात के माध्यम से देशवासियों से आग्रह करूंगा कि हमें एकजुट होकर इस चुनौती से बाहर निकलना है।

जो लोग इस विषय पर भी राजनीति कर रहे हैं उन्हें राजनीति नहीं करनी चाहिए। यह 140 करोड़



देशवासियों के हित से जुड़ा विषय है। ऐसे में जो लोग अफवाह फैला रहे हैं, वे देश का नुकसान कर रहे हैं।

मैं देशवासियों से अपील करूंगा कि वे जागरूक रहें, अफवाहों में न आएं और सरकार की तरफ से निरंतर जो जानकारी दी जा रही है उसी पर विश्वास करें। पीएम ने देश के युवाओं से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की भी अपील की है। जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है, देश के युवा की ताकत जब राष्ट्र निर्माण में जुड़ती है तो बहुत बड़ी मदद मिलती है।

मंत्री राजेश नागर ने प्रधानमंत्री द्वारा भारत की टी 20 विश्व कप में ऐतिहासिक जीत और कर्नाटक के हुबली में जम्मू-कश्मीर की क्रिकेट टीम द्वारा रणजी ट्रॉफी जीतने का जिक्र करने पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। नागर ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश और छोटे से राज्य तक का ख्याल रखते हैं।

---

**पीएम मोदी मन की बात कार्यक्रम**

# पीएम मोदी की मन की बात को बहुत पसंद करते हैं देश के लोगः धर्मवीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 132वें एपिसोड को संबोधित किया। फरीदाबाद भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने अपने दफ्तर पर अपने कार्यकर्ताओं के साथ इस कार्यक्रम को सुनते हुए कहा कि पीएम मोदी के इस कार्यक्रम की लोकप्रियता और बढ़ती जा रही है क्योंकि पीएम मोदी पूरे देश की खास बातें इस कार्यक्रम में बता देते हैं।

धर्मवीर भडाना ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने ईरान इजरायल युद्ध के कारण देश में, कुछ समस्याओं को लेकर देश नागरिकों से एकजुट रहने और इस मुद्दे का राजनीतिकरण न करने का आग्रह किया। उन्होंने अफवाहें फैलने के प्रति आगाह करते हुए कहा कि गलत जानकारी से राष्ट्रीय



हितों को नुकसान पहुंच सकता है और लोगों से अपील की कि वे केवल सरकार की आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने कहा की प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में सौर ऊर्जा के बारे में विस्तार से बताया और लोगों से अपील की किशोर ऊर्जा का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा लोग करें। उन्होंने जम्मू कश्मीर के खिलाड़ियों के बारे में काफी कुछ बताया। इस मौके पर झज्जर, विनोद कुमार, सुनीता, अनिल कुमार, गौतम आदि।

---

**अपर नगर आयुक्त के दखल के उद्योग व्यापार मंडल का धरना समाप्त**

# हाउस टैक्स पर सॉल्यूशन के लिए निगम का प्रयास जारीःअपर नगर आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

हाउस टैक्स प्रकरण पर चल रहे धरना प्रदर्शन को समाप्त करने के लिए अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने व्यापारियों से संवाद किया गया। जिसमें व्यापारियों को बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर को राहत दिलाने के क्रम में हाउस टैक्स के संदर्भ पर शासन में भी वार्ता कर रहा है। जल्दी ही शासन स्तर से हाउस टैक्स पर निर्णय लिया जाएगा।

तब तक करदाताओं पर किसी प्रकार की प्रतिकूल कार्यवाही नहीं की जाएगी व्यापारियों से वार्ता करते हुए धरना समाप्त कराया गया। व्यापार मंडल से गोपीचंद व अशोक चावला भी एक स्वर में हाउस टैक्स वसूली के लिए की जा रही सख्ती को बंद करने के लिए कहा गया। जिस पर वरिष्ठ प्रभारी



टैक्स तथा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एसके राय ने शासन से अंतिम निर्णय आने तक किसी प्रकार की सख्ती बकायदारों पर नहीं की जाएगी ऐलान किया। रामकिशोर अग्रवाल जिला अध्यक्ष महानगर उद्योग व्यापार मंडल द्वारा निगम अधिकारियों से संवाद करते हुए और अपना विषय विस्तार से रखते हुए जल्दी ही समाधान निकालने के लिए कहते हुए व्यापारियों का धरना समाप्त करने की घोषणा की, मौके पर सिटी जोन के जोनल प्रभारी आर पी सिंह, व्यापार मंडल के राकेश स्वामी महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष व अन्य उपस्थित रहे।

---

**बच्चों में संस्कारों को बढ़ाने में**

# विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल बल्लभगढ़ में सबसे आगेः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ के सेक्टर-2 स्थित विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल में आज एक भव्य छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तीसरी कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा तक के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और शिक्षा के प्रति उनकी रुचि को और अधिक मजबूत बनाना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा टिपर चंद शर्मा उपस्थित रहे। स्कूल परिसर में पहुंचने पर विद्यालय के चेयरमैन धर्मपाल यादव, दीपक यादव, सुनीता यादव, रेखा मालिक, प्रिंसिपल श्वेता और स्टाफ द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल की मैनेजमेंट उनके अपने परिवार की तरह है। स्कूल मैनेजमेंट और हम हमेशा आपस में एक-दूसरे के लिए साथ खड़े रहते है उन्होंने यह भी कहा कि यह स्कूल हर क्षेत्र में बल्लभगढ़ में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

मुख्य अतिथि टिपरचंद शर्मा ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि यहां के विद्यार्थी न केवल शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि संस्कारों को भी जीवन में उतार रहे हैं। संस्कार ही शिक्षा के मूल मंत्र को यह विद्यालय सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रहा है, जो समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

---

**कांग्रेस के कार्यक्रम को सफल बनाने बैठक आयोजित**

# देश विरोधी ताकत बनी भाजपा से निपटने को एकजुट रहें कार्यकर्ताः पंकज डावर

**कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का आव्हान किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की जिला स्तरीय बैठक अंबेडकर भवन सेक्टर-4 में आयोजित की गई। जिसमें 12 अप्रैल को दिल्ली में होने वाली रन फॉर अंबेडकर रन फॉर संविधान और 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर सोनीपत में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज बागड़ी एवं गुरुग्राम जिला कांग्रेस (शहरी) अध्यक्ष पंकज डावर ने अनुसूचित जाति विभाग के दोनों कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति विभाग के प्रभारी अनिल फांडन, प्रदेश उपाध्यक्ष



अनिल धानक, महासचिव करण लोहिया, सुल्तान वाल्मीकि, गुडग़ांव एससी सैल के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार, शहरी अध्यक्ष राजकुमार, मुकेश चौधरी समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष मनोज बागड़ी ने कहा कि कांग्रेस हर स्तर हर जगह पर मजबूती के साथ खड़ी है। यह सब कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं की बदौलत है। कांग्रेस का हर आयोजन कार्यकर्ताओं की अपार भीड़ से कामयाब हो रहा है। सरकार के खिलाफ हर आवाज को कार्यकर्ता मिलकर बुलंद कर रहे हैं। हमें भविष्य में और अधिक मुस्तैदी से काम करते हुए संगठन के प्रति अपनी निष्ठा मजबूत रखनी है। शहरी जिला अध्यक्ष पंकज डावर ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, जनविरोधी फैसलों, जनविरोधी कार्यों का विरोध करके कांग्रेस पार्टी ने सरकार की जड़ें हिलाकर रख दी हैं। भाजपा सरकार देश के विरोध में काम करती है। इस बात का देश की जनता को कांग्रेस के विरोध प्रदर्शनों के माध्यम से लग चुका है। इसलिए आम जनता कांग्रेस के कार्यक्रमों में भागीदार बनकर खुद को चौकीदार कहलाने वाले प्रधानमंत्री को सत्ता से हटाने की मांग करने लगी है। प्रधानमंत्री के गलत कार्यों की रोज एक नई पोल खुल रही है। इससे साफ है कि पूरी भाजपा सकते में आ गई है। हम सबको ऐसे ही सरकार की देशविरोधी नीतियों, कार्यों को जनता के बीच लेकर जाना है। साथ ही उन्होंने आह्वान किया कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर 12 अप्रैल को दिल्ली में होने वाली रन फॉर अंबेडकर मैराथन और 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती में रिकॉर्ड तोड़ने के लिए पहुंचे।

---

**कई घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी**

# गाजियाबादः दो फैक्ट्ररियों में भीषण आग,करोड़ों का माल जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित दो फ़ैक्टरियों में आग लगने से करोड़ों रुपए का नुकसान हो गया। आज पर काबू पाने के लिए अगली अगली संबंध विभाग को कई घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। इंडस्ट्रीयल एरिया एसोसिएशनसुशील अरोड़ा ने अग्निशमन अधिकारी कोतवाली को सूचना दी की 1/23 आजाद ऑयल साउथ साइड जीटी रोड इंडस्ट्रियल एरिया फैक्ट्री में आग लगी है। सूचना प्राप्त होते ही फायर स्टेशन कोतवाली से अग्निशमन अधिकारी कोतवाली सहित फायर स्टेशन कोतवाली से सभी फायर टेंडर को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। वहां पहुंच कर देखा कि आग मशीनरी पार्ट्स वेयर प्लास्टिक



के दाने व सूखे नारियल के पैकिजिंग करने वाली फैक्ट्री में लगी थी। दोनों फैक्ट्रियो में आग काफी तेज थी। मौके पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल भी मौजूद थे। जिनके नेतृत्व में फायर सर्विस यूनिट के द्वारा 04 हौज पाइप फैलाकर पंपिंग कर आग को बुझाना शुरू किया गया आग की विकरालता को देखते हुए फायर स्टेशन वैशाली से दो फायर टेंडर को घटना स्थल पर बुलाये गये, फायर यूनिट ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आस पास में स्थित अन्य फैक्ट्रियो सुरक्षित बचाया गया।

## खबर संक्षेप

### निशांत बनें सीएम पटना में पोस्टर से मांग

**पटना।** नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने से बिहार में मुख्यमंत्री की तलाश तेज हो गई है।



89 विधायकों वाली भाजपा को सीएम की कुर्सी मिलने की चर्चा के बीच निशांत को सीएम बनाने की मांग तेज होने लगी है। विधायक श्याम रजक का बयान आया है कि निशांत में सीएम बनने के सभी गुण मौजूद हैं। जदयू कार्यकर्ता उन्हें नीतीश कुमार की कुर्सी पर देखना चाहते हैं।

### यूपी में जुलूस के दौरान सड़क पर चलीं तलवारें

**हमीरपुर।** जिले में जुलूस के दौरान दो गुट आपस में भिड़ गए। कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान जमकर तलवारें और फरसें भी चले। इस घटना में एक युवक बुरी तरह से घायल भी हो गया। बताया जाता है कि ये झगड़ा पुरानी रंजिश के चलते हुआ है। घायल युवक ने थाने में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है।

### यूपी में खेती की 'कमान' संभालेंगी महिलाएं

# योगी सरकार व यूपीएसआरएलएम के बीच बड़ा समझौता, गन्ना सेक्टर में मचेगी धूम

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी की 'आधी आबादी' अब कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धुरी बनने जा रही है। प्रदेश सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने व कृषि गतिविधियों में सक्रियता बढ़ाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है।

इसी क्रम में गन्ना विभाग व उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस पहल के बाद प्रदेश की महिलाएं न केवल गन्ने की खेती करेंगी, बल्कि पौध तैयार करने से लेकर उत्पादों के 'वैल्यू एडिशन' तक में अपनी धाक जमाएंगी।

तकनीकी प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता से आत्मनिर्भरता बढ़ेगी | उत्पादों के 'वैल्यू एडिशन' तक में अपनी धाक जमाएंगी

#### आजीविका का नया आधार बनेगा गन्ना क्षेत्र



गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस. के अनुसार, इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य महिला स्वयं सहायता समूहों को सीधे गन्ना आधारित आजीविका से जोड़ना है। वर्तमान में प्रदेश के लगभग 47.5 लाख गन्ना किसानों में करीब 2.95 लाख महिला किसान पहले से ही चीनी मिलों को आपूर्ति कर रही हैं। इसके अतिरिक्त, 3,000 से ज्यादा महिला स्वयं सहायता समूहों की 57 हजार से अधिक महिलाएं गन्ने की उन्नत किस्मों की पौध तैयार करने का सराहनीय कार्य कर रही हैं। अब सरकार इन्हें केवल पौध उत्पादन तक सीमित न रखकर गुड़ निर्माण, प्रसंस्करण और जैविक उत्पाद बनाने जैसे कार्यों के लिए भी प्रशिक्षित और प्रोत्साहित करेगी।

**तकनीकी प्रशिक्षण और वित्तीय मजबूती पर जोर**

*योगी सरकार की इस योजना का लक्ष्य महिलाओं को संगठित कर उन्हें आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बेहतर मार्केटिंग (विपणन) सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री का मानना है कि प्रदेश के समग्र विकास के लिए महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य है, और इसीलिए 'मिशन शक्ति' जैसे अभियानों के जरिए उन्हें हर स्तर पर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। महिला समूहों द्वारा तैयार की गई उन्नत पौध से न केवल गन्ने की उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि किसानों को भी उच्च गुणवत्ता वाली फसल प्राप्त होगी।*

#### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी संजीवनी

इस पहल से न केवल ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी बड़ा सकारात्मक बदलाव आएगा। उत्पादों के वैल्यू एडिशन के माध्यम से उनका बाजार मूल्य बढ़ेगा, जिससे सीधा लाभ महिला समूहों की आय में वृद्धि के रूप में दिखेगा। यह कदम यूपी की कृषि व्यवस्था में नवाचार लाने के साथ महिलाओं को सामाजिक व आर्थिक रूप से प्रतिष्ठित करने का ठोस दस्तावेज साबित होगा। अब महिलाएं केवल सहायक नहीं बल्कि मुख्य उत्पादक और उद्यमी के रूप में उभर रही हैं।

### योगी का अखिलेश पर चुन-चुनकर हमला

# अखिलेश सीएम रहते कभी नोएडा जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाए



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राजधानी लखनऊ में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के 665 नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने अखिलेश यादव के नोएडा दौरे पर तंज कसते हुए कहा, 'जो मुख्यमंत्री रहते हुए कभी नोएडा जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाए, वे आज विभाजनकारी राजनीति के लिए वहां पहुंच गए हैं।' मुख्यमंत्री ने सपा शासनकाल की परियोजनाओं को भ्रष्टाचार का अड्डा बताते हुए जनता की गाढ़ी कमाई की 'डकैती' करार दिया।

#### 300 करोड़ के प्रोजेक्ट पर 1400 करोड़ रुपए बहा दिए

सीएम योगी ने अखिलेश यादव के राजधानी में बनने वाले दो ड्रीम प्रोजेक्ट्स पर सवाल उठाते हुए कहा कि जेपीएनआईसी बिल्डिंग का डीपीआर मात्र 200 करोड़ रुपए था, लेकिन उस पर 800 करोड़ रुपए खर्च कर दिए गए और वह आज भी अधूरी है। इसी तरह गोमती रिवर फ्रंट का जिक्र करते हुए कहा कि 300 करोड़ के प्रोजेक्ट पर 1400 करोड़ रुपए बहा दिए गए, फिर भी काम पूरा नहीं हुआ।

#### भर्ती प्रक्रिया में 'जीरो टॉलरेंस' व पारदर्शिता

सीएम ने कहा कि 2017 से पहले नौकरियां निकलते ही वसूली शुरू हो जाती थी। उन्होंने अमेठी की एक नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारी का उदाहरण देते हुए कहा कि एक 'यादव बेटी' का चयन उसकी योग्यता पर हुआ है, जबकि पुरानी सरकार में बिना पैसे दिए यह संभव नहीं था।

## पेज एक का शेष

### 90 लाख लोगों ...

उतरे। मिनेसोटा के अलावा न्यूयॉर्क, वाशिंगटन, लॉस एंजिल्स, शिकागो और सैन फ्रांसिस्को जैसे बड़े शहरों में हजारों प्रदर्शनकारियों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि हम यहां यह कहने के लिए इकट्ठा हुए हैं कि अमेरिका में कोई राजा नहीं होता है। हम एकजुट रहकर अपनी आवाज उठाते रहेंगे और ट्रंप को राजा की तरह बर्ताव से रोकेंगे। मिनेसोटा इन प्रदर्शनों का मुख्य केंद्र रहा।

**व्हाइट हाउस बोला-यह वामपंथी फंडिंग नेटवर्क का नतीजा:** मिनेसोटा राज्य में डेमोक्रेट नेता बर्नी सैंडर्स ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ट्रंप और नेतन्याहू ने अमेरिका को ईरान के साथ एक ऐसे युद्ध में धकेल दिया जो असंवैधानिक और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एबिगेल जैक्सन ने इसे वामपंथी फंडिंग नेटवर्क का नतीजा बताया।

### उल्टा झंडा यानी ...

ने बताया कि सभी 50 राज्यों में 3,100 से अधिक कार्यक्रम रजिस्टर्ड किए गए। इन कार्यक्रमों की अगुवाई करने वाले समूह के सह-कार्यकारी निदेशक एजरा लेविन ने एक इंटरव्यू में बताया कि यूरोप से लेकर लैटिन अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया तक एक दर्जन से ज्यादा अन्य देशों में भी रैलियों की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि जिन देशों में संवैधानिक राजतंत्र है वहां इन विरोध प्रदर्शनों को नो टाइरेंट्स (कोई तानाशाह नहीं) नाम दिया गया है।

### इटली...

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मिलोनी और डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शन किए। लोगों ने ऐसे बैनर थाम रखे थे जिन पर लिखा था, अति-दक्षिणपंथ को रोको और नस्लवाद के खिलाफ खड़े हो।

### फ्रांस ...

शहरों में भी लोगों ने सड़कों पर उतरकर ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शन किया और उन्हें पद से हटाने की मांग की।

### 94000 मीट्रिक...

बीडब्ल्यू ईएलएम 1 अप्रैल की अनुमानित आगमन तिथि के साथ न्यू मैंगलोर के रास्ते में है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि क्षेत्र में कार्यरत भारतीय जहाजों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपाय किए गए हैं।

### 38 हजार मीट्रिक...

गया। भारत के त्वरित सहयोग के लिए मैं आभारी हूं। करीबी समन्वय के लिए एस. जयशंकर को भी धन्यवाद देता हूं।

**भारत ने श्रीलंका को भेजी मदद :** भारत ने श्रीलंका को 38,000 मीट्रिक टन पेट्रोलियम की आपूर्ति की है। इसमें 20,000 एमटी डीजल और 18,000 एमटी पेट्रोल है, जो शनिवार को कोलंबो पहुंचा है। प्रधानमंत्री मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच फोन कॉल के बाद हुआ है। ऐसे में श्रीलंका के नेता लगातार दिल्ली को शुक्रिया कह रहे हैं। भारत के तेल भेजने के फैसले कीश्रीलंका के सांसद हर्षा डी सिल्वा ने जमकर तारीफ की है। सिल्वा ने कहा है कि पड़ोसी देश भारत ऐसे समय में हमें मदद भेज रहा है, जब हमें इसकी बहुत ज्यादा जरूरत है। भारत ने पहले भी बुरे वक्त में श्रीलंका का साथ दिया है। जब हम मुश्किल में होते हैं तो वे हमारी मदद के लिए हाथ बढ़ाते हैं। हम उनका शुक्रिया करते हैं।

### धोती पहन मशहूर....

जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की जनता अब विकास और स्थिरता के लिए नए विकल्प की ओर देख रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केरल के युवा खासतौर पर भाजपा और एनडीए की नीतियों से प्रभावित हो रहे हैं। पीएम ने कहा कि केरल अब बदलाव का संदेश दे रहा है। भाजपा-एनडीए केरल के युवाओं की पसंद है। प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार केरलम में एक अलग ही माहौल है। केरलम बदलाव का संदेश दे रहा है।

### बालेन का ऐलान...

गैर-राजनीतिक छात्र परिषदें शुरू करेगी। यह छात्रों की आवाज उठाने के लिए एक ऐसा मंच होगा जिसमें कोई राजनीतिक दखल नहीं होगा। इन सुधारों का प्रमुख लक्ष्य शिक्षा को ज्यादा समावेशी और छात्रों के हितों को ध्यान में रखने वाला बनाना है। इसके अलावा स्कूल-कॉलेज के कैंपस को राजनीति से मुक्त करना और पढ़ाई की गुणवत्ता को बढ़ाना भी इसका लक्ष्य है। 35 साल के बालेंद्र शाह ने 27 मार्च 2026 को नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

### 5वीं क्लास तक कोई...

नहीं होगी। स्कूल स्तर पर, सरकार ने 5वीं क्लास तक के छात्रों के लिए पारंपरिक आंतरिक परीक्षाओं को खत्म कर दिया है। इसके बजाय, उनकी प्रगति का मूल्यांकन वैकल्पिक और मनोवैज्ञानिक तरीकों से किया जाएगा, जिससे तनाव-मुक्त और समग्र सीखने का माहौल बनेगा।

### एम्स से पढ़ीं निशा...

भूमिका निभाई। तक का सफर नर्सिंग पेशे के बढ़ते दायरे और नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। इसमें कहा गया है कि एम्स में अपने कार्यकाल के दौरान मेहता ने लगातार असाधारण नेतृत्व गुणों, शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी और जिम्मेदारी की एक मजबूत भावना का प्रदर्शन किया। ये ऐसे गुण हैं जिन्होंने स्पष्ट रूप से उच्च नेतृत्व और सार्वजनिक सेवा की ओर उनके मार्ग को आकार दिया है।

हरियाणा सरकार

नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग से लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित फ्लैटों के आवंटन की नीति दिनांक 23.10.2025 के अंतर्गत

**फरीदाबाद शहर में फ्लैट का ड्रा**







30 मार्च, 2026 | दोपहर 1 बजे | DAV Public School, सैक्टर -14, फरीदाबाद

निजी कॉलोनाइजर्स की सूची जिन्होंने ई.डब्ल्यू.एस. नीति दिनांक 23.10.2025 के अंतर्गत आवंटन हेतु फ्लैट्स की पेशकश की

फ्लैट का क्षेत्रफल (लगभग) 200 वर्ग फुट

फ्लैट की कीमत* 1.50 लाख रुपये

| Sr. No. | Name of Project | Location of Project | No of EWS Flats available for allotment |
|---|---|---|---|
| 1 | Royal Heritage | Sector-70, Faridabad | 146 |
| 2 | The Ozone Park Apartments | Sector-86 & 87, Faridabad | 20 |
| 3 | RPS Auria | Sector-88, Faridabad | 64 |
| 4 | RPS Savana | Sector-88, Faridabad | 50 |
| 5 | RPS Auria | Sector-88, Faridabad | 28 |
| 6 | Omexe Hights | Sector-86, Faridabad | 23 |
| 7 | SPA Village & New Heights | Sector-78, Faridabad | 5 |
| 8 | Hills 43 | Sector-43, Faridabad | 2 |
| 9 | Edenwood | Sector-39, Faridabad | 14 |
| 10 | KLJ Group Housing Colony | Sector-77, Faridabad | 125 |
| 11 | Mulberry country | Sector-70, Faridabad | 92 |
| 12 | Emarald Heights | Sector-88, Faridabad | 68 |
| Total | | | 637 |

* आवंटन के लिए अधिकतम मूल्य प्रति फ्लैट ₹1.50 लाख

- मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत फरीदाबाद शहर के विधवा एवं अनुसूचित जाति वर्ग के जिन आवेदकों द्वारा राशि रुपये 10,000 जमा करवाई गई थी तथा सत्यापन उपरांत पात्र पाए गए थे, ऐसे 728 आवेदकों को फ्लैट का आवंटन हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के ऑनलाइन प्लेटफार्म पर ड्रा के माध्यम से किया जाएगा।
- ड्रा में घुमंतु जाति, विधवा तथा अनुसूचित जाति के आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें -
अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय, लघु सचिवालय, सैक्टर-12, फरीदाबाद या हाउसिंग फॉर ऑल विभाग, हरियाणा
दूरभाष 0172-2585852 | वेबसाइट https://hfa.haryana.gov.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana



# भूत बंगला की चौथी बार बदली रिलीज डेट!

**मुंबई।** हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूत बंगला की कई बार रिलीज डेट बदली गई। पहले ये मूवी 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे के मौके पर रिलीज होनी थी। लेकिन, बाद में इसे आगे बढ़ाते हुए 15 मई कर दिया गया। मगर फिर इसमें बदलाव करते हुए नई डेट की घोषणा की गई और बताया गया कि ये अब 10 अप्रैल को बड़े पर्दे पर उतारी जाएगी। हालांकि. अब चौथी बार इसकी तारीख बदली गई, जिसका कारण धुरंधर 2 बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब प्रियदर्शन की फिल्म भूत बंगला'17 अप्रैल को रिलीज होगी। पहले इसका ट्रेलर 30 मार्च को आउट होना था, लेकिन अब ये अप्रेल की शुरुआती हफ्ते में जारी किया जाएगा।

लाइफ Style

# रश्मिका

## रणबाली से लेकर कॉकटेल 2 में आएंगी नजर

शादी के बाद रश्मिका मंदाना कई बड़ी बजट की फिल्मों में नजर आने वाली हैं। इस लिस्ट में रणबाली से लेकर एनिमल पार्क और कॉकटेल 2 जैसी कई फिल्में शामिल हैं। इन फिल्मों में एक्शन, रोमांस और थ्रिलर देखने को मिलेगा।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना इन सभी फिल्मों के जरिए अलग-अलग तरह के किरदार निभाने वाली हैं। दर्शक इन फिल्मों की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'मैसा' एक तेलुगु एक्शन ड्रामा फिल्म है। इसमें रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में रश्मिका एक गोंड जनजाति की महिला का किरदार निभा रही हैं। उनका किरदार बहुत बेबाक, जोशीला, साहसी और मजबूत इच्छाशक्ति वाला है। इस फिल्म का निर्देशन रवींद्र पुल्ले कर रहे हैं। यह फिल्म गोंड जनजाति की संस्कृति और परंपराओं पर आधारित एक भावनात्मक एक्शन थ्रिलर है। 'रणबाली' एक तेलुगु फिल्म है। इसमें रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी के बाद यह उनकी पहली फिल्म साथ में होगी। 'रणबाली' की कहानी 18वीं सदी की है। यह रायलसीमा क्षेत्र के एक बहादुर स्वतंत्रता सेनानी की कहानी है, जो ब्रिटिश राज के खिलाफ लड़ता है। रश्मिका इस फिल्म में विजय की पत्नी जयम्मा का किरदार निभा रही हैं। 'पुष्पा 3: द रैम्पेज' सुपरहिट 'पुष्पा' सीरीज की तीसरी फिल्म है। रश्मिका मंदाना एक बार फिर श्रीवल्ली के रोल में वापसी करेंगी।



## हॉलीवुड मसाला




# पिंकी एंड द ब्रेन शो से हुए थे मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** एनिमेटर और डायरेक्टर बैरी काल्डवेल ने एनिमेनियाक्स और पिंकी एंड द ब्रेन जैसे पॉपुलर शो बनाए थे। इस बेहतरीन कलाकार ने 68 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। बैरी काल्डवेल ने स्कूल ऑफ विजुअल आर्ट्स से ट्रेनिंग ली थी। 1980 में 'फैट अल्बर्ट एंड द कॉस्बी किड्स' जैसे शो से एनिमेशन की दुनिया में कदम रखा था। आगे चलकर उन्होंने वार्नर ब्रदर्स एनिमेशन, वॉल्ट डिज्नी टेलीविजन स्टूडियो और ड्रीमवर्क्स जैसे बड़े स्टूडियो के साथ काम किया।



# यंगर यू म्यूजिक वीडियो में बचपन की यादें कीं साझा

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर, एक्ट्रेस माइली साइरस टीनएज में शो 'हैना मोंटाना'शो से काफी मशहूर हुईं। इस शो की 20वीं एनिवर्सरी से पहले माइली ने अपना एक म्यूजिक वीडियो लॉन्च किया है। इसमें अपने पुराने दिनों को सिंगर ने याद किया है। माइली साइरस ने इंस्टाग्राम पर अपना म्यूजिक वीडियो 'यंगर यू' शेयर किया। साथ ही फैंस के लिए कैप्शन में एक स्पेशल मैसेज लिखा है। वह लिखती हैं, 'मैं आपके साथ 'हैना मोंटाना'शो के 20 साल पूरे होने का जश्न मनाना चाहती हूं। यह गाना आपके लिए है। उस जिंदगी के लिए शुक्रिया जिसमें हम साथ-साथ बड़े हुए हैं। मैं हमेशा आपसे प्यार करती रहूंगी।' आगे वह लिखती हैं, म्यूजिक वीडियो यंगर यू सामने आ गया है।



# सबसे हॉट रोल के बारे में किया खुलासा


**मुंबई।** कृति सेनन, शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कॉकटेल 2' 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। वहीं हाल ही में कृति ने अभी तक के अपने सबसे हॉट किरदार के बारे में बताया। अभिनेत्री का कहना है कि उनका यह रोल दर्शकों को हैरान कर देगा। हाल ही में कृति सेनन ने बताया कि कॉकटेल 2 में उनका नया लुक दर्शकों को हैरान कर देगा। कृति ने कहा, 'मुझे लगता है कि मैं कॉकटेल 2 पहले से काफी अलग दिख रही हूं। यह शायद अब तक का मेरा सबसे हॉट किरदार है।' कृति ने फिल्म कॉकटेल 2 के डायरेक्टर होमी अदजानिया की तारीफ करते हुए कहा, होमी की सौंदर्य समझ बहुत अच्छी है और वह स्वभाव से बहुत कूल हैं। उन्होंने मेरे अंदर एक ऐसा कूल पहलू निकाला है, जिसके बारे में मुझे खुद भी नहीं पता था।



# शेयर की जन्मदिन की यादगार तस्वीर

**मुंबई।** अमीषा पटेल सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। अक्सर वे अपनी थ्रोबैक फोटो साझा करती नजर आती हैं। रविवार को उन्होंने अपने जन्मदिन की एक फोटो शेयर की है। यह वर्षों पुरानी तस्वीर है। अपना वह बर्थडे एक्ट्रेस ने सलमान खान के साथ विदेश में सेलिब्रेट किया था। रविवार को अमीषा ने यह थ्रोबैक फोटो साझा की है। इसमें सलमान खान भी नजर आ रहे हैं। यह अमीषा के एक जन्मदिन की यादगार फोटो है, जो लॉस एंजिल्स में मनाया गया था। एक्ट्रेस ने कैप्शन लिखा है, 'लॉस एंजिल्स, यूएसए में मेरे जन्मदिन के जश्न की एक पुरानी याद, जब हम अपने वर्ल्ड टूर पर थे। सलमान के साथ जन्मदिन का सबसे प्यारा केक काटना, जो हमेशा की तरह अपने सबसे प्यारे अंदाज में नजर आए। सलमान खान और अमीषा पटेल काफी अच्छे दोस्त हैं।

## टीवी मसाला



# रिलीज हुआ मटका किंग का टीजर, 17 को होगा प्रीमियर

**मुंबई।** विजय वर्मा अपनी नई सीरीज 'मटका किंग' के साथ ओटीटी पर दस्तक देने वाले हैं। सीरीज का टीजर रिलीज हो गया है। ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो ने इसकी रिलीज डेट का भी ऐलान किया है। एक मिनट तीन सेकंड के टीजर में दिखाया गया है कि विजय वर्मा एक ऐसे शख्स हैं, जो सट्टेबाज हैं। जुआ से वह मोटा पैसा कमाते हैं और ऐश की जिंदगी जीते हैं। एक सीन में विजय वर्मा मटका लिए नजर आते हैं। टीजर में गुलशन ग्रोवर की भी झलक दिखी है। टीजर जारी करते हुए प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम पर लिखा है **Pot** को उल्टा लिखने पर **Top** बनता है और एक राजा की जगह वहीं होती है। मटका किंग प्राइम वीडियो पर 17 अप्रैल को रिलीज होगी। इस पोस्ट में सीरीज से जुड़े सेलेब्स को टैग किया गया है। 'मटका किंग' में विजय वर्मा, कृतिका कामरा, साई ताम्हणकर, सिद्धार्थ जाधव और अन्य कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके निर्देशक नागराज मंजुले हैं। ये सीरीज 1960 के दशक के बदलते बॉम्बे पर आधारित है। ये कहानी एक कॉटन ट्रेडर के इर्द-गिर्द घूमती है। वह 'मटका' नाम का एक नया जुआ सिस्टम शुरू करता है। वह अमीरों के इस शौक को पूरे देश में फैला देता है।'मटका किंग' के को-प्रोड्यूसर सिद्धार्थ रॉय कपूर ने बताया, 'हमें इस सीरीज की ओर जिस चीज ने सबसे ज्यादा खींचा, वो था इसका बड़े स्तर पर बनाया गया अनोखा वर्ल्ड। इसमें एक ऐसे इंसान की कहानी है, जो तेजी से बदलते समाज में अपनी महत्वाकांक्षा, पहचान और सम्मान के लिए संघर्ष करता है।'

## रजत दलाल ने गुपचुप रचाई शादी

**नई दिल्ली।** बिग बॉस और द 50' जैसे रियलिटी शो में रह चुके रजत दलाल शादी के बंधन में बंध गए हैं। शादी की तस्वीरें खुद रजत ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। रजत को सेलेब्स और फैंस भी शादी की शुभकामनाएं दे रहे हैं। रजत दलाल ने अपनी पत्नी के साथ कई खूबसूरत फोटोज को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इन शादी की तस्वीरों में दोनों बहुत खुश नजर आ रहे हैं। एक फोटो में रजत अपनी पत्नी का हाथ थामे हुए हैं, तो वहीं दूसरी तस्वीर में दोनों एक-दूसरे की आंखों में देखते हुए नजर आ रहे हैं। एक तस्वीरें उनकी जयमाला की रस्म की लग रही है। रजत ने अपनी इन शादी की तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'जीवन के एक नए पहलू की शुरुआत।'



# अनुराग की फिल्म की लीक हुई तस्वीरें

## साथ नजर आए कार्तिक-श्रीलीला

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन और साउथ अभिनेत्री श्रीलीला एक रोमांटिक फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों कश्मीर में हो रही है। सोशल मीडिया पर इस फिल्म के सेट की कुछ तस्वीरें लीक हो रही है, जो फैंस का दिल जीत रही हैं। सोशल मीडिया पर अनुराग बसु की नई फिल्म की कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर लीक हो गई हैं। इन तस्वीरों को कार्तिक और श्रीलीला को एक साथ देखकर उनके फैंस बहुत खुश और उत्साहित हो गए हैं। तस्वीरों में कार्तिक आर्यन, श्रीलीला और डायरेक्टर अनुराग बसु शूटिंग के दौरान बात करते दिख रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों कश्मीर की वादियों में हो रही है। एक तस्वीर में श्रीलीला नीले टॉप और फटी जींस के साथ लाल हिजाब पहने नजर आ रही हैं। वहीं कार्तिक आर्यन उनके पास खड़े नजर आ रहे हैं।



यह फिल्म पहले कई बार टल चुकी है, लेकिन अब लीक हुई तस्वीरों से लग रहा है कि शूटिंग फिर से पटरी पर आ गई है। फिल्म का बड़ा हिस्सा कश्मीर में शूट किया जा रहा है। तस्वीरों में कार्तिक घनी दाढ़ी और लंबे बालों के साथ दिख रहे हैं। यह पहली बार है जब कार्तिक आर्यन और श्रीलीला साथ में स्क्रीन शेयर करेंगे। फिल्म का आधिकारिक नाम और रिलीज डेट अभी तक गुप्त रखा गया है। कार्तिक आर्यन अनुराग बसु की फिल्म के अलावा करण जौहर की फिल्म 'नागजिला' में भी नजर आएंगे। इसके अलावा कार्तिक 'भूल भुलैया' फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म और 'कैप्टन इंडिया' में नजर आएंगे। वहीं श्रीलीला इन दिनों पवन कल्याण की फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' में नजर आ रही हैं।

# दीया पर फिल्म फ्लॉप होने के कारण लगा था पनौती का ठप्पा, राजकुमार हिरानी की 'संजू' ने बदली किस्मत

***नई दिल्ली।*** *दीया मिर्जा की फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' आज भी लोगों की पसंदीदा मूवी है। लेकिन, वह बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी और इस कारण एक्ट्रेस को काम नहीं मिलता था। उन्होंने एक लेटेस्ट इंटरव्यू में बताया कि कैसे उन्हें 'पनौती' कह दिया गया था और उसके बाद उन्हें काम नही मिल रहा था। लेकिन, जब उन्होंने राजकुमार हिरानी की 'संजू' में काम किया तो उनके कॅरियर में एक अहम मोड़ आया था। दीया मिर्जा ने बातचीत में खुलासा किया कि उन्हें पनौती का टैग दिया गया था। लेकिन, संजू ने उनकी लाइफ बदल दी थी। एक्ट्रेस ने बताया, 'मुझै ऐसा लगता है कि मैंने अपने बारे में लोगों के मन बनी सोच को बदल दिया और अपनी एक अलग पहचान बनाई। जब मैंने काम करना शुरू किया*



*था तब मेरी तुलना ऐश्वर्या राय से की जाती थी। मुझे याद है कि मुझे एक अच्छा मौका मिलने वाला था लेकिन उसमें बाधा पैदा हो गई थी। मेरी एक तथाकथित बड़ी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी और इसके कारण काम नहीं मिला। क्योंकि जो लोग मुझे काम देने के लिए लाइन लगाए रहते थे। वो लोग ही आपको अचानक से पनौती और बदकिस्मत समझने लगे थे। तो मैं इन सब चीजों से गुजरी हूं।' जब मैंने*

*काम करना शुरू किया था तब मेरी तुलना ऐश्वर्या राय से की जाती थी। मुझे याद है कि मुझे एक अच्छा मौका मिलने वाला था लेकिन उसमें बाधा पैदा हो गई थी। मेरी एक तथाकथित बड़ी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी और इसके कारण काम नहीं मिला। जो लोग मुझे काम देने के लिए लाइन लगाए रहते थे। वो लोग ही आपको अचानक से पनौती और बदकिस्मत समझने लगे थे। तो मैं इन सब चीजों से गुजरी हूं।एक्ट्रेस ने आगे बताया, 'मेरी हमेशा से ही इच्छा थी कि कुछ और करूं। और ऐसा संजू के बाद ही हुआ। मुझे याद है कि मैंने राजकुमार हिरानी को कॉल किया था, जब वह फिल्म की कास्टिंग कर रहे थे। मैंने उनसे साथ पहले भी लगे रहो मुन्ना भाई में काम किया था। तो मैंने उनसे कहा कि प्लीज, मुझे काम दीजिए। मेरे पास कोई काम नहीं है और मैं नए काम की तलाश में हूं। कोई मुझे काम नहीं दे रहा है। आप ये मूवी कर रहे हैं और मैं वादा करती हूं कि मैं स्क्रीन टेस्ट दूंगी। जहां भी आप चाहें लेकिन आप मुझे काम दीजिए। और उन्होंने कहा कि मुझे रणबीर और टीम के बाकी लोगों से बात करने दो, फिर बताता हूं।*

## 'नजर से दूर, दिल से दूर' कहावत को किया गलत साबित

# गुमनामी के अंधेरे से निकलकर इन सितारों ने फिर से लिखी अपनी तकदीर

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड में वापसी करना आसान है, लेकिन अपनी खोई हुई 'किंगडम' वापस पाना नामुमकिन लगता है। हालांकि शाहरुख खान, सनी देओल और बॉबी देओल जैसे स्टार्स ने हाल के सालों में नामुमकिन को मुमकिन कर दिखाया है। जब ये स्टार्स सालों के 'वनवास' के बाद स्क्रीन पर लौटे तो उन्होंने बॉक्स ऑफिस के सारे पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए। यह रिपोर्ट उन सुपरस्टार्स की कहानी बताती है, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, सब्र और प्रोजेक्ट्स के सही चुनाव से यह साबित कर दिया कि एक सच्चा स्टार कभी फीका नहीं पड़ता, वे बस सही समय का इंतजार करते हैं। बॉलीवुड की ग्लैमरस दुनिया में 'नजर से दूर, दिल से दूर' का उसूल चलता है। जो दिखता है, वही बिकता है। लेकिन, पिछले कुछ सालों में हिंदी सिनेमा के कुछ हीरो ने वापसी की है और इस कहावत को गलत साबित किया है।*

**शाहरुख :** 2018 की फिल्म 'जीरो' की नाकामी के बाद, शाहरुख खान ने ब्रेक लिया जिससे उनके फैन्स परेशान हो गए. 'किंग खान' चार साल तक बड़े पर्दे से गायब रहे, जिससे लोगों ने कहा कि खान्स का जमाना खत्म हो गया है। 2023 में शाहरुख 'पठान' के साथ लौटे. इसके बाद, 'जवान' और 'डंकी' के साथ, उन्होंने एक ही साल में बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया और दुनिया को साबित कर दिया कि 'बादशाह' सिर्फ एक है। इसे बॉलीवुड हिस्ट्री का सबसे बड़ा और सबसे सफल कमबैक माना जाता है।

**सनी :** सनी देओल 90 के दशक के सबसे बड़े एक्शन स्टार थे, लेकिन 2000 के बाद उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर वैसा करिश्मा नहीं कर पाईं. उन्हें लगभग दो दशकों तक एक बड़ी सोलो हिट के लिए संघर्ष करना पड़ा। जब 22 साल बाद 2003 में 'गदर 2' रिलीज हुई, तो सनी देओल ने वही 90 के दशक का वाइब फिर से बनाया। तारा सिंह के उनके किरदार ने उन्हें एक मास सुपरस्टार के रूप में फिर से स्थापित कर दिया। 65 साल की उम्र में इतनी शोहरत हासिल करना किसी चमत्कार से कम नहीं था।




**फरदीन :** फरदीन खान आखिरी बार 2010 में 'दूल्हा मिल गया' में दिखे थे। उसके बाद वह पूरी तरह से लाइमलाइट से गायब हो गए। उनका वजन बढ़ना और पर्सनल प्रॉब्लम चर्चा का विषय थीं। 2024 में फरदीन ने 14 साल बाद संजय लीला भंसाली की सीरीज 'हीरामंडी' से कमबैक किया। इसके तुरंत बाद, वह 'खेल खेल में' में दिखे। उनके लुक्स और एक्टिंग की तारीफ हुई और अब वह फिर से बड़े प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बन रहे हैं।




**संजय :** संजय दत्त का कॅरियर पिछले कुछ सालों में उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। उनकी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर पाईं और हेल्थ प्रॉब्लम्स ने भी उन्हें कुछ समय के लिए स्क्रीन से दूर रखा। 2022 की फिल्म 'केजीएफ: चैप्टर 2' में अधीरा के रोल ने संजय दत्त को खलनायक और अग्निपथ के दौरान मिली ऊंचाइयों पर वापस ला दिया। सालों बाद संजय दत्त ने विलेन के तौर पर ऐसा दबदबा बनाया कि पूरा देश उनका फैन बन गया। उनकी फिल्म 'लियो' (2023), जिसमें थलापति विजय उनके को-स्टार थे, ने भी बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी, जिससे साबित हुआ कि 'संजू बाबा' का चार्म अभी भी कायम है।

**बॉबी :** बॉबी देओल का करियर एक समय खत्म माना जा रहा था। उन्होंने खुद कई इंटरव्यू में माना कि वह सालों तक काम के लिए तरसते रहे और डिप्रेशन में चले गए। उन्होंने 'आश्रम' से अपनी **OTT** जर्नी शुरू की, लेकिन उनका असली राज 2023 की फिल्म 'एनिमल' से आया। सालों के इंतजार के बाद, अबरार के रोल में उनके छोटे से रोल ने उन्हें रातोंरात नेशनल क्रश और लॉर्ड बॉबी बना दिया. आज उनके पास विलेन और लीड रोल, दोनों तरह के कई रोल हैं।

**सुष्मिता :** मिस यूनिवर्स और बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने बीमारी और पर्सनल वजहों से एक्टिंग से 10 साल का ब्रेक लिया था। 2020 में उन्होंने वेब सीरीज 'आर्या' के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कदम रखा। उनके कमबैक ने न सिर्फ उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिलाया, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि एक मजबूत एक्ट्रेस के लिए उम्र और जेंडर कोई मायने नहीं रखते। इस सेकंड इनिंग्स में सुष्मिता ने पहले से भी ज्यादा इज्जत और स्टारडम हासिल किया।

# 11 वर्षों में विकास कार्यों का लाभ हर घर तक पहुंचा

## मुख्यमंत्री ने गोहाना में धन्यवाद एवं विकास रैली में 113 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया

- खानपुर कलां को तहसील अपग्रेड करने व बरोदा और फरमाना में सब-तहसील बनाने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत/गोहाना

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को सोनीपत जिला की गोहाना अनाज मंडी में आयोजित गोहाना विधानसभा की धन्यवाद एवं विकास रैली में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा वासियों को सौगात देते हुए करोड़ों रुपये की घोषणाओं का पिटारा खोल दिया। इसके साथ-साथ उन्होंने 113 करोड़ 62 लाख रुपये की 16 विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें लगभग 20.5 करोड़ के कार्यों का उद्घाटन तथा लगभग 92 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं। उन्होंने खानपुर कलां को तहसील में अपग्रेड करने, बरोदा और फरमाना में सब-तहसील बनाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में विकास कार्यों का लाभ प्रदेश के हर घर तक पहुंचा।




### तेजी से हो रहा विकास

रैली में संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि गोहाना विधानसभा के जनसमर्थन की बदौलत प्रदेश के इतिहास में पहली बार गोहाना में कमल का फूल खिला। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने भी संबोधित किया। इस मौके पर विस उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा,विधायक कृष्णा गहलावत, विधायक निखिल मदान, विधायक देवेंद्र कादियान, पूर्व मेयर राजीव जैन, पूर्व सांसद राम चंद्र जांगड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोहाना बिजेंद्र मलिक, जिला अध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, जिला प्रभारी डॉ. किरण कलकल, नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानीं सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

### वादों को पूरा कर रही सरकार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हम जो कहते हैं, उसे करते भी हैं। इसका प्रमाण है कि पिछले विधानसभा चुनाव में हमने अपने संकल्प पत्र में 217 में से 60 वादों को डेढ़ साल में ही पूरा कर दिखाया है।
यही नहीं 157 वादों पर काम तेज गति से चल रहा है। वहीं गोहाना हलके के विकास को गति देने के लिए साढ़े 11 साल के कार्यकाल में 97 घोषणाएं की, इनमें से 87 का काम पूरा हो चुका है। शेष पर काम चल रहा है।

## पंजाब की जनता आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार और कुशासन से तंग : नायब



### कुरुक्षेत्र में बोले- विपक्ष अफवाह फैला रहा

कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई देशों के बीच चल रहे युद्ध की परिस्थितियों से अवगत करवाते हुए देश के नागरिकों से एकजुट होकर कार्य करने की अपील की है। हम अलग-अलग अफवाहों और झूठ पर ध्यान देने की जरुरत नहीं है। ऐसे कठिन समय में भी विपक्षी पार्टियों लगातार अफवाहों और झूठ को फैला रही हैं।
ऐसी कांग्रेस पार्टी के लोगों के घरों में लॉकडाउन लगा हुआ है और वो ही ऐसी अफवाहें फैला रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को कुरुक्षेत्र भाजपा जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने कुचली परिवार की खुशियां




रायपुर। अभनपुर क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। शादी समारोह से लौट रहे एक परिवार को तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने कुचल दिया, जिसमें 10 वर्षीय बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। यह घटना अभनपुर थाना क्षेत्र के केंद्री स्थित बीआईटी मोड़ के पास हुई। जानकारी के मुताबिक, गरियाबंद जिले के ग्राम कुटेना निवासी जमुना सोनवानी अपनी बेटी राजनंदनी और रिश्तेदारों मंजू बघेल व गोंदा बघेल के साथ सिंगारभांठा गांव में एक विवाह समारोह में शामिल होने आई थीं। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी लोग पैदल वापस लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि 10 साल की मासूम राजनंदनी की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत अभनपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायल महिलाओं का इलाज जारी है और उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

### अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबल के जवानों ने पेश की मानवता की अद्भुत मिसाल

# दर्द से कराह रही गर्भवती महिला को जंगल एवं दुर्गम पहाड़ी रास्ते से ले जाकर जवानों ने पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ में अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबल के जवानों के काम की तारीफ हो रही है। नक्सल विरोधी अभियान पर तैनात आईटीबीपी के जवानों ने एक गर्भवती महिला की जिंदगी बचाई है। इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान के अंदर बसे बोटेर गांव में अचानक एक महिला को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। महिला दर्द से तड़प रही थी। इस बात की जानकारी जैसे ही आईटीबीपी के जवानों को हुई। जवानों ने महिला के सफल रेस्क्यू किया।

सुरक्षाबल के जवान करीब 5 किलोमीटर तक दुर्गम जंगल और पहाड़ी रास्तों से स्ट्रेचर पर लिटाकर महिला को अस्पताल पहुंचा। महिला ने अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया। डॉक्टरों के अनुसार, समय पर अस्पताल पहुंचने के कारण मां और नवजात दोनों सुरक्षित हैं। दरअसल, घटना 27 मार्च की है। बोटेर गांव में तैनात सुरक्षाबल के जवानों को सूचना मिली की एक गर्भवती महिला की हालत गंभीर है। वह प्रसव पीड़ा के कारण तड़प रही है। जिस इलाज की जरुरत है। ऐसे में आईटीपीबीपी की 29वीं बटालियन की एक क्विक रिएक्शन टीम मौके पर पहुंची और महिला का सुरक्षित रेस्क्यू किया। बोटेर गांव कभी नक्सल प्रभावित था। इस गांव में अभी भी पहुंचने के लिए सड़क नहीं है। दुर्गम पहाड़ी में बसे इस गांव में सुरक्षाबल के जवान नक्सल विरोधी अभियान के तहत सर्चिंग अभियान चला रहे थे। गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाने के लिए जवानों ने ओरछा स्थित सीओबी से एंबुलेंस को अलर्ट रहने के लिए कहा था लेकिन रास्ता नहीं होने के कारण एंबुलेंस की टीम वहां नहीं पहुंच सकी। जिसके बाद जवानों ने घने जंगल, ऊबड़-खाबड़ पगडंडियां और खड़ी चढ़ाइयों के बीच हाथ से बनाए गए स्ट्रेचर पर महिला को लेटाकर करीब 5 किमी तक पैदल चले। जवान महिला को बोटेर और कुदमेल के बीच वहां पहुंचे जहां पहले से एंबुलेंस खड़ी थी। उसके बाद महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओरछा में भर्ती कराया। गांव में जाने का रास्ता नहीं



### कोटा क्षेत्र के बेलगहना स्थित कुरदर के एथनिक रिसार्ट का मामला

# पर्यटन मंडल के रिसॉर्ट में हिरण के शिकार के बाद बनाया उसका मीट, मैनेजर समेत चार गिरफ्तार

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में हिरण के शिकार का मामला सामने आया है। पर्यटन मंडल के रिसार्ट में हिरण के शिकार के बाद उसका मीट बनाया गया था। वन विभाग की टीम ने रिसार्ट में छापेमारी कर हिरण के पके मीट बरामद किए है। इसके साथ ही रिसार्ट के मैनेजर समेत 4 कर्मचारियों को मौके से गिरफ्तार किया है। मामला कोटा क्षेत्र के बेलगहना स्थित कुरदर के एथनिक रिसार्ट का है। टीम को सूचना मिली थी की बेलगहना वन परिक्षेत्र के कुरदर स्थित प्राइवेट रिसार्ट में हिरण के शिकार के बाद उसका मांस पकाया जा रहा था। जिसके बाद अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने छापेमारी करते हुए किचन में पहुंची। जहां हिरण के मांस को पकाया जा रहा था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि एथनिक रिसार्ट का संचालन पर्यटन मंडल के द्वारा किया जाता है। इस रिसॉर्ट में 8 से 10 कर्मचारी काम करते हैं। हिरण के मांस का मीट रिसार्ट के मैनेजर और कर्मचारियों के लिए बनाया जा रहा था। टीम ने छापेमारी करते हुए कुक रामकुमार टोप्पो, रिसॉर्ट के मैनेजर रजनीश सिंह समेत दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि सभी के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण कानून के उल्लंघन का केस दर्ज किया गया है।



### ये रही मामले की खास बातें

पर्यटन मंडल द्वारा संचालित था रिसार्ट रिसार्ट में मैनेजर के लिए पक रहा था मीट, वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर पकड़ा, जांच के लिए जबलपुर भेजा गया मांस का सैंपल, मुखबिर की सूचना पर वन विभाग का छापा, मैनेजर ने कहा मांस की जानकारी नहीं वन विभाग के अधिकारियों की पूछताछ में रिसार्ट के मैनेजर रजनीश सिंह ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं कि किचन में जो मांस पकाया जा रहा था वह किस जानवर का है। उन्होंने कहा कि कुक को पता होगा कि मांस किसका है। वहीं, कुक ने कहा कि गांव के एक बैगा ने उसे मांस लाकर दिया था जिस कारण से उसे भी जानकारी नहीं है कि यह मांस किसका है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि किचन से जब्त मांस की जांच के लिए उसके सैंपल को जबलपुर लैब भेजा जाएगा। हिरण का मांस होने पर कार्रवाई की जाएगी।

### दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की

# छिंदवाड़ा हादसा लापरवाही और दबाव की राजनीति का परिणाम


घायलों से मिलते पटवारी।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू ने हादसे के घायलों से मुलाकात कर पूछी कुशलक्षेम

- घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की
- वरिष्ठ नेतागण इस दौरान उपस्थिति रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी शनिवार को छिंदवाड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से लौटते समय हुई भीषण सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से भेंट कर गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं और दिवंगत आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवारों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

पटवारी ने अस्पताल पहुंचकर दुर्घटना में घायल लोगों से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान विधायकगण सोहन वाल्मीकि, निलेश उइके, सुनील उइके, विजय चौरे, सुजीत चौधरी, जिला कांग्रेस प्रभारी सुनील जायसवाल एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।


हादसे के पीड़ित परिवारों से चर्चा करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी।

### पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा नहीं दियाः जीतू

जीतू पटवारी ने कहा कि छिंदवाड़ा की यह घटना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। यह केवल एक सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि सरकार की लापरवाही, अव्यवस्था और जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने का परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों को डराकर और दबाव बनाकर कार्यक्रम में शामिल किया गया। महिलाओं को 1500 का प्रलोभन देकर सभा में ले जाया गया, जिसके चलते यह दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें 10 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हुए। उन्होंने कहा कि हादसे के बाद भी सरकार का रवैया संवेदनहीन रहा और पीड़ित परिवारों को न तो उचित मुआवजा दिया गया और न ही पर्याप्त राहत दी गई।

### मामले में ठोस कार्रवाई का अभाव चिंता का विषय

पटवारी ने यह भी कहा कि छिंदवाड़ा में इससे पहले कथित रूप से सिरप पीने से 26 बच्चों की मौत का मामला सामने आया था, जो प्रशासनिक लापरवाही की गंभीर तस्वीर पेश करता है। ऐसे मामलों में ठोस कार्रवाई का अभाव चिंता का विषय है।

### पूरे क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल, पुलिस बल तैनात

# मामूली विवाद ने ले लिया हिंसक रूप, दो पक्षों में जबरदस्त विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आजाद चौक थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मोमिन पारा और बढ़ई पारा इलाके में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिससे पूरे क्षेत्र में तनाव फैल गया। हालात को काबू में करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल को मौके पर तैनात करना पड़ा।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विवाद की जड़ एक बाइक टक्कर को बताया जा रहा है। बढ़ई पारा के कुछ नाबालिग लड़कों की बाइक से हुई टक्कर के बाद मोमिन पारा के युवकों के साथ कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते झगड़े में बदल गई। रात करीब 10:30 से 11 बजे के बीच शुरू हुए इस विवाद ने जल्द ही दोनों पक्षों के अन्य लोगों को भी अपनी चपेट में ले आया। स्थिति तब और बिगड़ गई जब दोनों ओर से लाठी-डंडों के साथ हमला शुरू हो गया।




### भय और अफरा-तफरी का माहौल

*झड़प में तीन युवकों के सिर पर गंभीर चोटें आईं, जबकि दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस दौरान कुछ लोगों द्वारा धारदार हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया, जिससे भय और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंच गए, जिससे माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर 50 से अधिक जवानों और अधिकारियों को तैनात कर स्थिति को नियंत्रण में लिया।*

### मध्यप्रदेश प्रकृति संरक्षण शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को दी ट्रेनिंग

### प्रकृति संरक्षण के लिए शिक्षकों का विशेष प्रशिक्षण

# प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने की कला सिखाने शिक्षकों को दी प्राकृतिक शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार प्रकृति संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित मध्यप्रदेश प्रकृति संरक्षण शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमपीटीटीएनसी 2025-2028) के तहत शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2021 में हुए कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़-26 में प्रारंभ किए गए मिशन लाइफ (लाइफ स्टायल फॉर एनवारनमेंट) के उद्देश्यों से प्रेरित यह प्रशिक्षण डब्ल्यूडब्ल्यूएफ -इंडिया, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान (भोपाल) और पीसीपीसी के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। इसका लक्ष्य प्रकृति के अविवेकपूर्ण उपभोग के स्थान पर सचेत और विचारशील उपयोग को बढ़ावा देना है। शिक्षक प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को प्रकृति संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन और प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवनशैली के संबंध में प्रशिक्षित कर विद्यार्थियों को जिम्मेदार और जागरुक नागरिक के रूप में विकसित करना है।

#### पन्ना नेचर कैंप्स के अनुभव से मिली प्रेरणा

*शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम की परिकल्पना पूर्व में आयोजित पन्ना नेचर कैंप्स की सफलता से प्रेरित हो कर की गई है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ -इंडिया के सहयोग से संचालित इन शिविरों ने पन्ना टाइगर पुनर्स्थापन परियोजना की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लगभग 15 वर्षों तक चले इस प्रयास ने यह सिद्ध कर दिया कि संरक्षण कार्योंमें समाज और समुदाय की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।*

#### पर्यावरण संरक्षण के संवैधानिक दायित्व पर फोकस

*शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में इस तथ्य पर विशेष जोर दिया गया कि राज्यों को पर्यावरण की रक्षा और सुधार का दायित्व देता है, जबकि हर नागरिक को प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करने और सभी जीवों के प्रति करुणा रखने का मौलिक कर्तव्य सौंपता है। इसके तहत वन, झील, नदियां और वन्यजीवों की सुरक्षा को सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में रेखांकित किया गया है। प्रकृति संरक्षण की चुनौतियों पर चर्चा शिक्षक प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम में प्रकृति संरक्षण से जुड़ी वर्तमान चुनौतियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई है।*

# एसजीटीयू की शार्ट फिल्म का 'एमिटी फेस्ट' में डंका, पाया पहला स्थान




गुरुग्राम। दमदार सामाजिक संदेश, सजीव अभिनय, कुशल निर्देशन और तकनीकी दक्षता के दम पर श्री गुरु गोबिंद सिंह ट्राई सेंटेनरी यूनिवर्सिटी (एसजीटीयू) के छात्रों ने मोहाली के एमिटी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कल्चरल फेस्ट में श्रेष्ठता की बाजी अपने नाम की। यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इमर्जिंग मीडिया, कम्युनिकेशन एंड फिल्म स्टडीज के छात्रों ने एमिटी यूनिवर्सिटी पंजाब में आयोजित प्रतिष्ठित सांस्कृतिक उत्सव 'एमिफोरिया 2026' में प्रथम स्थान हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया। देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों की 19 लघु फिल्मों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा में एसजीटीयू की प्रविष्टि ने 'डायरेक्टर्स कट' श्रेणी में 'बेस्ट फिल्म' का अवार्ड जीतने के साथ 5000 रुपये का नकद पुरस्कार भी अपने नाम किया। विजेता लघु फिल्म 'ईयरफोन-ए वायरस' ने एक सशक्त सामाजिक संदेश प्रस्तुत किया, जिसमें ईयरफोन के अत्यधिक और लापरवाह उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से दिखाया गया। फिल्म ने दर्शाया कि एक छोटी-सी आदत, जिसकी यदि अनदेखी की जाए, तो कैसे गंभीर समस्या का रूप ले सकती है।

### केंद्रीय गृह मंत्री शाह की दी गई समयसीमा के बीच तेज हुआ ऑपरेशन

### बस्तर में नक्सल उन्मूलन अभियान निर्णायक दौर में

# नक्सलमुक्ति की ओर छत्तीसगढ़: 4 हजार नक्सली आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटे

## पापाराव के सरेंडर से कमजोर पड़ा माओवाद, माओवादियों की संख्या व हथियारों का जखीरा हुआ कम

जगदलपुर से लौटकर मनीष मान ▶▶

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद खत्म होने की कगार पर है। अब तक करीब 4 हजार नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में वापसी की है, जिससे नक्सली संगठन बेहद कमजोर हो चुका है। बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि माओवादियों की संख्या लगातार घट रही है और हथियारों का जखीरा भी कम हुआ है।

गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 31 मार्च तक देश को नक्सलमुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों ने कार्रवाई और तेज कर दी है। इसके फलस्वरूप सफलता भी मिल रही है।


अभियान की जानकारी देते सुरक्षा बल के अधिकारी।

### 2024-25 में सुरक्षा बलों ने 600 माओवादी ढेर किए

आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि वर्ष 2024-25 में सुरक्षा बलों ने करीब 600 माओवादियों के शव बरामद किए, जो इस अभियान की सफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य पूरा होने के बाद भी नक्सल विरोधी ऑपरेशन जारी रहेगा, ताकि किसी भी तरह की पुनसक्रियता को रोका जा सके।

### सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर हिंसा का रास्ता छोड़ रहे नक्सली

कांकेर और राजनांदगांव सीमा पर मुठभेड़ के बाद चार महिलाएं समेत छह नक्सलियों ने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया। इन नक्सलियों ने सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर हिंसा का रास्ता छोड़ने का फैसला लिया। सबसे बड़ा झटका नक्सल संगठन को तब लगा, जब बस्तर के आखिरी बड़े कैडर पापाराव उर्फ मंगू ने अपने साथियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। वह एके-47 जैसे आधुनिक हथियारों के साथ बीजापुर में सरेंडर करने पहुंचा। पापाराव पश्चिम बस्तर डिवीजन का प्रमुख चेहरा था और उसके समर्पण से संगठन लगभग खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है।


फाइल फोटो

### 26 महीनों में 2700 से अधिक नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके

सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत पिछले 26 महीनों में 2700 से अधिक नक्सली मुख्यधारा में लौट चुके हैं। आईजी सुंदरराज पी. ने शेष नक्सलियों से भी हिंसा छोड़कर सम्मानजनक जीवन अपनाने की अपील की है। उनका कहना है कि और भी नक्सली मुख्यधारा में लौटने के लिए तैयार हैं। इससे साफ है कि छत्तीसगढ़ अब नक्सलमुक्ति की ओर तेजी से बढ़ रहा है और बस्तर क्षेत्र में शांति स्थापना की उम्मीद मजबूत हो गई है।

## चिंतन

# चुनाव में नारी ही 'नारायणी'

देश में अगले महीने होने जा रहे 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय लोकतंत्र में महिला मतदाता अब केवल संख्या नहीं, बल्कि निर्णायक शक्ति बन चुकी हैं। राजनीतिक दलों की रणनीतियों का केंद्र अब 'नारी शक्ति' ही है, जिसे कभी 'नारायणी' तो कभी 'तारणहार' के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रश्न यह है कि क्या यह वास्तविक सशक्तिकरण है या फिर चुनावी लाभ का सुनियोजित गणित? पांच राज्यों के चुनावी परिदृश्य पर नजर डालें तो साफ दिखता है कि चार राज्यों तमिलनाडु, असम, केरल और पश्चिम बंगाल में सरकारों और दलों ने महिलाओं को सीधे नकद सहायता देने की योजनाओं पर बड़ा दांव लगाया है। इन योजनाओं के तहत करोड़ों महिलाओं के खातों में हजारों करोड़ रुपये ट्रांसफर किए जा रहे हैं। तमिलनाडु में 2-2 हजार रुपये का विशेष पैकेज, असम में बिहू के अवसर पर 4-4 हजार रुपये, केरल में मासिक सहायता के रूप में एक-एक हजार और पश्चिम बंगाल की 'लक्ष्मी भंडार' योजना, ये सभी उदाहरण इस नए चुनावी ट्रेंड को दर्शाते हैं। इन योजनाओं का दायरा भी कम नहीं है। चारों राज्यों में लगभग 4.1 करोड़ महिलाएं इनका लाभ ले रही हैं, जो कुल मतदाताओं का लगभग 23% हैं। यह आंकड़ा अपने आप में बताता है कि राजनीतिक दलों के लिए यह वर्ग कितना महत्वपूर्ण हो चुका है। यही कारण है कि पिछले 5 वर्षों में ऐसी नकद हस्तांतरण योजनाओं वाले राज्यों की संख्या एक से बढ़कर 15 हो गई है और कुल मिलाकर 13 करोड़ से अधिक महिलाओं को सालाना 2.46 लाख करोड़ रुपये तक की सहायता दी जा रही है। इन योजनाओं का एक सकारात्मक पक्ष भी है। ये महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम हो सकती हैं। विशेषकर ग्रामीण और निम्न आय वर्ग की महिलाओं के लिए यह सहायता जीवन स्तर सुधारने, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च करने में सहायक बन सकती हैं। हरियाणा की 'लाडो लक्ष्मी', मध्य प्रदेश की 'लाड़ली बहना' या कर्नाटक की 'गृह लक्ष्मी' जैसी योजनाओं ने यह दिखाया है कि यदि सही ढंग से लागू हों, तो ये योजनाएं राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर प्रभाव डाल सकती हैं, लेकिन इसका दूसरा पहलू भी उतना ही गंभीर है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि इन योजनाओं के बढ़ते बोझ का असर राज्यों की वित्तीय स्थिति पर पड़ रहा है। कई राज्यों को अपने विकास कार्यों में कटौती करनी पड़ रही है। महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे बड़े राज्यों में महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर खर्च घटाने के उदाहरण सामने आए हैं। 'मुफ्त योजनाओं' की बढ़ती प्रतिस्पर्धा एक खतरनाक प्रवृत्ति को जन्म दे रही है, जो दीर्घकाल में आर्थिक असंतुलन पैदा कर सकती हैं। इस संदर्भ में यह भी जरूरी है कि महिला सशक्तिकरण को केवल नकद सहायता तक सीमित न रखा जाए। वास्तविक सशक्तिकरण तब होगा, जब महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सुरक्षा के बेहतर अवसर मिलें। आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम, कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देना कहीं अधिक स्थायी समाधान हो सकता है। कुल मिलाकर यह कहना गलत नहीं होगा कि चुनावों में नारी आज 'नारायणी' बन चुकी हैं। परंतु यह परिवर्तन केवल राजनीतिक लाभ का माध्यम न बन जाए, इसका ध्यान रखना आवश्यक है। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि मतदाता अल्पकालिक लाभ के बजाय दीर्घकालिक विकास और सुशासन को प्राथमिकता दें। तभी सच्चे अर्थों में नारी शक्ति का सम्मान और राष्ट्र का समग्र विकास संभव हो सकेगा।

## स्वास्थ्य

बाल मुकुन्द ओझा



# घटिया और नकली दवाओं से बिगड़ रही देश की सेहत

सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद देश में घटिया और नकली दवाओं पर पूरी तरह लगाम नहीं लगाई जा सकी है, जिसके कारण देश के लाखों लोगों की सेहत सुधरने के बजाय बिगड़ रही है। भारत में नकली, घटिया और अवैध दवाओं का धंधा तेजी से फैल रहा है, जिसकी वजह से रोगियों की जान जोखिम में है। विशेषज्ञों के मुताबिक जो दवाएं धोखाधड़ी से निर्मित या पैक की गई हैं, उन्हें नकली और घटिया दवाएं कहा जाता है क्योंकि उनमें या तो सक्रिय अवयवों की कमी होती है या गलत खुराक होती है। नकली दवाओं के काले-कारोबार पर पुलिस और सरकारी एजेंसियों की छापेमारी की खबरें आये दिन मीडिया की सुर्खियां बनती हैं। अनेक बार लाखों करोड़ों रुपयों की घटिया दवाएं खपत होने के बाद सरकारी एजेंसियों की नज़र में आती है। बहुदा ऐसा भी देखा जाता है कि जब तक इन दवाओं की घटिया होने की रिपोर्ट आती है, तब तक ये बाजार में बिक चुकी होती हैं। रोजमर्रा में काम आने वाली दवाओं के जांच में फेल होने पर लोग सकते में है। केंद्रीय औषधि नियामक ने अपनी कई रिपोर्टों में साफतौर पर जाहिर किया है कि बुखार, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, पेट में संक्रमण आदि स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिन दवाओं का आप इस्तेमाल करते हैं, असल में उनकी क्वालिटी खराब है। इतना ही नहीं, बहुत सी दवाएं तो नकली हैं, जिन्हें बड़ी कंपनियों के ब्रांड के नाम से बेचा जा रहा है। इन दवाओं के उपयोग को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंताएं पैदा हो गई हैं। आप दवाई खरीदने के लिए बाजार में जा रहे हैं तो पूरी सावधानी और सतर्कता बरतते हुए दवाइयों की जांच करके लें और अपनी दवाइयों को डॉक्टर को एक बार जरूर दिखा दें, क्योंकि इन दिनों बाजार में घटिया दवाइयों को असली बता कर खुलेआम बेचा जा रहा है। देश में हर बीमारी के लिए नकली दवाएं उपलब्ध हैं। इन नकली दवाओं की पहचान करना आप और हमारे लिए बेहद मुश्किल और लगभग असंभव है। हमारे देश में अंग्रेजी दवाइयों ने घर-घर में अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया है। जिसे देखो अंग्रेजी दवाइयों के पीछे भागता मिलेगा। सामान्य बीमारियों से लेकर असाध्य बीमारियों की दवा आज घरों में मिल जाएगी। इनमें चिकित्सकों द्वारा लिखी दवाइयों के अलावा वे दवाइयां भी शामिल हैं जो मेडिकल स्टोर्स से बीमारी बताकर खरीदी गई हैं अथवा गूगल से खोजकर निकाली गई हैं। ये दवाइयां असली हैं या घटिया अथवा नकली, ये भी आम लोगों को मालूम नहीं है। घटिया दवाइयों का बाजार आजकल खूब फलफूल रहा है। आए दिन घटिया और नकली दवाइयां बरामद करने की खबरें मीडिया में सुर्खियों में पढ़ने को मिल रही हैं। इन दवाइयों के सेवन से साधारण खांसी-बुखार और जुकाम को ठीक होने में एक पखवाड़ा या महीना लग जाता है। इसके बावजूद ऐसी दवाइयां खरीदने में हमें कोई हिचकिचाहट नहीं हो रही है। भारत दवाओं का सबसे ज्यादा प्रोडक्शन करने वाला देश है। मगर देशवासियों को अच्छी गुणवत्ता की दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन के मुताबिक, भारत में फार्मा इंडस्ट्री बीते कुछ सालों में तेजी से बढ़ रही हैं। इसमें साल 2020 से 2025 के बीच 37 प्रतिशत कंपाउंडएनुअल ग्रोथ का अनुमान जताया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सबसे अधिक मात्रा में दवाइयां बनाने में भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा देश है। देश में सबसे तेज गति से बढ़ रहे इस कारोबार के 55 बिलियन डॉलर तक पहुंचने के साथ ही नकली और घटिया दवाओं का अवैध कारोबार भी बढ़ रहा है, जिससे लोगों की जान पर खतरा बढ़ता जा रहा है। एसोचैम ने अपनी एक रिपोर्ट में देश में बनने वाली कुल दवाओं का 25 प्रतिशत नकली और खराब गुणवत्ता वाली दवाएं बनने और बिकने का खुलासा किया था, जो विश्व की कुल नकली दवाओं का 35 प्रतिशत है। देश में नकली और घटिया दवाओं की बाढ़ आ गई है। आए दिन देश के विभिन्न भागों में घटिया और अमानक दवाएं पकड़ी जा रही हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत सहित विभिन्न देशों में नकली दवाओं का कारोबार लगभग तीस अरब डॉलर तक पहुंच गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत नकली दवाओं का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है। भारत में 25 फीसदी के करीब दवाइयां नकली बिक रहीं हैं।




( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अब वैश्विक शिक्षा केंद्र बनने का अवसर



संभावनाएं

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**वर्ष 2025 में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी की रैंकिंग में भारतीय शैक्षणिक संस्थानों का अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है। भारत ने इस साल विभिन्न विषयों और संकाय क्षेत्रों में शीर्ष 50 में से 27 स्थान हासिल किए हैं, जो कि पिछले वर्ष 2024 में दर्ज किए गए 12 स्थानों की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। वास्तव में यह रैंकिंग भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली की बढ़ती वैश्विक साख और भविष्य की संभावनाओं को दर्शाती है। इस समय भारत एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शिक्षा गंतव्य देश बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही वर्ष 2030 तक भारत आने वाले विदेशी छात्रों की संख्या में हर साल लगभग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी का अनुमान है।**

इन दिनों वैश्विक शिक्षा केंद्रों पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में भारत के वैश्विक शिक्षा के नए केंद्र के रूप में स्थापित होने की संभावनाएं प्रस्तुत की जा रही हैं। हाल ही में 25 मार्च को वैश्विक उच्च शिक्षा सेवाओं का मूल्यांकन करने वाली ख्याति प्राप्त अग्रणी कंपनी ब्रिटेन स्थित क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा प्रकाशित 16वीं वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2025 में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी की रैंकिंग में भारतीय शैक्षणिक संस्थानों का अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है। भारत ने इस साल विभिन्न विषयों और संकाय क्षेत्रों में शीर्ष 50 में से 27 स्थान हासिल किए हैं, जो कि पिछले वर्ष 2024 में दर्ज किए गए 12 स्थानों की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। वास्तव में यह रैंकिंग भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली की बढ़ती वैश्विक साख और भविष्य की संभावनाओं को दर्शाती है।

रिपोर्ट के मुताबिक इस समय भारत एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शिक्षा गंतव्य देश बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही वर्ष 2030 तक भारत आने वाले विदेशी छात्रों की संख्या में हर साल लगभग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी का अनुमान है। गौरतलब है कि जहां वर्ष 2022 में 39 हजार से अधिक विदेशी छात्र भारत आए थे, वहीं वर्तमान में लगभग 200 देशों के 72 हजार से अधिक विदेशी छात्र भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत हैं। अब केंद्र सरकार ने 'स्टडी इन इंडिया' पहल के तहत 2030 तक प्रतिवर्ष 2 लाख विदेशी छात्रों को आकर्षित करने का लक्ष्य रखा है। यह संकेत है कि सरकार भारत को केवल प्रतिभाओं की आपूर्तिकर्ता के रूप में नहीं, वरन वैश्विक शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करने की राह पर आगे बढ़ रही है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि अब हर साल बड़ी संख्या में गुणवत्तापूर्ण कौशल, अनुसंधान सुविधाओं और उच्च शिक्षा के बाद विदेश में ही करियर के अवसरों को पाने के मद्देनजर विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या लगातार घट रही है। हाल ही में संसद में बताया गया कि वर्ष 2023 में 9.08 लाख भारतीय छात्र विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए गए थे। वर्ष 2024 में यह संख्या गिरकर 7.7 लाख पर आ गई और वर्ष 2025 में यह संख्या और घटकर 6.26 पर पहुंच गई। निसंदेह भारत में वर्ष-प्रतिवर्ष उच्च शिक्षा के लिए आने वाले विदेशी छात्रों की बढ़ती संख्या और भारत से उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में कमी के कई कारण हैं। सरकार ने पिछले कुछ सालों में उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के कई कदम उठाए हैं। 'नेशनल एजुकेशन पॉलिसी' (एनईपी) 2020 के जरिए शिक्षा व्यवस्था में सुधार किए गए हैं। एनईपी के तहत एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड करने, मान्यता देने की व्यवस्था मजबूत करने, रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देने और डिजिटल एजुकेशन का विस्तार करने का अभियान लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। उच्च शिक्षा में ऐसे गुणात्मक सुधार से भारत के शिक्षा संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक मान्यता मिल रही है। यही कारण है कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय संस्थानों की संख्या 2014-15 के मात्र 11 से बढ़कर नवीनतम संस्करण में 54 हो गई है। वैश्विक स्तर की शिक्षा व्यवस्था को भारत में लाने के मद्देनजर 19 विदेशी यूनिवर्सिटीज को भारत में कैंपस स्थापित करने की इजाजत दी गई है। इससे जिस वैश्विक शिक्षा के लिए



पहले छात्रों को विदेश जाना पड़ता था, अब वही शिक्षा आसानी से भारत में ही मिलने की व्यवस्था सुनिश्चित हुई है। निश्चित रूप से विदेशी यूनिवर्सिटीज को भी भारत में बड़ी संख्या में छात्र मिलने का लाभ है। भारत में उच्च शिक्षा की मांग में तेजी से वृद्धि हो रही है।

इस समय उच्च शिक्षा में छात्रों की जो संख्या 4.46 करोड़ से अधिक है, वह बढ़कर 2035 तक 8.6 करोड़ से अधिक होने की उम्मीद है। चूंकि वैश्विक यूनिवर्सिटीज भारत में डिग्री प्रदान कर सकती हैं, अतएव छात्रों के लिए विदेश जाने के खर्च और अनिश्चितताओं के बिना अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भारत में ही लेना लाभप्रद है। इतना ही नहीं, भारतीय छात्रों के लिए शिक्षा के प्रमुख गंतव्य देश, खासकर अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में आव्रजन नियमों में सख्ती आई है और वीजा जांच के अलावा वित्तीय लागत बढ़ गई है। हाल ही में प्रकाशित अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट की रिपोर्ट मार्च 2026 के मुताबिक पिछले वर्ष जनवरी से अगस्त 2025 के बीच अमेरिका के द्वारा परमानेंट रेजिडेंट और टेंपरेरी वीजा मंजूरी में साल भर पहले की तुलना में 11 फीसदी की कमी आई है। इसका असर भारत के छात्रों पर अधिक पड़ा है और अमेरिका जाने वाले छात्रों की संख्या में तेज गिरावट आई है। इतना ही नहीं, अमेरिका में जो छात्र अध्ययनरत हैं, उनके लिए भी रोजगार ढूंढना मुश्किल हो गया है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि सरकार हरसंभव तरीके से भारत को वैश्विक शिक्षा व डिजिटल शिक्षा का केंद्र बनाने के लिए प्रयास कर रही है। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के तहत शिक्षा व्यवस्था के विभिन्न आवंटनों को वैश्विक शिक्षा और अर्थव्यवस्था की वास्तविक जरूरतों के मद्देनजर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), इनोवेशन, ऑटोमेशन, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल बिजनेस से सम्बद्ध करने संबंधी प्रभावी पहल की गई है। निश्चित रूप से भारत के पास बदलते हुए दौर में उच्च शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनने के अवसर मौजूद हैं। इसे मुठ्ठी में करने के लिए रणनीतिक रूप से और तेजी से आगे बढ़ना होगा। देश को शिक्षा के तहत आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में तेजी से उन्नत कौशल विकसित करने की रणनीति अपनाना होगी। देश में वैश्विक शिक्षा को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण बनाकर खासतौर से एशिया, अफ्रीका, पश्चिम एशिया सहित कई विकसित और विकासशील देशों के छात्रों के कदम भारत की यूनिवर्सिटीज की ओर मोड़ने के लिए प्रयास करने होंगे।

भारत को इंजीनियरिंग, प्रबंधन, स्वास्थ्य विज्ञान, डिज़ाइन, मीडिया और उभरती प्रौद्योगिकियों की वैश्विक शिक्षा का हब बनाने के विशेष प्रयत्न करने होंगे। देश की यूनिवर्सिटीज को उद्यमिता, नवाचार, अनुसंधान की गुणवत्ता, प्रयोगशालाओं में निरंतर निवेश, वैश्विक संस्थानों के साथ आसान सहयोग, नियामक ढांचों के लिए कठोर मानकों के साथ यूनिवर्सिटिज को अधिक स्वायत्तता से वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना होगा। देश में विदेशी परिसरों को आकर्षित करने के मद्देनजर भारतीय यूनिवर्सिटियों की रैंकिंग को और ऊंचाई पर पहुंचाना होगा। इन सबके साथ-साथ सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा और डिजिटल शिक्षा पर निवेश बढ़ाना होगा। उम्मीद करें कि सरकार पश्चिम एशिया युद्ध से बदलती हुई दुनिया में भारत को एआई तथा भविष्य की टेक्नोलॉजी पर आधारित वैश्विक और डिजिटल शिक्षा का ऐसा सस्ता और गुणवत्तापूर्ण हब बनाने की राह पर आगे बढ़ेगी, जिससे भारत से उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में और कमी आए तथा विदेश से उच्च शिक्षा के लिए भारत आने वाले छात्रों की संख्या में और वृद्धि हो।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# शिव के अंश से जन्म पर मनुष्य होता है ज्ञानी



संकलित

**दर्शन**

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम्। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम-भक्ति कुछ कम भी हो जाए तो फिर और एक समय यह यदुवंश का ध्वंस करने वाले मूसल की तरह देखते ही बढ़ भी जाती है।

# जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित

**प्रेरणा**

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आम जन को समझदारी बरतनी होगी

ईरान और इजरायल युद्ध के कारण हमारा देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के लगभग सभी देश पैट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कमी आने के कारण चिंता में हैं। लगभग सभी देश यहीं से आने वाले कच्चे तेल, पैट्रोल, डीजल और रसोई गैस पर निर्भर हैं। हमारा देश भी इससे अछूता नहीं है। केंद्र सरकार इस समस्या का हल निकालने के लिए प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए देश के लगभग सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात भी की है। लेकिन यह भी सच है कि कुछ लोग इन चीजों को लेकर अफवाहों को फैलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। इन अफवाहों के कारण कुछ लोग इन चीजों की जमाखोरी और कालाबाजारी भी कर रहे हैं। इन चीजों का उपयोग आम जन को समझदारी से करना होगा।

*- सांकेत अग्रवाल, धमतरी*

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया ने मिसाइल इंजन का किया परीक्षण

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने उच्च शक्ति वाले ठोस ईंधन इंजन के परीक्षण का अवलोकन किया और इसे देश की सामरिक सैन्य क्षमता को बढ़ाने वाला घटनाक्रम बताया। सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। यह परीक्षण संभवतः इस बात का संकेत है कि किम ऐसी मिसाइलों के जखीरे का विस्तार एवं आधुनिकीकरण करना चाहते हैं जो अमेरिका की मुख्यभूमि तक पहुंचने में सक्षम हो। 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के यह जानकारी देने से कुछ दिन पहले ही, किम जोंग उन ने संसद में अपने भाषण में कहा था कि वह उत्तर कोरिया को स्थायी तरीके से परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में स्थापित करेंगे और 'सबसे बड़े दुश्मन' दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए रहेंगे। किम ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का जिक्र करते हुए अमेरिका पर आतंकवाद और आक्रामकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। केसीएनए के अनुसार, किम ने मिश्रित कार्बन फाइबर सामग्री से बनाए गए नए उन्नत इंजन का 'ग्राउंड जेट' परीक्षण (इंजन का जमीन पर किया गया परीक्षण) देखा। एजेंसी ने बताया कि इंजन का अधिकतम थ्रस्ट 2,500 किलोटन है, जो सितंबर में इसी तरह के ठोस ईंधन इंजन के एक परीक्षण में बताये गये लगभग 1,971 किलोटन से अधिक है।



## ऑफ बीट

# पालतू बिल्ली से एलर्जी का खतरा क्यों ज्यादा होता है

अगर आपने अपने घर में बिल्ली पाल रखी है, तो सावधान हो जाएं। पालतू बिल्लियां धूल के कणों के बाद एलर्जी उभरने की दूसरी सबसे बड़ी वजह हैं। लेकिन, पालतू बिल्लियों से एलर्जी का वास्तविक स्रोत क्या है? और क्या बिल्लियों की कुछ नस्लें एलर्जी के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील होती हैं? बिल्लियों से एलर्जी को लेकर कई भ्रम और गलतफहमियां हैं। आइए, इनमें से कुछ को दूर करें। बाल जिम्मेदार नहीं–आम धारणा के विपरीत बिल्ली के बाल लोगों में एलर्जी के लिए जिम्मेदार नहीं होते। अलबत्ता, बिल्ली की लार और त्वचा की ग्रंथियों में पैदा होने वाला प्रोटीन 'फेल डी 1' एलर्जी के खतरे को बढ़ावा देता है। यूं तो बिल्लियों के शरीर में एलर्जी के लिए जिम्मेदार आठ कण का उत्पादन होता है, लेकिन विभिन्न अध्ययनों में 'फेल डी 1' को इनमें सर्वाधिक घातक पाया गया है। 'फेल डी 1' एक सूक्ष्म प्रोटीन है, जो कपड़ों और अन्य सतहों से आसानी से चिपक जाता है। यह हवा में भी लंबे समय तक सक्रिय रह सकता है, जिससे इसके श्वास के रास्ते शरीर में प्रवेश करने की आशंका रहती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि 'फेल डी 1' उन घरों में भी मौजूद हो सकता है, जहां बिल्लियां नहीं होतीं। बिल्ली की लार के माध्यम से इस प्रोटीन के कण उसके बालों और त्वचा पर आ सकते हैं।



## ट्रेंड

### मछुआरों पर गर्व

हमें अपने मछुआरों पर गर्व है! ओडिशा, लक्षद्वीप और कर्नाटक के उन प्रयासों को विशेष रूप से दर्शाया गया है जो यह दिखाते हैं कि यह क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में किस प्रकार योगदान दे रहा है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### फिटनेस पर ध्यान दें

मेरा हमेशा से यह आग्रह रहा है कि आप सभी अपनी फिटनेस पर ज़रूर ध्यान दें। 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' पर अब 100 दिवस से भी कम दिन बचे हैं, वैश्विक स्तर पर योग को दुनियाभर में बढ़ावा मिल रहा है। हमें खाने के तेल में 10 प्रतिशत की कमी और शुगर इंटेक को कम करना होगा।

**- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**



### पीड़ितों को न्याय नहीं

ऊना की चीख आज भी इंसाफ के दरवाज़े पर दस्तक दे रही है। बीते 10 सालों से पीड़ित न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं। अपमान, हिंसा और हत्या- बीजेपी शासित गुजरात में दलितों, आदिवासियों की यही हकीकत बना दी गई है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**



### सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी

भाजपा राज में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी का इन्सिनेरेटर पूरी तरह जंग खाकर जर्जर हो चुका है। ऐसे में यदि संक्रमण और प्रदूषण फैलाने वाला मेडिकल कूड़ा-कचरा सही तरीके से भस्म नहीं किया जाएगा तो वो स्वयं बीमारियों का कारण बनेगा।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## पलक्कड़ में पीएम मोदी की महारैली, जनता को किया संबोधित, बोले

# एलडीएफ-यूडीएफ ने किया सत्ता का व्यापार, एक भ्रष्ट तो दूसरा महाभ्रष्ट, राज्य को लूटकर आपस में 'बांटा'

### दोनों ही गठबंधन वोट बैंक की राजनीति में लिप्त और राज्य हो रहा बेहाल

एजेंसी ▶▶ पलक्कड़

पीएम नरेंद्र मोदी केरल विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए पलक्कड़ पहुंचे। यहां उन्होंने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री पारंपरिक केरल मुंडू (धोती) पहने हुए नजर आए। जनसभा में पहुंचने पर प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार उन्हें केरल में एक अलग ही माहौल दिखाई दे रहा है। भीड़ के उत्साह को देखकर कहा कि पलक्कड़ का यह मिजाज अब एक आंदोलन बन चुका है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केरल के युवा, महिलाएं और किसान अब भाजपा और एनडीए पर पूरा भरोसा कर रहे हैं। उन्होंने उन कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने केरल में राजनीतिक हिंसा के कारण अपनी जान गंवाई है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि दशकों से केरल दो प्रमुख गठबंधनों वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के बीच फंसा हुआ है। उन्होंने कहा कि दोनों ही गठबंधन वोट बैंक की राजनीति में लिप्त हैं और राज्य के विकास की अनदेखी करते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने केरल की सुंदरता की तारीफ करते हुए कहा कि इसे 'सुंदरतम' क्यों कहा जाता है?

**लोगों से किए केवल खोखले वादे**

पारंपरिक केरल मुंडू (धोती) पहने हुए नजर आए

अब यहां बदलाव नहीं जनआंदोलन दिखाई दे रहा

विकास करना इनसे कोसों दूर दिख रहा



पलक्कड़ में महारैली को संबधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, साथ में वरिष्ठ पार्टीजन

**एक नई ऊर्जा और बदलाव की लहर**

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें केरल में एक नई ऊर्जा और बदलाव की लहर महसूस हो रही है। उन्होंने इस बदलाव का श्रेय राज्य की जनता और भारतीय जनता पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं की मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि कई कार्यकर्ताओं ने राजनीतिक हिंसा के कारण अपने प्राण गंवाए हैं और उन्होंने मंच से उन सभी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

#### पीएम ने विपक्ष पर साधा निशाना

विपक्ष पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि केरल दशकों से स्वार्थी राजनीति के दो मुखौटों के बीच फंसा हुआ है। उन्होंने एलडीएफ और यूडीएफ को 'भ्रष्ट' और 'महाभ्रष्ट' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दोनों गठबंधनों की नीतियां केवल वोटबैंक के लिए होती हैं और इन्हें विकास की कोई परवाह नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन दोनों ने दशकों तक केरल को लूटा और आपस में लाभ बांटा है। इनके बीच समझौता था कि कुछ साल एक सरकार चलाएगी और फिर दूसरी।

**असम चुनाव के लिए कांग्रेस ने दी 6 गारंटी**



## महिलाओं के खाते में पैसे, 25 लाख का कैशलेस इलाज

लखीमपुर। असम विधानसभा चुनाव 2026 के लिए कांग्रेस ने रविवार को 6 गारंटी का ऐलान किया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लखीमपुर में एक चुनावी जनसभा में इन पांच गारंटी का ऐलान किया। असलियत में यहां 'डबल लूट' की सरकार है।

**कांग्रेस ने कहा**

- हर महिला के बैंक खाते में बिना शर्त मासिक नकद हस्तांतरण
- व्यवसाय शुरू करने या बढ़ाने के लिए 50,000 की धनराशि
- हर परिवार को 25 लाख की कैशलेस हेल्थ कवर की गारंटी होगी

**जारी की 284 नामों की सूची**

#### बहरामपुर से अधीर रंजन

**कोलकाता।** बंगाल चुनाव के लिए कांग्रेस ने 294 सीटों में से 284 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया है। अधीर रंजन चौधरी बहरामपुर सीट से लड़ेंगे।

**शाह ने सोनितपुर में चुनावी सभा में किया ऐलान**

#### असम से हर घुसपैठिए की पहचान कर हटाएंगे



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम के सोनितपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अगले 5 सालों में हम अपने राज्य से हर घुसपैठिए की पहचान करने और उसे हटाने का संकल्प लेते हैं। शाह ने जनता से कहा कि आपको ऐसे असम के लिए वोट देना चाहिए जो घुसपैठियों से मुक्त हो।

**मुख्यमंत्री ममता की हुंकार**

## भाजपा अगर बंगाल में आई तो नॉनवेज खाना बंद कर देगी



**पुरलिया।** बंगाल में सत्ताधारी टीएमसी की तरफ से सीएम ममता बेनर्जी ताबड़तोड़ प्रचार अभियान में जुटी हुई हैं। इस बीच उन्होंने पुरुलिया में भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि अगर यहां में भाजपा आई तो लोग नॉनवेज नहीं खा पाएंगे। महिलाओं को लक्ष्मी भंडार से लाभ हुआ है, भाजपा चुनाव से पहले कुछ धनराशि देगी लेकिन बाद इसे बंद कर देगी। बंगाल चुनाव से पहले, एसआईआर के माध्यम से 1.2 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए गए।

#### शाह पर साधा निशाना

ममता ने कहा कि भाजपा के एक बड़े नेता ने टीएमसी के खिलाफ अपना 'आरोपपत्र' दाखिल कर दिया है। उनके खिलाफ भी 'आरोपपत्र' दाखिल किया जाना चाहिए। गुजरात में इतने दंगे हुए थे। लोग कहते हैं कि मैं पट्टी बांधकर घूमती हूं, मैंने मौत को मात दी है। डॉक्टर की रिपोर्ट देखें।

**तमिलनाडु में टीवीके ने जारी की प्रत्याशियों की सूची**

#### पार्टी प्रमुख विजय 2 सीटों से मैदान में उतरेंगे



तमिलनाडु चुनाव में टीवीके प्रमुख विजय ने रविवार को उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। विजय ने घोषणा की कि चुनावों में दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे।वे चेन्नई के पेराम्बुर और त्रिची ईस्ट से 'सी जोसेफ विजय' के रूप में मैदान में उतरेंगे। विजय ने कहा मैंने ऐसे उम्मीदवार चुने हैं जो जनता के साथ खड़े होंगे।

**खबर संक्षेप**

#### देवबंद में होटल पर फायरिंग, तोड़फोड़



**सहारनपुर।** जिले के देवबंद में स्टेट हाइवे स्थित वीआईपी रोज होटल पर रविवार तड़के बाइक सवार युवकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई। फायरिंग के दौरान होटल कर्मचारियों ने कमरों में छिपकर अपनी जान बचाई। गोलियां लगने से होटल के शीशे चकनाचूर हो गए।

#### गाजियाबाद में ऑयल फैक्ट्री में आग का तांडव



**गाजियाबाद।** साउथ साइड जीटी रोड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित आजाद ऑयल एक्सपेलर फैक्ट्री में रविवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। फैक्ट्री में तेल, कच्चा माल और पैकिंग के गत्ते बड़ी मात्रा में रखे होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर से दिखाई दे रहा था।

#### आद्रा रेलमंडल की 6 ट्रेनें 5 अप्रैल तक रद्द



**चक्रधरपुर।** आद्रा रेल मंडल में 31 मार्च से लेकर 5 अप्रैल तक रेल प्रशासन रोलिंग ब्लॉक लेकर रेल लाइन को दुरुस्त करने का कार्य करेगी। दक्षिण पूर्व रेलवे ने 6 ट्रेनों का परिचालन विभिन्न तिथियों में रद्द करने की घोषणा कर दी है। रेलवे ने 2 ट्रेनों को गंतव्य से पहले ही शोर्ट टर्मिनेशन और शोर्ट ओरिजिनेशन कर चलाने का फैसला किया है।

#### अल्मोड़ा में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी,2 युवकों की मौत



**अल्मोड़ा।** तहसील देघाट के ग्राम चिन्तोली में रविवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। ग्राम प्रहरी चंदन सिंह ने घटना की सूचना थाना देघाट को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

### 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने देशवासियों को किया संबोधित

# हमारे पड़ोस में भीषण युद्ध चल रहा, लोग अफवाहों से बचें और संयम बनाए रखें

**कांग्रेस दुष्प्रचार कर जान खतरे में डाल रही**

### इस दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' और प्रेरक प्रयासों का जिक्र भी किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मासिक रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड को संबोधित किया। पीएम मोदी ने इस एपिसोड की शुरुआत में मिडिल ईस्ट तनाव और ऊर्जा संकट का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान ऊर्जा संकट की स्थिति में भारत डटकर इसका मुकाबला कर रहा है।पीएम मोदी ने कहा हम सभी की अपेक्षा थी कि कोरोना के संकट से निकलने के बाद दुनिया एक नए सिरे से प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगी। लेकिन वर्तमान काल में दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में युद्ध और संघर्ष की स्थिति बनती चली गई है। हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध चल रहा है। खाड़ी देशों का आभार जताते हुए कहा कि हमारे लाखों परिवारों के सगे- संबंधी इन देशों में रहते हैं, खासतौर पर खाड़ी देशों में काम करते हैं। मैं गल्फ देशों का आभारी हूं कि वे ऐसे एक करोड़ से ज्यादा भारतीयों को वहां पर हर प्रकार की मदद दे रहे हैं। दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है।




#### इस पर राजनीति नहीं करनी चाहिए

पीएम मोदी ने बताया कि भारत ऊर्जा संकट का मुकाबला कर रहा है। उन्होंने देश के लोगों से एकजुटता की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में जो देश का सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है। यह चुनौतीपूर्ण समय है। सभी देशवासियों से आग्रह करूंगा कि एकजुट होकर उस चुनौती से बाहर निकलना है। जो लोग इस विषय पर भी राजनीति कर रहे हैं, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। यह देश का सवाल है।

#### लोगों के जज्बे को सराहा

मोदी ने वाराणसी में हुए एक प्रेरक प्रयास का जिक्र किया। वहां सिर्फ एक घंटे में 2 लाख 51 हजार से अधिक पौधे लगाए गए और इस प्रयास ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस काम की सबसे खास बात यह थी कि हजारों लोग एक साथ जुड़े। छात्र, जवान, स्वयंसेवी संगठन और विभिन्न संस्थाओं ने मिलकर इसे संभव बनाया। यह जनभागीदारी का स्वरूप पहले से ही 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में दिखाई देता है। इस अभियान के तहत पूरे देश में करोड़ों पेड़ लगाए गए हैं।

#### शुगर और तेल का इस्तेमाल कम करें

प्रधानमंत्री ने कहा,जीवनशैली और खानपान में थोड़ा बदलाव करने से कई बीमारियों से बचाव में मदद मिल सकती है।खाने में शुगर व तेल की कटौती और रोजाना व्यायाम सबसे अहम है। पीएममोदी ने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

#### साइंस एजुकेशन में नवाचार को सराहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक पुरानी कहावत है 'करत करत अभ्यास के, जड़मत होत सुजान' यानी हम जब निरंतर अभ्यास करते हैं तो उतनी ही ज्यादा बुद्धिमत्ता हासिल करते जाते हैं। लोग भी सबसे बेहतर तब सीखते हैं जब उनकी सक्रिय भागीदारी होती है। उन्होंने बताया कि उन्हें बेंगलुरु में शिक्षा से जुड़े एक अनोखे प्रयास के बारे में जानकारी मिली है। यहां एक टीम प्रयोग शिक्षा अनुसंधान संस्थान चला रही है। इस टीम का रिसर्च प्रोजेक्ट्स पर विशेष फोकस है। यह टीम स्कूल लेवल पर साइंस एजुकेशन को पॉपुलर बनाने में जुटी है। उन्होंने 'अन्वेषण' नाम का एक प्रयोग किया है।

### जल संरक्षण पर भी दिया जोर

पीएम मोदी ने देशवासियों से जल संरक्षण को लेकर जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि गर्मियों की शुरुआत हो चुकी है और यह समय जल संरक्षण के संकल्प को दोहराने का है। पीएम मोदी ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में 'जल संचय अभियान' ने देशभर में लोगों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया है। इस अभियान के तहत करीब 50 लाख कृत्रिम जल संचयन संरचना बनाए गए हैं।कई स्थानों पर पुराने तालाबों की सफाई की जा रही है और बरसात के पानी को सहेजने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। मोदी ने बताया कि अमृत सरोवर अभियान के तहत देशभर में लगभग 70 हजार अमृत सरोवर बनाए गए हैं। मोदी ने कहा कि त्रिपुरा की जंपुई पहाड़ियों में स्थित वांगमुन गांव 3000 फीट की ऊंचाई पर बसा है। गांव वालों ने बारिश के पानी को सहेजने का संकल्प लिया।

#### फिटनेस और स्वास्थ्य पर ध्यान दें, दुआ को किया याद

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से फिटनेस और स्वास्थ्य पर ध्यान देने का आग्रह किया। अफ्रीका के जिबूती में अल्मिस जी अरविंद योग सेंटर के माध्यम से योग को बढ़ावा दे रहे हैं। वे लोगों को योग सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि इंस्टाग्राम कंटेंट क्रिएटर युवराज दुआ की पोस्ट पर उनके पिता के शुगर सेवन को कम करने पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

**तेलंगाना विधानसभा में हंगामा**

## बीआरएस के 24 विधायक दो दिन के लिए निलंबित



एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना विधानसभा में सोमवार को भारी सियासी ड्रामा देखने को मिला। सदन की कार्यवाही में लगातार बाधा डालने और हंगामा करने के आरोप में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के 24 विधायकों को दो दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। इस निलंबन के बाद विपक्षी दल ने सरकार पर लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप लगाया है।

#### भ्रष्टाचार और अवैध खनन के आरोप पर भिड़े

पूरे विवाद की जड़ सूबे के राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी पर लगे कथित भ्रष्टाचार और अवैध खनन के आरोप हैं। सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरू हुई। मुख्य विपक्षी दल बीआरएस के विधायक इस मुद्दे को लेकर आक्रामक हो गए। विपक्षी सदस्यों ने मांग की कि इन आरोपों की जांच के लिए 'हाउस कमेटी' बनाई जाए। विपक्षी दल ने इस मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव लाने की भी कोशिश की। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार ने इसे सिरे से खारिज कर दिया।

**लखीमपुर खीरी में दर्दनाक हादसे**

## 2 मां और 2 बच्चों की मौत चारों को ट्रकों ने कुचल दिया



**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए 2दर्दनाक सड़क दुर्घटनाओं में कुल 4लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन घटनाओं के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है।

#### डीसीएम ने ईरिक्शा में टक्कर मारी

डीसीएम लेकर भागने के प्रयास में ईरिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा में सवार चालक समेत 5 लोग घायल हो गए। पठान पुरवा निवासी इसराइल अपनी पत्नी शाहमीन और तीन बेटियों के साथ बाइक से नीमगांव अपने मामा के यहां शादी समारोह में जा रहे थे। इसराइल ने बताया वह लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग स्थिति राजेपुर गांव का पास पहुंचे थे।

**सरकार का दावा-उपलब्धता में हो रहा सुधार**

## देश में 6,000 पीएनजी ग्राहकों ने छोड़ा एलपीजी का कनेक्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

करीब 6,000 पीएनजी ग्राहकों ने एलपीजी कनेक्शन को छोड़ दिया है। इससे उन लोगों के लिए एलपीजी उपलब्धता में सुधार होगा, जिनके घरों के आसपास पीएनजी की सुविधा नहीं है। यह जानकारी पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सचिव नीरज मित्तल ने 'एक्स' पर दी। मित्तल ने पोस्ट में कहा कि शुक्रवार तक लगभग 6000 पीएनजी उपभोक्ताओं ने अपना एलपीजी कनेक्शन छोड़ दिया। उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद! सभी नागरिकों के इस मजबूत और साहसी समूह में शामिल हों, जिन्होंने बिना पीएनजी वाले लोगों को एलपीजी दिलाने में मदद करने के लिए एलपीजी कनेक्शन का उपयोग बंद कर दिया है। उन्होंने अन्य लोगों से भी एलपीजी छोड़ने का आग्रह किया जिनके पास पीएनजी कनेक्शन हैं।



**मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों को चेतावनी दी**

# उत्तराखंड व पहाड़ी राज्यों में गिरेगी बर्फ-बारिश

### कुछ राज्यों में गरज-चमक के साथ ओले भी गिरेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिम भारत में अभी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। इसमें सोमवार को सबसे ज्यादा बारिश होगी। कश्मीर घाटी में बर्फबारी भी हो सकती है। उत्तर पश्चिमी भारत औरमध्य भारत के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि होने की संभावना है। इस हफ्ते के दौरान उत्तर पूर्वी और उससे सटे पूर्वी भारत में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं से लेकर काफी बड़े इलाके में बारिश होने की संभावना है। एक अप्रैल के बीच उत्तर पूर्वी भारत में कुछ जगहों पर भारी बारिश हो सकती है। इस हफ्ते के दौरान दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं बारिश का सिलसिला जारी रहेगा।



#### अकोला रहा सबसे गर्म

महाराष्ट्र, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, आंतरिक ओडिशा, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, रायलसीमा, दक्षिणी मध्य प्रदेश के कई स्थानों पर, राजस्थान, गुजरात क्षेत्र, तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, दक्षिणी केरल के कुछ स्थानों पर और राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, केरल में अधिकतम तापमान सीमा में रहा। अधिकतम तापमान 41.2 अकोला में दर्ज किया गया।

**4 अप्रैल तक मौसम में रहेगा बदलाव**

उत्तर पश्चिम भारत में 2 और 3 अप्रैल को जम्मू कश्मीर, लद्दाख, गिलगित बाल्टिस्तन, मुजफ्फराबाद में, 30 मार्च और फिर 3 और 4 अप्रैल को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में, 29-31 मार्च को उत्तराखंड में, काफी बड़े इलाके से लेकर बड़े इलाके तक हल्की से मध्यम बारिश/बर्फबारी होने की संभावना है।

#### पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में हल्की से मध्यम बारिश संभावित

पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में कुछ जगहों से लेकर बिखरी हुई हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। 30 मार्च को कश्मीर घाटी में कुछ जगहों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, जम्मू कश्मीर, पश्चिमी राजस्थान,हिमाचल प्रदेश, पंजाब, पूर्वी राजस्थान, उत्तराखंड में कुछ जगहों पर ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है।

## खबर संक्षेप

### आरबीआई ने तीन सरकारी बैंकों पर लगाया जुर्माना



**मुंबई।** आरबीआई ने कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और पाइन लैब्स पर मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर 95.40 लाख रुपये, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर 63.60 लाख रुपये, बैंक ऑफ इंडिया पर 58.50 लाख रुपये और पाइन लैब्स पर 3.10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### जियो फाइनेंशियल की बीमा क्षेत्र में उतरने की तैयारी



**मुंबई।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज (जेएफएस) इस साल साधारण बीमा और जीवन बीमा कारोबार क्षेत्र में उतरने की योजना बना रही है। कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी की बिना गारंटी वाले ऋण और टिकाह उपभोक्ता सामान (जैसे टीवी, फ्रिज आदि) के ऋण बाजार में तत्काल उतरने की कोई योजना नहीं है।

### पूंजीकरण में रिलायंस को सबसे अधिक नुकसान



**नई दिल्ली।** कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से 1.75 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 949.74 अंक या 1.27 प्रतिशत नीचे आया।

# अमेरिकी शेयर बाजार में मची खलबली, निवेशकों ने बेचे 9 अरब डॉलर के शेयर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी शेयर बाजार (वॉल स्ट्रीट) इस समय बड़े निवेशकों के भारी दबाव में नजर आ रहा है। पिछले हफ्ते की रिपोर्ट के मुताबिक, संस्थागत निवेशकों ने अमेरिकी इक्विटी मार्केट से करीब 9.3 अरब डॉलर की भारी निकासी की है।

- संस्थागत निवेशकों ने अमेरिकी इक्विटी बाजार से भारी निकासी की

यह बिकवाली पिछले पांच हफ्तों का सबसे बड़ा आंकड़ा है, जो बाजार में बढ़ती अनिश्चितता और निवेशकों के बीच सावधानी बरतने के संकेतों को साफ तौर पर दर्शाता है। पिछले तीन हफ्तों के दौरान इन्हीं निवेशकों ने बाजार में 12.6 अरब डॉलर की जोरदार खरीदारी की थी, लेकिन अचानक बदले मूड के बाद उन्होंने 11 अरब डॉलर के शेयर बेच डाले। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि ग्लोबल इकोनॉमी में चल रही हलचल और ब्याज दरों को लेकर बने सस्पेंस की वजह से बड़े प्लेयर्स अब वेट-एंड-वॉच की मुद्रा में आ गए हैं और सुरक्षित ठिकानों की तलाश कर रहे हैं।

## वॉल स्ट्रीट इस समय बड़े निवेशकों के भारी दबाव में नजर आ रहा

### व्यक्तिगत शेयरों पर सबसे ज्यादा मार

बिकवाली का सबसे ज्यादा असर व्यक्तिगत शेयरों पर देखने को मिला है। पिछले हफ्ते इंडिविजुअल स्टॉक्स से करीब 8.3 अरब डॉलर का आउटफ्लो हुआ, जो साल 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद चौथी सबसे बड़ी निकासी मानी जा रही है। इसके अलावा, ईटीएफ से भी निवेशकों ने हाथ खींचे हैं और वहां से 1.1 अरब डॉलर निकाले गए हैं, जो पिछले 6 महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है। पिछले 16 हफ्तों के कुल आंकड़ों को देखें तो अब तक बाजार से 25.5 अरब डॉलर की भारी रकम बाहर जा चुकी है।



**अनिश्चितता के बीच किनारे हुए निवेशक** : मार्केट की इस मौजूदा स्थिति को देखकर साफ लग रहा है कि बड़े संस्थागत निवेशक अब किसी भी तरह का रिस्क लेने के मूड में नहीं हैं और साइडलाइन्स पर जा रहे हैं। 2008 के बाद की इस बड़ी बिकवाली ने विश्लेषकों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। हालांकि, हेज फंड्स की एंट्री से बाजार को थोड़ा सहारा मिलने की उम्मीद है, लेकिन जब तक बड़े संस्थान दोबारा कॉन्फिडेंस के साथ वापस नहीं लौटते, तब तक अमेरिकी बाजार में उतार-चढ़ाव का यह दौर जारी रहने की संभावना है।

### हेज फंड्स ने दिखाई थोड़ी हिम्मत

*जहां बड़े संस्थान बाजार से बाहर निकल रहे हैं, वहीं हेज फंड्स का रुख थोड़ा अलग नजर आया। लगातार चार हफ्तों की बिकवाली के बाद हेज फंड्स ने बाजार में वापसी करते हुए 1.8 अरब डॉलर की चुनिंदा खरीदारी की है। इससे यह संकेत मिलता है कि मार्केट के कुछ हिस्सों में गिरावट के बाद अब हेज फंड्स को वैल्यू नजर आने लगी है। वहीं, रिटेल यानी छोटे निवेशकों की बात करें तो उन्होंने बाजार में अपना भरोसा बनाए रखा है और उनकी तरफ से केवल 80 मिलियन डॉलर की ही मामूली बिकवाली हुई है।*

## दोनों जहाज 94,000 टन का एलपीजी कार्गो लेकर आ रहे

# भारत के दो एलपीजी जहाज एक दिन का रसोई गैस भंडार लेकर आ रहे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो और भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकर युद्ध-प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकल चुके हैं और अगले कुछ दिन में इनके भारतीय तटों पर पहुंचने की उम्मीद है। इन जहाज पर देश के लगभग एक दिन के इस्तेमाल का रसोई गैस का भंडार है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ''दो एलपीजी जहाज बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम, जो लगभग 94,000 टन का एलपीजी कार्गो ले जा रहे हैं, सुरक्षित रूप से इस क्षेत्र से गुजर चुके हैं और भारतीय तटों की ओर बढ़ रहे हैं। जहां बीडब्ल्यू टीवाईआर मुंबई की ओर बढ़ रहा है और इसके 31 मार्च को पहुंचने की उम्मीद है, वहीं बीडब्ल्यू ईएलएम न्यू मंगलौर की ओर जा है और इसके एक अप्रैल को आने की उम्मीद है।

### ईरान के अधिकारियों से भारत का समन्वय बना हुआ

अमेरिका और इजराइल के हमलों और ईरान की व्यापक प्रतिक्रिया के कारण जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है। यह संकीर्ण समुद्री मार्ग खाड़ी देशों से दुनिया में तेल और गैस के निर्यात का रास्ता है। हालांकि, ईरान ने पिछले सप्ताह कहा था कि ''जो देश शत्रु नहीं हैं उनके जहाज ईरानी अधिकारियों के साथ समन्वय के बाद इस मार्ग से निकल सकते हैं।'' इससे पहले चार भारतीय झंडे वाले एलपीजी टैंकर सुरक्षित रूप से इस मार्ग से निकल चुके हैं।



- बीडब्ल्यू टीवाईआर मुंबई की ओर 31 मार्च तक पहुंच जाएगा
- दूसरा बीडब्ल्यू ईएलएम न्यू मंगलौर की ओर 1 अप्रैल तक पहुंचेगा
- इससे पहले चार एलपीजी टैंकर भारत सुरक्षित पहुंच चुके

### शिवालिक व नंदा देवी ने 92,712 टन एलपीजी लाई

पाइन गैस और जग वसंत, जो 92,612 टन एलपीजी ला रहे थे, 26 मार्च और 28 मार्च के बीच भारतीय बंदरगाहों पर पहुंचे। इससे पहले, एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी, जो लगभग 92,712 टन एलपीजी ले जा रहे थे, क्रमशः 16 मार्च को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह और 17 मार्च को कांडला बंदरगाह पहुंचे थे।

**भारत 60 फीसदी आयात खाड़ी देशों से पूरा करता है**

एक ऐसा देश के लिए जो अपनी रसोई गैस की जरूरतों का लगभग 60 प्रतिशत खाड़ी देशों से आयात से पूरा करता है, उसके लिए इन जहाजों का आना एलपीजी संकट को कम करने में मदद करेगा। भारत ने पिछले साल 3.31 करोड़ टन एलपीजी का उपभोग किया, जिसमें लगभग 60 प्रतिशत मांग आयात से पूरी की गई। इसमें से 90 प्रतिशत आयात पश्चिम एशिया से आया था। जलडमरूमध्य के 'बंद' होने के बाद भारत अमेरिका और अर्जेंटीना जैसे देशों से एलपीजी प्राप्त कर रहा है।

### खाड़ी क्षेत्र में कुल 18 भारतीय ध्वज वाले जहाज

*एक बयान में कहा गया, ''पश्चिमी फारस की खाड़ी क्षेत्र में कुल 18 भारतीय ध्वज वाले जहाज हैं जिनपर 485 भारतीय नाविक सवार हैं।'' मूल रूप से, पश्चिम एशिया में युद्ध के शुरू होने पर जलडमरूमध्य में 28 भारतीय ध्वज वाले जहाज थे। इनमें से 24 पश्चिम की ओर और चार पूर्वी दिशा में थे। पिछले कुछ दिन में पश्चिम दिशा से छह जहाज और पूर्व से दो जहाज सुरक्षित निकलने में सफल रहे हैं।*

### महानिदेशालय का नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे काम कर रहा

एक और टैंकर जग प्रकाश जो ओमान से अफ्रीका तक पेट्रोल ले जा रहा था, वह भी तंजानिया की ओर जाने के दौरान सुरक्षित निकल चुका है। एलपीजी जहाज जग विक्रम, ग्रीन आशी और ग्रीन सान्वी अभी भी होर्मुज में हैं। एक खाली पोत को एलपीजी से भरा जा रहा है।पोत परिवहन महानिदेशालय का नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे काम कर रहा है और अब तक 4,523 कॉल और 8,985 ईमेल संभाल चुका है। इनमें पिछले 24 घंटों में 92 कॉल और 120 ईमेल शामिल हैं।

# कच्चे तेल के दाम तय करेंगे घरेलू शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह पश्चिम एशिया संघर्ष की वजह से कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ने वाले असर और वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा रुपये-डॉलर का रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां भी इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह में धारणा को प्रभावित करेंगी। शेयर बाजार मंगलवार को 'महावीर जयंती' और शुक्रवार को 'गुड फ्राइडे' के मौके पर बंद रहेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह वैश्विक वृहद घटनाक्रम खासकर कच्चे तेल की कीमतें और अमेरिका-ईरान के बीच संघर्षविराम को लेकर बातचीत की प्रगति से बाजार की दिशा प्रभावित होगी। विदेशी संस्थागत निवेशकों का प्रवाह बढ़ाने के लिए रुपये की स्थिरता जरूरी है। उन्होंने कहा कि



- रुपए और डॉलर के रुख की भी होगी महत्वपूर्ण भूमिका
- विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार को करेंगी प्रभावित

घरेलू मोर्चे पर, फरवरी के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और मार्च का एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई महत्वपूर्ण रहेगा।

पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और कमजोर होते रुपये के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने घरेलू शेयर बाजार से 1.14 लाख करोड़ रुपये (लगभग 12.3 अरब डॉलर) निकाले हैं। पश्चिम एशिया संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था। जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला किया।

### बाजार में बना रहेगा उतार-चढ़ाव

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा, ''आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा काफी हद तक वैश्विक रुख से तय होने की उम्मीद है। कच्चा तेल, मुद्रा का उतार-चढ़ाव और भूराजनीतिक घटनाक्रम बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे।''

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से निकाले 1.14 लाख करोड़ रुपये

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में अब तक घरेलू शेयर बाजार से 1.14 लाख करोड़ रुपये (लगभग 12.3 अरब डॉलर) निकाले हैं। यह एफपीआई की भारतीय बाजार से सबसे बड़ी मासिक निकासी है। पश्चिम एशिया संघर्ष, कमजोर होता रुपया और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से भारत की वृद्धि पर पड़ने वाले संभावित असर को लेकर विदेशी निवेशक आशंकित हैं, जिससे वजह से वे बिकवाली कर रहे हैं। इस महीने का एक कारोबारी सत्र अभी बचा है, जिससे निकासी का आंकड़ा और बढ़ सकता है। इससे पहले अक्टूबर, 2024 में एफपीआई ने एक महीने में सबसे अधिक 94,017 करोड़ रुपये की निकासी की थी। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, इसके साथ ही एफपीआई 2026 में अब तक भारतीय शेयर बाजार से 1.27 लाख करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं।

आंकड़ों के अनुसार, 27 मार्च तक एफपीआई ने 1,13,380 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं।

# गलगोटियाज विश्वविद्यालय कंप्यूटर साइंस के लिए क्यूएस रैंकिंग 2026 में टॉप वैश्विक संस्थानों में से एक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

गलगोटियाज विश्वविद्यालय ने पिछले कुछ वर्षों में भारत में टेक्नोलॉजी-केंद्रित शिक्षा में तेजी से बढ़ते योगदानकर्ता के रूप में लगातार अपनी पहचान बनाई है। कंप्यूटर साइंस और इंफॉर्मेशन सिस्टम में क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में इसकी हालिया मान्यता इसी यात्रा को दर्शाती है। यह रैंकिंग महज एक मील का पत्थर नहीं है, बल्कि एक मजबूत एकेडमिक और रिसर्च इकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में दशकों के निरंतर प्रयास का परिणाम है।

2026 की रैंकिंग में गलगोटियाज विश्वविद्यालय को कंप्यूटर साइंस और इंफॉर्मेशन सिस्टम के लिए वैश्विक स्तर पर 601-650 बैंड में रखा गया है। भारत में इस विषय में यह निजी विश्वविद्यालयों में 11वे स्थान पर और सरकारी व निजी विश्वविद्यालयों में 30वें स्थान पर है। ये परिणाम लगातार प्रगति और राष्ट्रीय एवं वैश्विक शैक्षणिक परिदृश्य में एक मजबूत उपस्थिति का संकेत देते हैं। इस मान्यता को

**खास बातें**

- यह रैंकिंग महज एक मील का पत्थर नहीं है, बल्कि एक मजबूत एकेडमिक और रिसर्च इकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में दशकों के निरंतर प्रयास का परिणाम है
- गलगोटियाज विश्वविद्यालय सुधार करने और उद्देश्य के साथ योगदान करने का प्रयास लगातार जारी रखेगा।

एकेडमिक गुणवत्ता, इंडस्ट्री-अनुकूल पाठ्यक्रम डिजाइन और एक छात्र केंद्रित सक्रिय शिक्षण इकोसिस्टम पर निरंतर ध्यान देने से आकार मिला है। इन वर्षों में विश्वविद्यालय ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी और सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग जैसे उभरते क्षेत्रों में अपनी क्षमताओं का विस्तार करने के लिए काम किया है।

यह उपलब्धि इनोवेशन, सहयोग और निरंतर सुधार को महत्व देने वाले माहौल को आगे बढ़ाने में फैकल्टी, स्टूडेंट्स, संस्थागत भागीदारों और इंडस्ट्री कोलेबोरेशन के सामूहिक प्रयासों को भी दर्शाती है। वैश्विक मांग और टेक्नोलॉजी टैलेंट के निरंतर विकास के साथ गलगोटियाज यूनिवर्सिटी का उद्देश्य इस नींव को आगे बढ़ाना और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल व भारत की नॉलेज इकोनॉमी के विकास में सार्थक योगदान देना है। विश्वविद्यालय का कंप्यूटर साइंस और इंफॉर्मेशन सिस्टम उत्तर प्रदेश के निजी विश्वविद्यालयों में दूसरे स्थान पर है, जो न केवल विश्वविद्यालय के लिए एक उपलब्धि है, बल्कि उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े विश्वविद्यालय के लिए भी एक उपलब्धि है, जो वैश्विक ज्ञान का गंतव्य बन रहा है।

उत्तर प्रदेश सिर्फ विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों को ही आकर्षित नहीं कर रहा है, बल्कि यहां एशिया के सबसे बड़े जेवर एयरपोर्ट (गलगोटियाज विश्वविद्यालय के निकट) का उद्घाटन भी हो गया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से इंडस्ट्री इकोसिस्टम को काफी बढ़ावा मिलेगा, जिससे इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में नौकरियों का सृजन होगा। इस बारे में विश्वविद्यालय के चांसलर श्री सुनील गलगोटिया जी ने कहा, "कंप्यूटर साइंस और इंफॉर्मेशन सिस्टम के लिए क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 से मान्यता मिलना गलगोटियाज यूनिवर्सिटी के लिए काफी महत्वपूर्ण है। मान्यता से अधिक यह हमारी यात्रा और प्रयासों को दर्शाता है, जिन्होंने वर्षों से इसे आकार दिया है।

यह महज एक मील के पत्थर का परिणाम नहीं है, बल्कि एक मजबूत गुणवत्ता वाले एकेडमिक इकोसिस्टम के निर्माण के लिए निरंतर प्रतिबद्धता का परिणाम है।" विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. ध्रुव गलगोटिया जी ने कहा, "यह मान्यता हमारे स्टूडेंट, फैकल्टी और शोधकर्ताओं की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। इसका निर्माण वर्षों से निरंतर प्रयास और सार्थक कार्य करने में साझा विश्वास के साथ किया गया है। यह एक बहुत बड़ी यात्रा में केवल एक कदम है। हालांकि अभी भी बहुत कुछ हासिल करना बाकी है। गलगोटियाज विश्वविद्यालय सुधार करने और उद्देश्य के साथ योगदान करने का प्रयास लगातार जारी रखेगा।

## राशिफल

**मेष** — आज आत्मविश्वास और ऊर्जा चरम पर रहेगी। करियर में नई पहल और रचनात्मक कामों से सफलता मिलेगी। धन लाभ के योग हैं।

**वृष** — आदित्य मंगल योग से लाभ और तरक्की के संकेत हैं। धन आगमन प्रबल है, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखें। प्रेम संबंध मजबूत होंगे।

**मिथुन** — दिन व्यस्त रहेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का फल मिलेगा, लेकिन भावनाओं पर नियंत्रण रखें। अनावश्यक खर्च न करें। प्रेम में उतार-चढ़ाव संभव।

**कर्क** — भावनात्मक संतुलन बनाए रखें। करियर में स्थिरता रहेगी, लेकिन नई योजनाओं में सतर्कता जरूरी। धन स्थिति सामान्य। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**सिंह** — आज का दिन खास रहेगा। करियर में अवसर और लाभ के मजबूत योग हैं। रचनात्मक कामों में सफलता मिलेगी। प्रेम और वैवाहिक जीवन सुखमय।

**कन्या** — स्वास्थ्य और दिनचर्या पर ध्यान केंद्रित रहेगा। कार्य क्षेत्र में व्यावहारिक निर्णय फायदेमंद साबित होंगे। भावनात्मक रूप से संवेदनशील रहें।

**तुला** — संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। पार्टनरशिप और बिजनेस में फायदा हो सकता है। करियर स्थिर, लेकिन यात्रा से थकान हो सकती है। धन स्थिति बेहतर रहेगी।

**वृश्चिक** — गुप्त मामलों में सावधानी बरतें। करियर में मेहनत से प्रगति होगी। धन लाभ के अवसर, लेकिन निवेश में जोखिम न लें। प्रेम संबंध गहरे होंगे।

**धनु** — यात्रा और उच्च शिक्षा से लाभ। करियर में नई जिम्मेदारियां आएंगी। परिवार में खुशहाली। स्वास्थ्य अच्छा, लेकिन थकान से बचें।

**मकर** — करियर और आर्थिक मामलों में स्थिरता। पुरानी योजनाएं पूरी हो सकती हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। परिवार का साथ मिलेगा। अनावश्यक बहस से बचें।

**कुंभ** — सामाजिक गतिविधियां बढ़ेंगी। दोस्तों से मदद मिलेगी। करियर में छोटे बदलाव संभव। धन में वृद्धि के योग। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। वादे पूरे करें।

**मीन** — दैनिक कार्यों और जिम्मेदारियों में व्यस्तता रहेगी। योजना बनाकर आगे बढ़ें। धन स्थिति स्थिर, लेकिन खर्च नियंत्रित रखें। प्रेम संबंधों में संतुलन जरूरी।

# केंद्रीय बैंक ने बैंकों के लिए खींची लक्ष्मण रेखा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मुद्रा के मूल्य में आ रही ऐतिहासिक गिरावट ने भारतीय रिजर्व बैंक की नींद उड़ा दी है। शुक्रवार को रुपया पहली बार 94 रुपए प्रति डॉलर के स्तर के नीचे गिरा। रुपए को और ज्यादा टूटने से बचाने और सट्टेबाजी को रोकने के लिए आरबीआई ने अब कुछ सख्त कदम उठाए हैं। आरबीआई ने विदेशी मुद्रा में लेनदेन करने वाले अधिकृत बैंकों को एक कड़ा निर्देश जारी किया है। नए नियम के मुताबिक, बैंकों को दिन के अंत तक रुपए में अपनी 'ओपन पोजीशन' को 100 मिलियन डॉलर तक सीमित रखना होगा। केंद्रीय बैंक ने साफ कर दिया है कि सभी कमर्शियल बैंकों को यह रोजाना लिमिट



10 अप्रैल तक हर हाल में लागू करनी होगी। इस लिमिट को आगे और भी घटाया या बढ़ायाजा सकता है।

### चालू खाता घाटा बढ़ने की आशंका

एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि ईंधन की कीमतें बढ़ने के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था अभी स्थिर बनी हुई है, लेकिन कच्चे तेल की कीमतें आगे भी देश के बाहरी संतुलन को प्रभावित करेंगी। अगर वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें लगातार बढ़ती हैं, तो इससे भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) बढ़ सकता है।

## शब्द पहेली - 6180



**बाएँ से दाए**


1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**

2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 6179 का हल**





**आरआर और सीएसके के बीच आज शाम 7.30 बजे से गुवाहाटी में मुकाबला**

# पुरानी टीमों से टकराएंगे सैमसन-जडेजा, भिड़ंत होगी बेहद रोचक

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

पिछले एक दशक से अधिक राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रहे संजू सैमसन अब आईपीएल के मैच में सोमवार को उसी टीम के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में नजर आएंगे जबकि चेन्नई टीम का हिस्सा रहे रविंद्र जडेजा अब रॉयल्स के लिए खेलने जा रहे हैं। पिछले दस साल से अधिक समय से सैमसन रॉयल्स टीम के कप्तान और स्टार बल्लेबाज रहे हैं। उनकी कप्तानी में रॉयल्स 2022 में फाइनल तक पहुंची थी। जिस तरह से चेन्नई की पहचान महेंद्र सिंह धोनी हैं, वैसे ही रॉयल्स की पहचान सैमसन बन गए थे लेकिन इस सत्र से पहले हुई अदला-बदली में अब जडेजा रॉयल्स के लिए खेलेंगे और भारत की टी20 विश्व कप जीत के नायक रहे सैमसन चेन्नई टीम का हिस्सा होंगे।

**नए सत्र में रॉयल्स के लिए खेलने जा रहे जडेजा**

### सैमसन होंगे कोर नेतृत्व का हिस्सा

सैमसन चेन्नई के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के साथ पारी की शुरुआत करेंगे और टीम के कोर नेतृत्व का भी हिस्सा होंगे चूंकि धोनी फिटनेस कारणों से कम से कम दो सप्ताह नहीं खेल पाएंगे। धोनी की गैर मौजूदगी में 20 साल के बाएं हाथ के स्पिनर हरफनमौला प्रशांत वीर को मौका मिल सकता है, जिन्होंने घरेलू टी20 मैचों में प्रभावित किया। उनके अलावा 14 .2 करोड़ रुपए में खरीदे गए कार्तिक शर्मा भी फोकस में होंगे, जो घरेलू सर्किट में छक्के लगाने के अपने हुनर के लिए जाने जाते हैं।

**सैमसन अब चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में आएंगे नजर**







### आरआर के लिए नए दौर की शुरुआत

रॉयल्स के लिए सैमसन का जाना एक युग का अंत है और रियान पराग की कप्तानी में एक नए दौर की शुरुआत है, जो अपने घरेलू मैदान से कप्तानी की शुरुआत करेंगे। जडेजा के आने से टीम का अनुभव और संतुलन बढ़ा है। उनकी बल्लेबाजी का दारोमदार यशस्वी जायसवाल पर रहेगा। उनके साथ युवा वैभव सूर्यवंशी और फॉर्म में चल रहे शिमरोन हेटमायेर हैं। रॉयल्स के लिए चिंता का सबब उसकी गेंदबाजी है। पिछले सत्र के बाद टीम में कई बदलाव हुए हैं लेकिन जोफ्रा आर्चर की अगुवाई में तेज गेंदबाजों को निरंतरता पर काम करना होगा।

### टीमें इस प्रकार

राजस्थान रॉयल्स : रियान पराग (कप्तान ), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायेर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा । चेन्नई सुपर किंग्स : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे , आयुष म्हात्रे, मैट हेनरी, अकील हुसैन, नूर अहमद, जैमी ओवर्टन, मैथ्यू शॉर्ट, खलील अहमद, जाक फोकेस, अंशुल कम्बोज, नाथन एलिस, सरफराज खान, राहुल चाहर, कार्तिक शर्मा, उर्विल पटेल, अमन खान, रामाकृष्णा घोष, प्रशांत वीर, श्रेयस गोपाल, गुरजपनीत सिंह और मुकेश चौधरी । मैच का समय : शाम 7.30 बजे से।

**खबर संक्षेप**



### विश्व वुशू चैंपियनशिपः भारतीय खिलाड़ियों ने जीते दो पदक

**तियानजिन।** भारतीय खिलाड़ियों ने 10वीं विश्व वुशू चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक जीते जबकि चार अन्य भी अलग-अलग वर्ग में फाइनल में पहुंच गए। भारत की अनु लड़कियों के वर्ग के सेमीफाइनल में चीन की झांग लिनिंग के सामने थीं लेकिन वह कड़े मुकाबले में हार गईं, जिससे उन्हें कांस्य पदक मिला। वहीं लड़कों के सेमीफाइनल में गौतम मनकास अपने प्रतिद्वंद्वी से हार गए, जिससे उन्हें भी कांस्य पदक मिला। इसके अलावा चार भारतीय खिलाड़ियों ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। उपेंद्रो थौगम ने मिस्र के अहमद मोहम्मद को हराकर फाइनल में प्रवेश किया जबकि पामा हेइबा सिंह ने सेनेगल के अलीमौ सी को हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की।

### हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकेः विटोरी

**बेंगलुरु।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपनी टीम की गेंदबाजी को खराब बताते हुए कहा कि गेंदबाजों ने आईपीएल के पहले मैच में विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल को रन बनाने के काफी मौके दिए।



विटोरी ने कहा,'आपको गेंदबाजी से अच्छी शुरुआत की जरूरत थी, जो फिल साल्ट का विकेट लेकर की भी , लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। हमने अनुशासित गेंदबाजी नहीं की। विराट और पडिक्कल को रन बनाने के काफी मौके दिए, जिन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया।' उन्होंने कहा कि सनराइजर्स ने देखा कि आरसीबी के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने कैसे गेंदबाजी की लेकिन उनके गेंदबाज रणनीति पर अमल नहीं कर पाए।

### प्रज्ञानानंदा ने पहले दौर में अनीश गिरी को हराया

**पाफोस (साइप्रस)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार शुरुआत करते हुए रविवार को यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में नीदरलैंड के जीएम अनीश गिरी को हराया। टूर्नामेंट का पहला दिन काफी रोमांचक रहा जिसमें विश्व कप चैंपियन जावोखिर सिंदारोव ने अपने बेहतरीन दांव-पेच का इस्तेमाल करते हुए रूसी खिलाड़ी आंद्रेई एसिपेंको को मात दी जबकि टूर्नामेंट से पहले जीत के प्रबल दावेदार माने जा रहे अमेरिका के फैबियानो कारुआना अपने ही देश के हिकारू नाकामुरा पर जीत के करीब पहुंच गए थे। महिलाओं के वर्ग में भारतीय ग्रैंडमास्टर और विश्व महिला कप चैंपियन दिव्या देशमुख ने आखिरी समय में टूर्नामेंट में शामिल हुईं यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक से ड्रॉ खेला, जबकि आर वैशाली ने कुछ मुश्किल पलों का सामना करने के बाद कजाकिस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा के साथ अंक साझा किए।

**आईपीएल: इंडियंस का सबसे बड़ा रन चेज, कोलकाता को 6 विकेट से हराया**

# रोहित और रिकलटन ने मुंबई का 13 सत्र के पहले मैच में हार का सिलसिला खत्म किया

**▶▶केकेआर ने 220 रन बनाकर भी गंवाया मैच**



**▶▶तीन विकेट लेकर शार्दुल मैन आफ द मैच रहे**



एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा (78 रन) और रेयान रिकलटन (81 रन) के अर्धशतकों के साथ पहले विकेट के लिए 148 रन की साझेदारी से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को छह विकेट से हराकर टूर्नामेंट के 13 सत्र से चले आ रहे पहले मैच में हार के सिलसिले को खत्म किया। मुंबई इंडियंस हमेशा आईपीएल में धीमी शुरुआत करने वाली टीम रही है। टीम ने आईपीएल में आखिरी बार अपना पहला मैच अप्रैल 2012 में जीता था जिसमें उन्होंने चेन्नई को आठ विकेट से हराया था। टीम ने 2013 से लेकर 2020 के बीच पांच बार खिताब जीता लेकिन पहले मैच में हार का सिलसिला जारी रहा। केकेआर ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे (67) और अंगकृष रघुवंशी (51) के अर्धशतकों से 20 ओवर में चार विकेट पर 220 रन का स्कोर खड़ा किया। रोहित (43 गेंद, चार चौके और आठ छक्के) और रिकलटन (38 गेंद, छह चौके, छह छक्के) की मदद से मुंबई ने 19.1 ओवर में चार विकेट पर 224 रन बनाकर जीत हासिल की। दोनों ने केकेआर के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं जबकि पहले ही अपने कुछ गेंदबाजों के बाहर होने से उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर दिख रहा है। इन दोनों मुंबई को पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 80 रन तक पहुंचा दिया था। रोहित ने पावरप्ले की अंतिम गेंद पर दो रन लेकर महज 23 गेंद में अपना 50वां आईपीएल अर्धशतक पूरा किया जिसमें तीन चौके और पांच छक्के जड़े थे। यह आईपीएल में उनका सबसे तेज अर्धशतक है। इससे पहले उन्होंने 2015 के फाइनल में 25 गेंद में अर्धशतक बनाया था था। रिकलटन ने भी जल्द ही अपना अर्धशतक पूरा किया जिसके लिए उन्होंने 24 गेंद खेलकर दो चौके और छह छक्के जमाए।

**कोलकाता-220/4 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रहाणे का हार्दिक बो शार्दुल | 67 |
| फिन एलेन का तिलक बो शार्दुल | 37 |
| कैमरन का रदरफोर्ड बो शार्दुल | 18 |
| रघुवंशी का तिलक बो हार्दिक | 51 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 33 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 04 |

अतिरिक्त : 10
कुल : 20 ओवर में चार विकेट पर 220 रन
विकेट पतन : 1-69, 2-109, 3-145, 4-205
गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-38-0, हार्दिक 3-0-39-1, एएम 4-0-51-0, बुमराह 4-0-35-0, ठाकुर 4-0-39-3, मयंक 1-0-16-0

**मुंबई-224/4 (19.1)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रेयान रिकलटन रन आउट | 81 |
| रोहित का अनुकूल बो वैभव | 78 |
| सूर्यकुमार का रिंकू बो त्यागी | 16 |
| तिलक वर्मा का सब बो नारायण | 20 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 18 |
| नमन धीर नाबाद | 05 |

अतिरिक्त : 06
कुल : 19.1 ओवर में चार विकेट पर 224 रन
विकेट पतन : 1-148, 2-179, 3-184, 4-215
गेंदबाजीः वैभव 4-0-52-1, ब्लेसिंग 3-0-34-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-48-0, कार्तिक 4-0-43-1, नारायण 3-0-30-1, अनुकूल रॉय 1.1-0-15-0

# मैरी कॉम का नया पंच, अब प्रोफेशनल रिंग की तैयारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और छह बार की विश्व चैंपियन भारतीय मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम ने कहा कि वह पेशेवर मुक्केबाजी में उतर सकती हैं। लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बनी 43 वर्ष की मैरी कॉम ने कहा कि अमैच्योर सर्किट पर खेलने के लिए अब उनकी उम्र निकल चुकी है। उन्होंने कहा,' छह विश्व चैंपियनशिप जीतना खास रहा। अब मैं उस उम्र में हूं कि देश के लिए अमैच्योर सर्किट पर नहीं खेल सकती। पेशेवर मुक्केबाजी एक नया मौका हो सकता है।' मैरी कॉम ने कहा,' अभी इस बारे में सोच रही हूं। मैं कड़ी मेहनत करके वापसी की कोशिश में हूं ताकि लोगों को बता सकूं कि मैं क्या कर सकती हूं।' उन्होंने कहा,' मैं निजी तौर पर अपनी अकादमी से भी जुड़ी हूं। मैं मणिपुर आती जाती रहती हूं । कई बार मणिपुर के मौजूदा हालात के कारण मुश्किल हो जाती है लेकिन मैं जब नहीं जा पाती हूं तो भी फोन कॉल से अकादमी का कामकाज देखती हूं।'

## रोमांचक मुकाबले में जीती साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड को हराया

**दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम ने 3 मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 से बनाई बढ़त**

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च



साउथ अफ्रीका की महिला टीम ने हैगली ओवल में खेले गए वनडे मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। इसी के साथ मेहमान टीम ने 3 मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। अगले मुकाबले 1 और 4 अप्रैल को वेलिंगटन में खेले जाने हैं। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी न्यूजीलैंड की टीम 268 रन पर सिमट गई। इस टीम को सूजी बेट्स और जॉर्जिया प्लिम्मर की जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 9.1 ओवरों में 42 रन जोड़े। बेट्स 20 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि जॉर्जिया ने 28 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। कप्तान अमेलिया केर ने 36 रन की पारी खेली। टीम 112 के स्कोर तक अपने 4 विकेट खो चुकी थी। यहां से मैडी ग्रीन ने इजाबेला गेज के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 गेंदों में 70 रन की साझेदारी की। मैडी 83 गेंदों में 9 चौकों के साथ 85 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि गेज ने 37 रन बनाए।

**फॉर्मूला वन**

## 19 साल के एंटोनेली का कमाल जापान ग्रांप्री में लगातार दूसरी जीत




एजेंसी ▶▶| सुजुका

मर्सिडीज के 19 वर्षीय ड्राइवर किमी एंटोनेली ने जापानी ग्रांप्री में मैकलारेन के ऑस्कर पियास्त्री को पछाड़ते हुए लगातार दूसरी फॉर्मूला वन (एफ1) रेस जीत ली। इटली के एंटोनेली ने ऑस्ट्रेलिया के ड्राइवर को 13.7 सेकंड के अच्छे अंतर से पछाड़ा। फेरारी के चार्ल्स लेक्लेर्क तीसरे और मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल चौथे स्थान पर रहे। मैकलारेन के लैंडो नॉरिस पांचवें और फेरारी के लुईस हैमिल्टन छठे स्थान पर रहे। एंटोनेली ने अपने करियर की पहली एफवन रेस दो सप्ताह पहले चीन में जीती थी और वह इतिहास के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता हैं। सबसे कम उम्र के विजेता का रिकॉर्ड मैक्स वेरस्टैपेन के नाम है। उन्होंने 2016 में 18 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। एंटोनेली ने चीन में भी पोल पोजीशन (शीर्ष स्थान से रेस शुरू करने का अधिकार) से जीत दर्ज की थी। तीन रेस में एंटोनेली के 72 अंक हैं। वह अब सत्र की ड्राइवर की तालिका में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं।

- सत्र की तालिका में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने किमी

### शुरुआत को बेहतर करने पर देना होगा ध्यान

एंटोनेली ने कहा, ' चैंपियनशिप के बारे में सोचना अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन हम अच्छी स्थिति में हैं।' उन्होंने कहा कि इस जीत के बावजूद उन्हें अपनी शुरुआत को बेहतर करने पर ध्यान देना होगा। इस युवा ड्राइवर ने कहा, 'मेरी शुरुआत खराब रही, मुझे बस यह देखना होगा कि क्या गलत हुआ। मुझे इसमें सुधार करना होगा क्योंकि इससे रेस में जीत या हार का बहुत बड़ा फर्क पड़ता है।'

## फिट्जपैट्रिक ने जीता हीरो इंडियन ओपन का खिताब

एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम



एलेक्स फिट्जपैट्रिक ने वापसी करते हुए चार शॉट की बढ़त से हीरो इंडियन ओपन खिताब अपने नाम किया, जो उनका पहला डीपी वर्ल्ड टूर खिताब है। उन्होंने जब आखिरी दिन की शुरुआत की तो वह शीर्ष पर चल रहे और गत चैंपियन यूजेनियो चाकारा से चार शॉट पीछे थे। लेकिन 18वें होल तक वह चार शॉट की बढ़त बनाए थे। फिट्जपैट्रिक ने आखिरी होल में डबल बोगी की, लेकिन तब तक वह ट्रॉफी जीतने के लिए दो शॉट की बढ़त बना चुके थे। इंग्लैंड के फिट्जपैट्रिक और चाकारा के बीच लंबे समय से प्रतिद्वंद्विता चली आ रही है, जो उनके एमेच्योर दिनों से शुरू हुई थी। एक साल पहले चाकारा ने हीरो इंडियन ओपन 2025 खिताब जीता था और तब फिट्जपैट्रिक संयुक्त 17वें स्थान पर थे। हीरो मोटोकोर्प के कार्यकारी निदेशक डॉ पवन मुंजाल ने फिट्जपैट्रिक को ट्रॉफी और 433,500 डॉलर का चेक प्रदान किया। उन्होंने 585 अंक भी हासिल किए और रेस टू दुबई रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए।

## सबालेंका ने जीता मियामी ओपन का खिताब सनशाइन डबल पूरा करने वाली बनीं खिलाड़ी

- फाइनल में दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को हराया

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स



मियामी ओपन का खिताब आर्यना सबालेंका ने अपने नाम कर लिया है। उन्होंने फाइनल मुकाबले में दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को 6-2, 4-6, 6-3 से हराया। इगा स्वियाटेक के बाद सबालेंका सनशाइन डबल पूरा करने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। आर्यना का ये लगातार दूसरा मियामी ओपन खिताब है। इससे पहले ऐश बार्टी और सेरेना विलियम्स ही लगातार ये टूर्नामेंट जीत पाई थीं। इस तरह सबालेंका ने दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपनी जगह बना ली है। आर्यना सबालेंका एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी में सनशाइन डबल जीतने वाली पांचवीं महिला खिलाड़ी बन गई हैं। सबालेंका से पहले स्टेफी ग्राफ, किम क्लिस्टर्स, विक्टोरिया अजारेंका और इगा स्वियाटेक ये कारनामा कर चुकी हैं। सबालेंका 2000 के बाद से चौथी खिलाड़ी हैं, जो साल के अपने पहले चार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची। उनसे पहले मार्टिना हिंगिस-2001, सेरेना विलियम्स-2003 और विक्टोरिया अजारेंका-2012 के फाइनल में पहुंची हैं।

### ये खिताब खासः सबालेंका

खिताब जीतने के बाद सबालेंका ने कहा कि, ये खिताब काफी खास है। मेरा लक्ष्य हमेशा इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना रहा है और मैंने बस वही किया। ये सुनने में बहुत अजीब लगता है। मुझे नहीं पता कि मैं ये कैसे कर पाई, लेकिन अभी मुझे बहुत गर्व है। बेशक, इस खूबसूरत ट्रॉफी से बहुत खुश हूं। सबालेंका ने कहा मैं तीसरे सेट में सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने की कोशिश कर रही थी। मुझे बहुत खुशी है कि मैंने अपनी भावनाओं को अच्छी तरह से संभाला और शुरुआत से लेकर अंत तक अपना ध्यान केंद्रित रखा।

**राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका**

# एशियाई चैंपियनशिप: मजबूत शुरुआत पर भारत की नजरें

एजेंसी ▶▶| उलानबटोर (मंगोलिया)

भारतीय मुक्केबाज सोमवार से शुरू हो रही एशियाई चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करके आगामी व्यस्त सत्र में हर मौके का पूरा फायदा उठाकर साल के आखिर में होने वाले बहु खेल टूर्नामेंटों के लिए सीधे कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। इस टूर्नामेंट के जरिए नए व्यस्त सत्र की शुरुआत होगी, जिसमें जुलाई-अगस्त में ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेल, सितंबर-अक्टूबर में जापान में एशियाई खेल और उजबेकिस्तान में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स होने हैं। इस चैंपियनशिप के जरिए मुक्केबाजों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। भारतीय टीम पिछले 15 दिन से मंगोलिया में है और मंगोलिया, चीन, जोर्डन, थाईलैंड के मुक्केबाजों के साथ अभ्यास कर रही है।



### भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी लवलीना

महिला वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुवाई ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किलो ), दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51 किलो ) , मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा (48 किलो ) और जैसमीन लंबोरिया (57 किलो ) करेंगी। लवलीना ने फरवरी में स्पेन में बॉक्सेम इंटरनेशनल जीता था। वहीं निकहत, मीनाक्षी और जैसमीन नवंबर के बाद पहला टूर्नामेंट खेलेंगी।

### भारतीय कोचिंग ढांचे में बदलाव

भारतीय पुरुष टीम पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में मिली नाकामी का गम दूर करना चाहेगी, जहां 12 साल में पहली बार एक भी भारतीय पुरुष मुक्केबाज पदक नहीं जीत सका था। भारत के कोचिंग ढांचे में भी बदलाव हुआ है और तीसरी बार सीए कुटप्पा मुख्य कोच के रूप में लौटे हैं। भारतीय पुरुष टीम की उम्मीदों का दारोमदार विश्व कप पदक विजेता जादूमणि सिंह (55 किलो) और सचिन सिवाच (60 किलो ) पर रहेगा।

### भारतीय टीम

महिला : मीनाक्षी (48 किलो), निकहत जरीन (51 किलो ), प्रीति पवार (54 किलो ), जैसमीन लंबोरिया (57 किलो), प्रिया (60 किलो), अंकुशिता बोरो (65 किलो), अरुंधति चौधरी (70 किलो), लवलीना बोरगोहेन (75 किलो), पूजा रानी (80 किलो ), अल्फिया तरन्नुम (80 प्लस किलो )। पुरुष : विश्वनाथ सुरेश (50 किलो), जादूमणि सिंह (55 किलो ), सचिन (60 किलो), आदित्य प्रताप यादव (65 किलो), दीपक (70 किलो), आकाश (75 किलो), अंकुश (80 किलो), लोकेश (85 किलो), हर्ष चौधरी (90 किलो), नरेंदर बेरवाल (90 प्लस किलो )।

यूएस मीडिया रिपोर्ट का खुलासा- 3500 मरीन मिडिल ईस्ट में धावा बोलेंगे

# अमेरिका कर रहा बड़े जमीनी हमले की तैयारी, उधर ईरान ने कहा हमारे सैनिक इंतजार में हैं, जलाकर राख कर देंगे

स्पेशल फोर्स और इंफ्रेंट्री के जवान होंगे ऑपरेशन में शामिल

*अमेरिका और ईरान के बीच जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। पाकिस्तान में हुई बैठक भी कोई समाधान नहीं निकल पाई। कुल मिलाकर शांति की जगह ये जंग और भयंकर रूप ले रही है। अमेरिका जहां सैकड़ों मरीन, सैनिक और पोत भेजने की तैयारी कर रहा है वहीं ईरान की इसकी खबर लगते ही उसने साफ शब्दों में कह दिया कि आइए हमारे सैनिका उनका स्वागत करके नर्क भेजेंगे और जलाकर राख कर देंगे?*



मार्को रूबियो

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/तेहरान

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग को लेकर यूएस की मीडिया ने बड़ा खुलासा किया है। यूएस मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि हजारों की संख्या में अमेरिकी सैनिक मिडिल ईस्ट पहुंच रहे हैं। यह युद्ध का एक नया और खतरनाक दौर बन सकता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पेंटागन (अमेरिकी रक्षा विभाग) ईरान में जमीनी हमले की तैयारी कर रहा है। यूएस अधिकारियों के हवाले दावा किया है कि कोई भी संभावित जमीनी ऑपरेशन पूरी तरह से हमला नहीं होगा। इसके बजाय, इसमें स्पेशल ऑपरेशन फोर्स और इंफ्रेंट्री के जवान शामिल होंगे। ऐसे मिशन में यूएस सैनिकों को कई तरह के खतरों का सामना करना पड़ सकता है। इसमें ईरानी ड्रोन और मिसाइलें, आमने-सामने की जंग और आईईडी का हमला शामिल हैं। वहीं ट्रंप लगातार दोहरी बात कर रहे हैं।

कभी वह कहते हैं कि युद्ध अब खत्म होने वाला है, तो कभी वह इसे और बढ़ाने की धमकी देते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि अमेरिका बिना जमीनी सैनिकों के भी अपने सभी लक्ष्य हासिल कर सकता है, लेकिन रिपोर्ट में बताया कि इसके लिए काफी पहले से ही योजना बनाई जा रही है। एक अधिकारी ने कहा कि यह कोई आखिरी समय में की गई योजना नहीं है।विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी अम्फीबियस फोर्स समुद्र-आधारित हमलों और जमीनी अभियानों दोनों के लिए सक्षम है। पेंटागन ने पहले 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के पैराट्रूपर्स को भी मध्य पूर्व भेजने का आदेश दिया था, जो क्षेत्र में तनाव बढ़ने का संकेत है। विश्लेषकों के अनुसार, ट्रंप प्रशासन ईरान की तेल सुविधाओं और मिसाइल क्षमता को लक्ष्य बनाकर क्षेत्रीय सुरक्षा और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करना चाहता है। हालांकि, जमीनी अभियान से अमेरिकी सैनिकों को काफी जोखिम हो सकता है और युद्ध लंबा खिंचने की आशंका बनी हुई है।

## ईरान का दावा 10 से ज्यादा घायल हुए अमेरिकी सैनिक




मलबे में बदल गया अमेरिकी विमान


**हमले में बर्बाद हुआ 6600 करोड़ का एयरक्राफ्ट**

### ईरानी मिसाइल ने तोड़ी यूएस एयरफोर्स की बैकबोन!

*सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमले ने अमेरिका की सैन्य क्षमताओं को बड़ा झटका दिया है। 27 मार्च को हुए इस हमले में अमेरिकी वायुसेना का बेहद अहम ई-3 सेंचुरी अवेकस विमान क्षतिग्रस्त हो गया, साथ ही हवा में ईंधन भरने वाले कई टैंकर विमान भी इस हमले की चपेट में आए। ईरान के दावे के मुताबिक उसके इस हमले में 10 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक भी घायल हुए हैं। जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।*

## अमेरिकी सैनिकों को नर्क में भेजकर दम लेंगे हमारे सैनिकः ईरान

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच महीनेभर से मिडिल ईस्ट में जंग छिड़ी हुई है। दोनों देशों ने मिलकर ईरान पर कई हमले किए हैं, जिस पर तेहरान ने जवाबी कार्रवाई करके पलटवार किया है। अब अमेरिका ईरान में जमीनी सैनिकों को उतारने की तैयारी कर रहा है। उसने मिडिल ईस्ट में हजारों अमेरिकी सैनिकों को भेज भी दिया है। अटकलें लग रही हैं कि अमेरिकी सैनिक ईरान के लिए सबसे महत्वपूर्ण खर्ग द्वीप पर कब्जा जमाने के लिए जाएंगे। इस बीच, ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकिर कालिबफ ने रविवार को चेतावनी देते हुए कहा हैकि अगर ईरान की सेनाएं जमीन पर अमेरिकी सैनिकों के आने का इंतजार कर रही हैं, ताकि उन्हें जलाकर राख कर सकें और उनके क्षेत्रीय सहयोगियों को हमेशा के लिए सजा दे सकें। उन्होंने कहा कि हमारी गोलाबारी जारी है। हमारी मिसाइलें अपनी जगह पर तैनात हैं। हमारा संकल्प और विश्वास और बढ़ गया है। ईरान के आधिकारिक मीडिया के अनुसार, उन्होंने अमेरिका को जमीनी हमले के खिलाफ चेतावनी दी, और धमकी दी कि अगर अमेरिकी सेना ईरानी जमीन पर उतरी, तो इस क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैनिकों और उनके सहयोगियों के खिलाफ कड़ा जवाबी हमला किया जाएगा। उन्होंने अमेरिका की 15 सूत्रीय योजना को, जिसे पाकिस्तान ने पिछले हफ्ते ईरान को सौंपा था उनकी इच्छाएं बताया, और कहा कि ट्रंप प्रशासन इस योजना के ज़रिए वह हासिल करने की कोशिश कर रहा है, जिसे वह ताकत के बल पर हासिल करने में नाकाम रहा है। उन्होंने कहा, जब तक अमेरिकी ईरान को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर करने की कोशिश करते रहेंगे, हमारा जवाब साफ है। हम अपमान स्वीकार करने से कोसों दूर हैं। अमेरिकी मीडिया ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि पेंटागन ईरान में हफ्तों तक चलने वाले सीमित जमीनी अभियानों की तैयारी कर रहा है। इन अभियानों में संभवतः खर्ग द्वीप और होर्मुज जलडमरूमध्य के पास स्थित तटीय ठिकानों पर छापे मारना भी शामिल हो सकता है। अपनी रिपोर्ट में बताया कि ये योजनाएं, जो पूर्ण-स्तरीय आक्रमण से कम हैं, विशेष अभियानों और पारंपरिक पैदल सेना के सैनिकों द्वारा की जाने वाली छापेमारी को शामिल कर सकती हैं। इससे अमेरिकी सैनिकों को ईरानी ड्रोन और मिसाइलों, जमीनी गोलाबारी और तात्कालिक विस्फोटक उपकरणों के खतरे का सामना करना पड़ सकता है।



ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकिर

### 3500 मरीन पहुंच गए मध्य पूर्व क्षेत्र में

*इस बीच, यूएस सेंट्रल कमांड ने घोषणा की कि लगभग 3,500 मरीनों की एक टास्क फोर्स मध्य पूर्व पहुंच गई है। सेंटकॉम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि यूएस सैलर्स और मरीन्स यूएसएस ट्रिपोली (एलएचए 7) पर सवार होकर 27 मार्च को यूएस सेंट्रल कमांड क्षेत्र में पहुंचे।*

### सीधी भिड़ंत से दुनिया में मची खलबली

*अमेरिका-क्लास एम्फीबियस असेल्ट शिप ट्रिपोली ट्रिपोली एम्फीबियस रेडी ग्रुप/ 31वीं मरीन एक्सपीडिशनरी यूनिट (एमईयू) का फ्लैगशिप है। इसमें परिवहन और स्ट्राइक फाइटर एयरक्राफ्ट, एम्फीबियस असेल्ट और टैक्टिकल एसेट्स शामिल हैं। यह यूनिट तेजी से तैनाती, सामरिक स्थानों को सुरक्षित करने, निकासी या तटीय लक्ष्यों पर हमलों के लिए जानी जाती है। यह तैनाती ईरान के साथ चल रहे युद्ध से जुड़ी व्यापक अमेरिकी सैन्य बढ़ोतरी का हिस्सा है।*

**दोनों की तस्वीरें जारी कर कहा लो इन्हें पहचान लीजिए**

## ईरान ने स्कूल पर हमले के लिए यूएस के अधिकारियों को ठहराया जिम्मेदार



कमां. लीआर टेट,जेफरी ईयार्क

तेहरान वैसे तो इतिहास की किताबों में विवादों के न जाने कितने काले पन्ने दर्ज हैं, लेकिन पिछले दिनों ईरान के मीनाब शहर ने जो मंजर देखा, उसने इंसानियत को हमेशा-हमेशा के लिए शर्मसार कर दिया है। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ईरानी शहर मीनाब के 'शजरे तैयबा' गर्ल्स स्कूल पर एक नहीं, दो नहीं, बल्कि लगातार तीन टॉमहॉक मिसाइलें दागी गईं। इस भीषण हमले में 168 मासूम स्कूली बच्चियों के चीथड़े उड़ गए। पूरा स्कूल परिसर देखते ही देखते मलबे में तब्दील हो गया। इस हमले की सबसे भयावह बात यह है कि इसमें 'ट्रिपल टैप' का इस्तेमाल किया गया। आंकड़ों से साफ हुआ है कि पहली मिसाइल गिरने के बाद जब चीख-पुकार मची और स्थानीय लोग व बचाव दल मलबे से बच्चों को निकालने के लिए दौड़े, ठीक उसी वक्त दूसरी और फिर तीसरी मिसाइल दागी गई।

### ईरान बोला- होर्मुज के पास हमारा दबदबा बढ़ा

ईरान ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट के आसपास उसका दबदबा बढ़ गया है और अमेरिकी जहाजों को पीछे हटना पड़ा है। ईरानी नौसेना के एक कमांडर ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसके जहाज उनकी रेंज में आए तो उन्हें तटीय मिसाइलों से निशाना बनाया जाएगा।

### यूएई ने ईरान के 42 ड्रोन और 16 मिसाइलें मार गिराईं

यूएई ने कहा है कि उसने ईरान से दागे गए 42 ड्रोन और 16 बैलिस्टिक मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर नष्ट कर दिया। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान अब तक यूएई पर 414 बैलिस्टिक मिसाइल, 15 क्रूज मिसाइल और 1,900 से ज्यादा ड्रोन दाग चुका है।




अब खात्मे के कगार पर पहुंचा नक्सलवाद

# दस साल में 10 हजार से ज्यादा माओवादियों का आत्मसमर्पण, अर्बन नक्सल पर भी नकेल

सुरक्षा बलों की सख्ती और सरकार की पुनर्वास व विकास योजनाओं के चलते हिंसा में भारी गिरावट आई

*माओवादियों को मुख्यधारा में लौटने के लिए गंभीरता से प्रेरित किया गया*




**हर साल सैकड़ों नक्सली कर रहे आत्मसमर्पण**

एआई इमेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में नक्सलवाद अब अपने अंत की ओर है। पिछले 10 साल में 10,000 से ज्यादा माओवादियों ने हथियार डाल दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों के दबाव और सरकार की पुनर्वास नीतियों ने इस उग्रवाद को करारा झटका दिया है। केंद्र सरकार ने देश से नक्सलवाद खत्म करने के लिए 31 मार्च की समयसीमा तय की थी। आंकड़ों के अनुसार, साल 2025 में 2,300 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। वहीं, 2026 के पहले तीन महीनों में ही 630 से ज्यादा कैडरों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया। सरकार ने अब पुरानी और बिखरी हुई नीतियों की जगह एक मजबूत और एकजुट रणनीति अपनाई है। लाल गलियारे (बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश) में ठेकेदार काम करने से डरते थे। अब केंद्र सरकार ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) को मुख्य इलाकों में सड़कें बनाने का काम दिया। विद्रोह के इन गढ़ों में पांच मुख्य सड़कों और छह ज़रूरी पुलों का निर्माण शामिल था। माओवादी से प्रभावित इलाकों में 15,000 किलोमीटर से ज्यादा सड़कें बनाई गई हैं, जिनमें से 12,250 किलोमीटर सड़कें अकेले पिछले 10 वर्षों में पूरी की गई हैं।

### सुरक्षा के मोर्चे पर बड़े बदलाव

सुरक्षा के मोर्चे पर भी बड़े बदलाव हुए हैं। साल 2014 में केवल 66 मजबूत पुलिस स्टेशन थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 586 हो गई है। पिछले 6 साल में 361 नए सुरक्षा कैंप बने हैं। ऑपरेशन की ताकत बढ़ाने के लिए 68 नाइट-लैंडिंग हेलीपैड भी बनाए गए हैं। इसका असर यह हुआ कि नक्सली घटनाओं वाले पुलिस स्टेशनों की संख्या 330 से घटकर सिर्फ 52 रह गई है। छत्तीसगढ़ में पहली बार माओवादी आंदोलन बिना किसी बड़े नेता के रह गया है।

### आम लोगों तक पहुंच रहीं योजनाएं

इसका असर है कि सरकार की योजनाओं का लाभ अब आम लोगों तक पहुंच रहा है। पीएम-आवास योजना के तहत घरों की संख्या 92,847 से बढ़कर 2.54 लाख से ज्यादा हो गई है। आधार नामांकन और आयुष्मान कार्डों की संख्या में भी भारी बढ़ोतरी हुई है। शिक्षा के लिए 250 एकलव्य स्कूल मंजूर हुए हैं, जिनमें से 179 चल रहे हैं। इनके अलावा, 11 केंद्रीय विद्यालय और 6 नवोदय विद्यालय भी संचालित हो रहे हैं। युवाओं को रोजगार देने के लिए 48 जिलों में आईटीआई और कौशल विकास केंद्र बनाए गए हैं। इससे नक्सलियों की नई भर्ती रुकी है। संचार के लिए 9,000 मोबाइल टावर लगाए गए हैं।

### मदद, ट्रेनिंग व रहने को घर

*नक्सलियों की फंडिंग रोकने के लिए एनआईए और ईडी ने करोड़ों रुपए की संपत्ति जब्त की है। इससे शहरी नक्सलियों और उनके सूचना तंत्र को गहरा नुकसान पहुंचा है। सरकार की नई पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वालों को आर्थिक मदद, ट्रेनिंग और घर भी दिया जा रहा है।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109